वर्ष 73 ▸ अंक 197 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 16 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2083
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

मरने के लिए स्वयंसेवक बनने वाले लोग ढूंढना आसान है, लेकिन धैर्य के साथ पीड़ा सहने को तैयार लोग मिलना मुश्किल है।
- **जूलियस सीजर**






# मप्र बोर्ड के 10वीं-12वीं और सीबीएसई के 10वीं सेशन-1 का रिजल्ट घोषित

## एमपी बोर्ड: पन्ना की प्रतिभा टॉपर ग्रामीण छात्रों का शानदार प्रदर्शन


मुरैना के पोरसा की श्रुति तोमर ने आर्ट्स में पहला स्थान हासिल किया।

**भोपाल, जेएनएन।** मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपी बोर्ड) ने कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस साल के नतीजों में ग्रामीण पृष्ठभूमि और साधारण परिवारों से आने वाले छात्रों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। 10वीं बोर्ड परीक्षा में पन्ना जिले की प्रतिभा सोलंकी ने 500 में से 499 अंक हासिल कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इस वर्ष कुल 73.42 फीसदी छात्र पास हुए हैं। प्रदेश के रीवा, ग्वालियर, भोपाल, इंदौर, सागर, भिंड, मुरैना, शाजापुर, सीधी, खंडवा, मंदसौर, उज्जैन और छतरपुर समेत कई जिलों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों से सामने आए 10वीं बोर्ड के परिणामों में इस बार ग्रामीण और सामान्य परिवारों के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने 95 से अधिक अंक हासिल किए, जबकि कई छात्र 98 फीसदी से ऊपर अंक लाकर टॉपर्स की सूची में शामिल हुए। खास बात यह रही कि किसान, मजदूर, ड्राइवर, दुकानदार और छोटे व्यवसायियों के बच्चों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया। गांवों के छात्रों ने खेत और घरेलू जिम्मेदारियों के बीच पढ़ाई कर यह साबित किया कि सीमित संसाधन सफलता में बाधा नहीं बनते। कई छात्रों ने 95 फीसदी से अधिक अंक हासिल किए, जबकि कुछ ने 98 फीसदी से ज्यादा अंक लाकर टॉपर्स की सूची में जगह बनाई है। गांवों से आने वाले छात्रों का प्रदर्शन खास रहा।

### 12वीं में 76% रिजल्ट, 16 साल में सर्वश्रेष्ठ परिणाम

12वीं बोर्ड परीक्षा में इस वर्ष 76 फीसदी छात्र सफल हुए हैं, जो पिछले 16 वर्षों में सबसे बेहतर परिणाम माना जा रहा है। साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स और एग्रीकल्चर सभी संकायों में अच्छे नतीजे सामने आए हैं। कला संकाय में मुरैना की श्रुति तोमर और छतरपुर के आकाश अहिरवार ने 489 लाकर प्रथम स्थान हासिल किया है। इसी तरह विज्ञान-गणित संकाय में सीहोर के श्लोक प्रजापति ने 493, वाणिज्य में भोपाल की चांदनी विश्वकर्मा और खुशी राय ने 494 अंक, कृषि संकाय में शिवपुरी के तुलसी राजावत ओर चंचल कुशवाह ने 493, ललित कला एवं गृह विज्ञान में छतरपुर की शाहिस्ता कुरैशी ने 485 और जीव विज्ञान में इंदौर की तन्वी कुमावत ने 492 अंक लाकर अव्वल स्थान हासिल किया है।

## सीबीएसई: लड़कियां फिर आगे 93.70 प्रतिशत रहा परिणाम

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा 10वीं के सेशन-1 परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए हैं। इस वर्ष कुल 93.70 फीसदी छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। परिणामों में एक बार फिर लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। लड़कियों का पास प्रतिशत 94.99 फीसदी रहा, जबकि लड़कों का 92.95 फीसदी दर्ज किया गया। ट्रांसजेंडर छात्रों ने भी 91.30 फीसदी परिणाम के साथ सराहनीय प्रदर्शन किया है।

**त्रिवेंद्रम रीजन शीर्ष पर:** क्षेत्रीय स्तर पर त्रिवेंद्रम रीजन 99.75 फीसदी उत्तीर्ण प्रतिशत के साथ देश में शीर्ष पर रहा। इस वर्ष करीब 25 लाख छात्र-छात्राओं ने 10वीं सेशन-1 की परीक्षा दी थी।

**मेरिट लिस्ट नहीं होगी जारी:** सीबीएसई की नीति के अनुसार इस बार भी मेरिट लिस्ट जारी नहीं की जाएगी और न ही किसी छात्र को टॉपर घोषित किया जाएगा। बोर्ड ने स्कूलों को भी निर्देश दिया है कि वे अपने स्तर पर टॉपर घोषित करने से बचें, ताकि छात्रों पर अनावश्यक दबाव न पड़े।

**नए टू-बोर्ड सिस्टम के तहत परीक्षा:** इस साल से सीबीएसई ने 10वीं के लिए दो बोर्ड परीक्षा प्रणाली लागू की है।

## डीपीएस की सान्वी भोपाल जोन में टॉपर



**जागरण, भोपाल।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 10वीं सेशन-1 परीक्षा में राजधानी के दिल्ली पब्लिक स्कूल भोपाल के छात्रों ने इस बार भी शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। स्कूल की छात्रा सान्वी झा ने 99.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं अदिति मट्टा और लामिया अब्बास आगा ने 99.4 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। अदिति बरटरिया 99.2 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस वर्ष छात्रों का औसत परिणाम 87.24 प्रतिशत दर्ज किया गया। कुल 308 छात्रों में से 75 छात्रों (24 प्रतिशत) ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 148 छात्र (47 प्रतिशत) 90 प्रतिशत से ऊपर रहे। वहीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्रों की संख्या 80 प्रतिशत रही और 92प्रतिशत छात्रों ने 60 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। विभिन्न विषयों में कुल 76 छात्रों ने 100 में से 100 अंक हासिल किए।

**कोलार रोड शाखा का भी शानदार प्रदर्शन:** डीपीएस कोलार रोड शाखा के छात्रों ने भी उत्कृष्ट परिणाम दिए। यहां शौर्य जायसवाल और आहाना जियानी ने 99.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया।

### सेशन-2 परीक्षा का महत्व

सेशन-2 परीक्षा उन छात्रों के लिए है जो अपने अंकों में सुधार करना चाहते हैं। छात्र अधिकतम तीन विषयों में सुधार परीक्षा दे सकते हैं। वहीं दो विषयों में फेल छात्र कंपार्टमेंट श्रेणी में रखे जाएंगे और उन्हें दूसरा मौका मिलेगा। तीन या उससे अधिक विषयों में असफल छात्रों को 2027 में दोबारा मुख्य परीक्षा देनी होगी।

**पास होने के लिए जरूरी मानदंड:** परीक्षा में पास होने के लिए छात्रों को थ्योरी और इंटरनल असेसमेंट दोनों में न्यूनतम 33 फीसदी अंक लाना अनिवार्य है। यह परीक्षा देशभर के 8,000 से अधिक केंद्रों पर आयोजित की गई थी।

## नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में शामिल हुए सीएम, बोले- महिलाओं को सशक्त बनाने को लिये जा रहे कई निर्णय


सीएम ने रविंद्र भवन में 'नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम - प्रबुद्ध जन सम्मेलन' में 10वीं और 12वीं बोर्ड की टॉपर बालिकाओं को सम्मानित किया।

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि देश और मध्यप्रदेश में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार महत्वपूर्ण फैसले लिए जा रहे हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के जरिए महिलाओं को आगे बढ़ाने से ही देश और प्रदेश मजबूत होगा। उन्होंने कहा कि जब भी शासन के सूत्र बहनों के हाथ में आते है, तो कार्य तेजी और बेहतर तरीके से होते हैं। मुख्यमंत्री बुधवार को रविन्द्र भवन में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की खूबी यही है कि वे असंभव कार्यों को संभव बना देते है। उन्होंने शाहबानो प्रकरण में 40 साल पहले जो गलती लोकसभा में हुई थी, उसे सुधारकर मुस्लिम बहनों को तीन तलाक के दंश से मुक्ति दिलाने का ऐतिहासिक काम किया। डॉ. यादव ने कहा कि भाजपा ने हमेशा से ही महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में काम किया। उन्होंने राजमाता विजयाराजे सिंधिया का स्मरण करते हुए कहा कि जिस प्रकार झांसी की रानी ने तलवार उठाकर अंग्रेजों की सत्ता को चुनौती दी थी, ठीक उसी प्रकार राजमाता सिंधिया ने कांग्रेस शासन के दौरान हुए अन्याय और बस्तर के राजा के साथ हुए अपराध के विरोध में राजसी सुखों का त्याग कर जनबल के माध्यम से सत्ता को हिला दिया था। राजमाता ने कभी भी पद का मोह नहीं किया और केवल जनता के हक की लड़ाई लड़ती रही।




# अकेडमिक हाइट्स स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम



**जागरण, सतना।** शहर में संचालित अकेडमिक हाइट्स स्कूल के कक्षा 10 के छात्रो ने परचम लहराया है। सीबीएसई द्वारा कक्षा 10वीं के घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में विद्यालय में अध्यनरत छात्रा भाव्या लद्धा ने सर्वाधिक 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर परचम लहराया है वहीं आदित्य गौतम ने 96.2 , अक्षत सिंह 96, आरूस कुशवाहा 95.4 , मयंक गंगवानी 95 , अर्थव सुहाने 94.4, सुखमनी ओबेराय 94 , सम्राट तिवारी 93.2, हर्षित अग्निहोत्री 91 , अंशिका अग्रवाल 91 , वैभवी सोनी 90.8 , स्नेहा तिवारी 90.2 , देव्यांश सिंह 89.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर परचम लहराया है।

## स्वेक्षा ने 94 प्रतिशत अंक अर्जित कर किया नाम रोशन



**रामपुर बघेलान।** कक्षा दसवीं में अव्वल परिणाम लाने वाली छात्रा स्वेक्षा पटेल ने 500 में 470 अंक अर्जित कर 94 प्रतिशत परिणाम लाने वाली छात्रा को जनपद सदस्य नंदकिशोर सिंह पटेल नंदू एवम विश्व हिंदू महासभा भारत की रामपुर बाघेलान ब्लॉक अध्यक्ष मधू सिंह ने उनका मुँह मीठा करा कर बधाई दी है।जिसने अपने स्कूल गांव एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है।स्वेक्षा पटेल शिशु शिक्षा सदन हायर सेकंडरी स्कूल की छात्रा है तथा पिता राम लखन पटेल एवं माता रेखा पटेल की सुपुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## अजितेश ने किया क्षेत्र का नाम रोशन



**सतना।** रामनगर निवासी जिला प्रवक्ता दवा विक्रेता संघ मैहर के होनहार सुपुत्र अजितेश मिश्रा ने एमपी बोर्ड अंतर्गत कक्षा 10 वी परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांच सौ में से 476 अंक 95.2 प्राप्त कर परीक्षा परिणाम में सभी विषयों में डिस्टेंशन मार्क प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करते हुए अमरपाटन स्थित द शेप इंटरनेशनल विद्यालय एवं नगर क्षेत्र का नाम रोशन किया हैएअजितेश की इस सफलता पर जंहा उनके पालक एअभिभावक प्रसन्न है ।

# फायर अधिकारी ने पन्नी लाल चौक में किया मॉक ड्रिल

**जागरण, सतना**




राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर नगर पालिक निगम सतना द्वारा पीएचई फायर स्टेशन एवं पन्नीलाल चौक में फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अग्निकांडों में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर अग्निशमन कर्मियों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके अदम्य साहस समर्पण और सेवा भावना को नमन किया गया। इस वर्ष शासन द्वारा केरल फायर एंड रेस्क्यू सर्विस के सोनी एस कुमार तथा उत्तराखंड फायर एंड इमरजेंसी सर्विस के डूंगर सिंह को शहीद का दर्जा प्रदान किया गया है। यह सम्मान उनके उत्कृष्ट साहस कर्तव्यनिष्ठा एवं राष्ट्रसेवा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। मॉक ड्रिल के दौरान आम नागरिकों को घरेलू एवं दैनिक जीवन में अग्नि दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय बताए गए। विशेष रूप से गैस सिलेंडर में अचानक आग लगने की स्थिति में उसे सुरक्षित तरीके से नियंत्रित एवं बुझाने का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। साथ ही नागरिकों को फायर एक्सटिंग्विशर के सही उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी अग्निशमन उपकरणों एवं फायर उपस्करों की विस्तृत जांच की गईए ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। स्पीकर ने नागरिकों से अपील की कि वे अग्नि सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक रहें और किसी भी आपात स्थिति में घबराने के बजाय सतर्कता एवं सही जानकारी के साथ कार्य करें।राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस हमें उन वीर जवानों के बलिदान की याद दिलाता हैए जिन्होंने दूसरों की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनका योगदान सदैव प्रेरणास्रोत बना रहेगा। इस अवसर पर स्पीकर राजेश चतुर्वेदी आयुक्त शेर सिंह मीना कार्यपालन यंत्री मुकेश चतुर्वेदी फायर अधिकारी सुलभ पाठक के साथ फायर शाखा की पूरी टीम तथा निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुजाला पटेल ने 12वीं कक्षा में हासिल किया प्रदेश में आठवां स्थान



**जागरण, मैहर।** बाल भारती पब्लिक स्कूल की छात्रा सुजाला पटेल पिता रवेन्द्र पटेल ने मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा 12वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे मध्य प्रदेश में 8वीं रैंक हासिल की है। स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने इस उपलब्धि पर सुजला पटेल को हार्दिक बधाई दी है। सुजाला की इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल स्कूल का नाम रोशन किया है, बल्कि अमरपाटन शिक्षा जगत में भी एक नई मिसाल पेश की है। अपनी मेहनत, लगन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के बल पर सुजला पटेल ने यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने बताया कि निरंतर अध्ययन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और परिवार के सहयोग से ही यह सफलता संभव हो पाई। बाल भारती पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष अशोक सिंह ने सुजाला की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, सुजला की यह सफलता पूरे स्कूल के लिए गौरव की बात है। हमारी छात्रा ने साबित कर दिया कि सही दिशा, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। सुजाला पटेल भविष्य में मेडिकल की उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने की इच्छा रखती हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल परिवार ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# महिला मोर्चा एवं भाजपा पदाधिकारियो ने सांसद गणेश सिंह को तिलक लगाकर दिल्ली रवाना किया



**जागरण, सतना।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर बुलाये गये विशेष सत्र मे भाग लेने के लिए रवाना हुए सतना सांसद गणेश सिंह का महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने तिलक लगाकर शुभकामनाये देते हुए कहा कि विशेष सत्र मे सतना सांसद अपनी प्रभावी उपस्थित दर्ज कराकर महिला सशक्तिकरण के इस बिल मे सहभागी बने। इससे पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय ने अपने पदाधिकारियों के साथ संसदीय कार्यालय पहुचकर सतना सांसद गणेश सिंह को दिल्ली रवाना होने के पूर्व शुभकामनाये दी। सांसद गणेश सिंह ने नारी शक्ति वंदन अधिनियिम के सम्बन्ध मे कहा यह केवल एक कानून नही बल्कि सदियो से प्रतिक्षित उस सामाजिक न्याय की प्रतिज्ञा है जिसे देश के प्रधानमंत्री ने जमीनी आकार दिया है। उन्होने कहा कि यह बिल सामाजिक न्याय एवं महिला सशक्तिकरण का मजबूत संकल्प है जिसके तहत लोकसभा और विधानसभाओ मे महिलाओ को 33 फीसदी आरक्षण का संवैधानिक अधिकार मिलेगा। इस दौरान ममता पाण्डेय, ऋषभ सिंह, मुरारी सोनी, गीतेश्वर सिंह, जयप्रताप गुप्ता, अतुल शुक्ला, चन्द्रभन कुशवाहा, सुनील सेनानी,महेन्द्र तिवारी, सीमा सिंह यादव, मनीषा सिंह,नीता सोनी, वर्षा त्रिपाठी, प्रभा पाण्डेय, रत्ना चतुर्वेदी, पूजा गुप्ता, वर्षा सिंह, अर्चना पटेल, आशा शुक्ला, शिवा द्विवेदी, आयूषी तिवारी, चन्द्रप्रभा गौतम, साधना सिंह, पूनम यादव, शालिनी सिंह, स्वाती नायक सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्तदान कर मनाया पत्नी का जन्मदिन



**जागरण, सतना।** समाज सेवा एवं मानवता के कार्य में अग्रणी संस्था सिन्धु विकास समिति की अनुकरणीय पल पर मानवता की सेवा का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए एक दंपति ने पत्नी के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर समाज को प्रेरणा दी। शहर में एक सरहनीय पहल देखने को मिली जहां पति.पत्नी ने एक साथ मिलकर रक्तदान कर जन्मदिन को खास और यादगार बना दिया आमतौर पर लोग जन्मदिन पर केक काटकर और पार्टी कर खुशियां मनाते हैं लेकिन इस दंपति प्रिया गोयल राघव गोयल में इस अवसर को सेवा के रूप में मनाकर एक अलग ही मिसाल पेश की। श्रीमती एवं श्री गोयल ने कहा कि जन्मदिन सिर्फखुशियां मनाने का ही नहीं बल्कि दूसरों के जीवन में खुशियां बांटने का भी अवसर होता है रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सकती है इससे बड़ा उपहार और कुछ नहीं हो सकता। रक्त प्रेरक एवं सिन्धु विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गेलानी ने कहा यह पहल न केवल मानवता का संदेश देती है बल्कि समाज में सेवा और सहयोग की भावना को भी मजबूत करती है। दंपति के रक्तदान करने पर संस्था के संरक्षक मंडल के गोपी गेलानी श्रीचंद मनवाणी मनोहर डिगवानी विनोद गेलानी ज्ञान खटवानी इंद्रलाल आडवाणी श्रीचंद शीतलानी घनश्याम मंघरानी संजय वाधवानी महेश रावलानी गंगाराम सचदेव दिलीप सोनी अमित कामरानी जीएडी जसवानी रंजीत सेनानी जितेंद्र गावरी गोपीचंद कापड़ी विजय जग्यासी अशोक चाँदवानी बसंत खत्री दीपक वाधवानी केशव मखीजा राजकुमार साधवानी मनीष टेकवानी विष्णु जानवानी मनीष सदानी बंटी भोजवानी सह्योगी मनमोहन महेश्वरी आकाश बनर्जी बसंत शर्मा निक्की मनचंदानी डॉक्टर दीपक सोई विशाल राजपाल संजय आहूजा महिला मंडल से मोना चोपड़ा राखी होतचंदानी डॉ मनीषा सोई आर्य खिलवानी मुस्कान चंदानी सिमरन होतचंदानी निशा गोयल आभा सिंह जया जायसवाल रशिम जैन कशिश नागदेव ने रक्तवीरों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# प्रदेश की प्रवीण सूची में मानेंद्र ने हासिल किया तीसरा स्थान



**जागरण, सतना।** रामपुर बाघेलान के सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र मानेंद्र केवट ने एमपी बोर्ड हायर सेकेंड्री परीक्षा 2026 में शानदार प्रदर्शन प्राप्त करते हुए प्रदेश की मेरिट सूची में तीसरा स्थान हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मानेंद्र ने गणित समूह में 500 में से 490 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनकी इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र में हर्ष और गौरव का वातावरण है।विद्यालय के शिक्षकों ने इस सफलता पर मानेंद्र की कड़ी मेहनत अनुशासन और लगन का परिणाम बताया है। वहीं उनके घर वालों ने खुशी व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।जिसमें सम्मान समारोह का आयोजन कर की प्रदेश प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सुधांशु द्विवेदी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी गरुण प्रताप सिंह एवं विद्यालय के प्राचार्य राममित्र चतुर्वेदी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कृति सिंह ने विद्यालय का नाम किया रोशन



**सतना।** जिले में संचालित गार्डियन गाइड पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययन कर रही 10वीं की मेधावी छात्रा कृति सिंह पिता कमलेंद्र सिंह एवं माता विद्या सिंह निवासी ग्राम पंचायत अबेर हायर एमपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते 92.6 प्रतिशत अंक हासिल कर एक बड़ी उपलब्धि दर्ज की है। उनकी इस सफलता से न केवल परिवार बल्कि पूरे विद्यालय एवं क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सतना जिले की गार्डियन गाइड पब्लिक विद्यालय की इस मेधावी छात्रा ने कठिन परिश्रम निरंतर अभ्यास और अनुशासित अध्ययन के बल पर सभी विषयो में विशेष योग्यता अर्जित कर शानदार परिणाम प्राप्त किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी की लहर दौड़ गई और सहपाठियों ने उन्हें बधाई दी।ग्राम पंचायत अबेर निवासी युवा समाजसेवी कमलेंद्र सिंह ने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए ने कहा कि कृति सिंह ने लगन और मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की है।

# रामनगर की बेटियों-बेटों का बोर्ड परीक्षा में परचम प्रदेश स्तर तक दर्ज कराई मजबूत मौजूदगी



**जागरण, मैहर।** रामनगर क्षेत्र के विद्यार्थियों ने इस वर्ष हाईस्कूल और हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र के साथ जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा कु. दुर्गा पांडेय, पिता विजय शंकर पांडेय, ग्राम खोडरी निवासी ने 491 में से 500 अंक प्राप्त कर 98 प्रतिशत के साथ प्रदेश की टॉप सूची में नौवां स्थान हासिल किया। इसी विद्यालय की छात्रा श्रुति मिश्रा, पिता उमेश मिश्रा ने 489 अंक यानी 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मैहर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया और विद्यालय में द्वितीय स्थान पर रहीं। कक्षा 12 में ध्रुव विश्वकर्मा, पिता जगदीश विश्वकर्मा ने गणित समूह से 469 अंक हासिल कर 93.8 प्रतिशत के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शासकीय सान्दीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12 के छात्र निशांत द्विवेदी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं कक्षा 10 के मोहित पटेल ने 93 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र कान्हा पटेल ने 478 अंक यानी 95.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। ऑलमाइटी इंटरनेशनल विद्यालय रामनगर की छात्रा अगाथा सिंह ने 463 अंक यानी 92 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इच्छा सिंह ने 455 अंक यानी 91 प्रतिशत के साथ द्वितीय और आंचल सिंह ने 439 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं रामनगर निवासी घनश्याम मिश्रा के पुत्र अजितेश मिश्रा ने एमपी बोर्ड की कक्षा 10 परीक्षा में 476 अंक यानी 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द शेप इंटरनेशनल स्कूल अमरपाटन सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होने के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अभिभावकों सहित सामाजिक लोगों ने विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# लवडेल के छात्रों ने रंगों के माध्यम से बिखेरी कला




**सतना।** संस्कार भारती के तत्वावधान में गत दिवस 12 अप्रैल रविवार को श्रंगों के माध्यम से बदलाव की शुरुआत अभियान के अंतर्गत केंद्रीय जेल परिसर सतना में विधा वॉल पेंटिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कला के माध्यम से सकारात्मक संदेश देना और समाज में रचनात्मक परिवर्तन को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय लीला कोष्टा जेल अधीक्षक उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने की। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमे लवडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सतना के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किए। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में संस्कार तिवारी रियांश सिंह अनन्या तिवारी रिधिमा सिंह गौरी द्विवेदी वंशिका त्रिपाठी कृषाग एवं समर शामिल रहे। इन विद्यार्थियों को यह उपलब्धि के लिए संस्थान के संचालक प्राचार्य एव शिक्षकों ने शुभकामनायें दी।

# एकेएस के 41 माइनिंग छात्रों का शैक्षणिक दौरा, व्यवहारिक प्रशिक्षण से निखरा कौशल



**जागरण, सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय के खनन माइनिंग विभाग द्वारा शहडोल स्थित विचारपुर कोल माइंस में आयोजित अंडरग्राउंड वर्किंग के शैक्षणिक भ्रमण ने छात्रों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण से जोड़ते हुए उनके ज्ञान को नई दिशा दी। डॉ अनिल कुमार मित्तल ने बताया कि इस दौरे में कुल 41 छात्रों ने भाग लिया जिनमें 32 छात्र और 9 छात्राएं शामिल रहीं। इस दौरान वरिष्ठ विशेषज्ञ जेएन सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। भ्रमण के दौरान छात्रों को भूमिगत खनन अंडरग्राउंड माइनिंग की जटिल प्रक्रियाओं सुरक्षा मानकों, वेंटिलेशन सिस्टम,ड्रिलिंग तकनीक और कोयला निष्कर्षण की आधुनिक विधियों का प्रत्यक्ष अनुभव कराया गया। विशेषज्ञों द्वारा लाइव डेमो के माध्यम से मशीनों की कार्यप्रणाली समझाई गई, जिससे छात्रों को किताबों से परे वास्तविक परिस्थितियों में कार्य का अनुभव मिला। डॉ मित्तल के अनुसारए इस विज़िट की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रायोगिक एवं सहभागितापूर्ण शिक्षा रही। छात्रों ने फील्ड ऑब्जर्वेशन, समूह चर्चा और केस स्टडी के जरिए न केवल तकनीकी पहलुओं को समझा, बल्कि सुरक्षा और प्रबंधन से जुड़े व्यावहारिक पक्षों पर भी गहन जानकारी प्राप्त की।

## महाराज श्री ने बताया कि राजा परिक्षित को सुकदेव जी ने भागवत क्यों सुनाई

**सतना।** स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज के सानिध्य में श्रीमद्भागवत कथा का तृतीय दिवस महाराज ने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु की उपासना करने से मनुष्य के पाप ही नहीं बल्कि जीवन में लगे हुए अनेक श्राप भी समाप्त हो जाते हैं। व्रत के माध्यम से शरीर और मन दोनों की शुद्धि होती है और भक्त को आत्मिक शांति प्राप्त होती है। शुकदेव ने राजा परीक्षित को श्रीमद्भागवत कथा इसलिए सुनाई क्योंकि राजा परीक्षित को श्रापवश केवल सात दिनों का जीवन शेष था। इस समय उन्होंने संसार के मोह.माया को त्यागकर परम सत्य को जानने की इच्छा प्रकट की। तब शुकदेव जी ने उन्हें भगवान की भक्ति धर्म और मोक्ष का मार्ग समझाने के लिए यह दिव्य कथा सुनाई जिससे परीक्षित जी ने अपने अंतिम समय को सार्थक बनाते हुए भगवान के चरणों में अपना मन लगा दिया। गर्भ में पल रहा शिशु भी अनेक प्रकार की वेदनाओं और कष्टों को सहन करता है। शास्त्रों में वर्णन मिलता है कि गर्भ के संकुचित और अंधकारमय स्थान में बच्चा अत्यंत असहज स्थिति में रहता है जहाँ उसे बाहरी संसार की कोई स्वतंत्रता नहीं होती। वह अपने पिछले जन्मों के कर्मों को स्मरण करते हुए भगवान से प्रार्थना करता है कि उसे इस दुखद अवस्था से मुक्ति मिले।

# खेत में आग बुझाने के दौरान करंट से किसान की मौत



**मैहर।** जिले के अमरपाटन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरवार कला में बुधवार को एक दर्दनाक हादसे में खेत में लगी आग बुझाने के प्रयास के दौरान किसान की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय हरिदिन कुशवाहा, पिता बाबूलाल कुशवाहा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार किसान के गेहूं के खेत में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई थी, जिसे बुझाने के लिए वह तत्काल मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए बोरिंग पंप चालू करने जैसे ही वह स्टार्टर के पास पहुंचे, वहां गिरे बिजली के तार की चपेट में आ गए। करंट लगते ही वह वहीं गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन उन्हें आनन-फानन में सिविल अस्पताल अमरपाटन लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना त्याग थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में लापरवाही और विद्युत सुरक्षा के अभाव को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार खेतों के आसपास झूलते बिजली के तार पहले भी खतरा बने हुए थे, लेकिन समय रहते मरम्मत नहीं होने से यह बड़ा हादसा हो गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ब्लैक स्पॉट खत्म करने पर सख्ती, सड़क हादसे कम करने विभागों को दिए निर्देश



**जागरण,मैहर।** जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए चिन्हित ब्लैक स्पॉट को जल्द समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटना बाहुल्य स्थलों पर की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई और सभी संबंधित विभागों को तय समय में सुधारात्मक कार्य पूर्ण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर हो रही दुर्घटनाओं में कमी लाने के उपायों की जानकारी लेते हुए कहा कि दोपहिया चालकों के लिए हेलमेट और चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वयं इसका पालन करने के निर्देश दिए। आरटीओ को यात्री और स्कूल बसों की फिटनेस जांच सख्ती से करने और मानकों के अनुरूप प्रमाण पत्र जारी करने को कहा गया। नगर पालिका को शहर में जर्जर भवनों का चिन्हांकन कर उन्हें हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष सड़क दुर्घटनाओं और हताहतों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि एमपीआरडीसी के अंतर्गत डेल्हा मोड़ सहित राष्ट्रीय राजमार्ग पर पांच ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जहां त्वरित सुधार आवश्यक है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ट्रैफिक प्रभारी के साथ संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही हेलमेट और सीट बेल्ट की नियमित जांच, शासकीय कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में चेक प्वाइंट स्थापित करने तथा हाईवे पेट्रोलिंग को निरंतर जारी रखने पर जोर दिया गया। बैठक में शहर की खराब सड़कों के सुधार, हिट एंड रन मामलों, राहवीर योजना और कैशलेस उपचार योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया गया। आरटीओ संजय श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि सतना और मैहर जिले में 500 से अधिक यात्री एवं स्कूल बसें संचालित हैं, जिनकी फिटनेस जांच के लिए सतना में ऑटोमेटिक फिटनेस सेंटर संचालित है।

# किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने दिदौंध में मनाई अंबेडकर जयंती



**सतना।** ग्राम पंचायत दिदौंध में किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने ग्राम वासियों के साथ मिलकर अंबेडकर जयंती के पावन अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कैंडल जलाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके द्वारा बनाए गए संविधान की रक्षा करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने बाबा साहब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखें कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद किसान कांग्रेस के महामंत्री बृजेश गर्ग सोनू ने कहा कि आज जिस प्रकार से बाबा साहब के द्वारा बनाए गए संविधान को कुचला जा रहा है वह देश हित में नहीं है इसके लिए हम सभी को एक होकर संगठित होकर उनके संविधान की रक्षा करनी होगी और सत्ता पर काबिज लोगों द्वारा जो जातिवाद के भेद का जो बीज बोया जा रहा है वह समाज हित में नहीं है इसके लिए फैल रही भ्रांतियां को हमें दूर करना होगा जो कार्य बाबा साहब ने किया था उन्हीं के पद चिन्ह पर चलते हुए हमें अपने संविधान की रक्षा कर देश की एकता अखंडता और आपसी भाईचारे तथा प्रेम को बनाए रखने के लिए एक संगठित रहना पड़ेगा ।

# घुनवारा के माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन स्कूल का कक्षा 10वीं में शानदार प्रदर्शन

**जागरण, अमदरा।** घुनवारा स्थित माँ दुर्गा शिक्षा निकेतन हायर सेकेंडरी स्कूल ने वर्ष 2026 के कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक बार फिर अपनी शैक्षणिक श्रेष्ठता सिद्ध की है। कक्षा 10वीं के परिणामों में प्रकृति तिवारी एवं अन्नपूर्णा प्रजापति ने 97.2 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं अना सोनी 95.2 अंकों के साथ द्वितीय तथा सिमरन कौर 90.4 अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। अन्य टॉप 10 विद्यार्थियों में पूर्णिमा पटेल 89.4 सचिन कुशवाहा 89.2 तृप्ति पाण्डेय 85.2 सांस्कृति तिवारी 83.8 तेजस्वी चौबे 83.8 सत्यम पटेल 82.2 सत्यप्रकाश रवि 81.8 एवं दीपिका शिवहरे 79.2 शामिल रहेए जिन्होंने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के संचालक संजय कुमार शुक्लाए प्राचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत भिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। विद्यालय के इस शानदार प्रदर्शन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और चारों ओर इसकी सराहना की जा रही ।


**कार्यालय नगर परिषद बिरसिंहपुर जिला सतना म.प्र.**

क्रमांक /35 / न.प./2026 बिरसिंहपुर दिनांक 15.04.2026

नामान्तरण/(हस्तान्तरण) हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार नामान्तरण / हस्तान्तरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्राप्त हुआ है।

| हस्तान्तरण कर्ता का नाम | हस्तान्तरण ग्रहिता का नाम | वार्ड क्रमांक | रकवा | नामान्तरण का आधार पर |
|---|---|---|---|---|
| 1. स्व. मो. शरीफ | इदरीश खान | 06 | 14×60 कच्चा मकान | पिता कि मृत्यु पर एवं भाई द्वारा सहमत शपथ पत्र |

इस संबंध में जिस व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रमाण सहित कार्यालय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों में कोई भी विचार नही किया जायेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिरसिंहपुर
जिला सतना म.प्र.

वर्ष 73 अंक 197 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 16 अप्रैल, 2026
वैशाख कृष्ण पक्ष 14, विक्रम संवत् 2083
नगर ▪▪ मूल्य 5 रुपए

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"अपने बुरे समय में कभी नकारात्मक निर्णय मत लो। अपने सबसे महत्वपूर्ण फैसले तब मत लो जब तुम सबसे खराब मनःस्थिति में हो। इंतजार करो। धैर्य रखो।
– रॉबर्ट एच शुलर

**ऑफ बीट**

## सुहागरात पर दुल्हन ने मांगे 90 लाख रुपये



*आगरा में शादी के बाद सुहागरात के मौके पर नवविवाहिता ने पति के सामने 90 लाख रुपए की मांग रख दी। आरोप है कि पैसे न मिलने पर दुल्हन ने न सिर्फ ससुराल छोड़ दिया, बल्कि परिजनों के साथ मिलकर ससुराल पक्ष को जिंदा जलाने की कोशिश भी की।*

*पीड़ित परिवार के अनुसार, हाथरस की रहने वाली युवती से 29 अप्रैल 2025 को शादी हुई थी। सुहागरात के समय दुल्हन ने संबंध बनाने से पहले 90 लाख रुपए नकद देने की शर्त रख दी। इस मांग से परिवार हैरान रह गया। इसके बाद दुल्हन ने विवाद शुरू कर दिया और पति के साथ रहने से इनकार कर दिया। वह अपने और सास के गहने लेकर मायके चली गई और लगातार 90 लाख रुपए की मांग करती रही।*

*पीड़ितों का कहना है कि जुलाई 2025 में मायके जाते समय दुल्हन ने धमकी दी थी कि पैसे न मिलने पर पूरे परिवार को जिंदा जला दिया जाएगा। बाद में व्हाट्सएप के जरिए बैंक अकाउंट भेजकर पैसे ट्रांसफर करने का दबाव भी बनाया गया। 25 मार्च 2026 को दुल्हन 7-8 लोगों को लेकर ससुराल पहुंची और घर के बाहर ताला लगा दिया और गाली-गलौज की।*

**TATA IPL आईपीएल में आज**

**मुंबई बनाम पंजाब**
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारण: स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर
**परिणामः बेंगलुरु ने लखनऊ को 5 विकेट से हराया।**

**होर्मुज पर बवालः** ट्रंप बोले- युद्ध खत्म होने के करीब, पाक प्रतिनिधिमंडल ईरान के लिए रवाना

# अमेरिका की नाकाबंदी तोड़ने में चीनी टैंकर नाकाम, चेतावनी के बाद लौटा

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना कर रहा चीनी टैंकर रिच स्टैरी एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नाकाबंदी को पार करने में विफल रहा। बुधवार को यह टैंकर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के हमरियाह पोर्ट से करीब 2.5 लाख बैरल मेथेनॉल लेकर खाड़ी से बाहर निकलने की कोशिश कर रहा था, लेकिन अमेरिकी युद्धपोत की चेतावनी के बाद उसे लौटना पड़ा।

इधर, ट्रंप ने एक इंटरव्यू में कहा कि 'ईरान के साथ चल रहा युद्ध अब अंत के करीब है।' ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अगर अमेरिका अभी अपनी सेना हटा ले, तो तेहरान को दोबारा खड़ा होने में करीब 20 साल लग सकते हैं।

इस बीच पाकिस्तान का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल तेहरान रवाना हुआ है, जो अमेरिका का संदेश ईरान तक पहुंचाएगा। यह पहल अमेरिका-ईरान के बीच जारी बातचीत का हिस्सा मानी जा रही है।

### ईरान की तीन समुद्री रास्ते बंद करने की धमकी

ईरान ने दुनिया के 3 अहम समुद्री रास्ते बंद करने की धमकी दी है। उसने कहा है कि अगर अमेरिका ने होर्मुज और उसके बंदरगाहों पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखी, तो वह रेड सी, ओमान सागर और पर्शियन गल्फ (फारस की खाड़ी) में समुद्री व्यापार पूरी तरह रोक देगा। ईरानी सेना के केंद्रीय कमांड सेंटर चीफ अली अब्दोल्लाही ने कहा कि अमेरिकी पाबंदियां और ईरानी जहाजों व तेल टैंकरों की सुरक्षा को खतरे में डालने की कोशिशें उकसावे की कार्रवाई है। उन्होंने कहा कि ईरान अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए निर्णायक कार्रवाई करेगा।

### ट्रंप का दावाः चीन अमेरिकी प्रयासों से संतुष्ट

ट्रंप का दावा है कि चीन होर्मुज को खोलने के अमेरिकी प्रयासों से संतुष्ट है। उनके अनुसार,



यह कदम वैश्विक तेल आपूर्ति सुचारू बनाने के लिए जरूरी है। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच अमेरिका ने स्पष्ट किया है कि वह चीन को ईरान का तेल लेने से रोकने के लिए सख्त कदम उठाएगा। वहीं, ईरान ने अपने प्रभाव को दिखाने के लिए तेहरान में होर्मुज से जुड़े प्रतीकात्मक संदेश भी प्रदर्शित किए हैं।

#### अब मलक्का स्ट्रेट पर नजर

मध्य पूर्व में हॉर्मुज पर बढ़ते तनाव के बीच अब अमेरिका की रणनीतिक नजर मलक्का जलडमरूमध्य पर टिक गई है। इसी कड़ी में 13 अप्रैल को अमेरिका और इंडोनेशिया के बीच एक महत्वपूर्ण रक्षा समझौता हुआ है, जिसे इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में बढ़ती भू-राजनीतिक सक्रियता से जोड़कर देखा जा रहा है।

#### नहीं बढ़ेगी ईरान को दी गई छूट

- अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने संकेत दिया है कि ईरानी तेल की बिक्री पर दी गई अस्थायी छूट जल्द समाप्त होने वाली है और इसे आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।
- यूरोपीय देश होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही सामान्य करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय गठबंधन बनाने की योजना बना रहे हैं। इस गठबंधन में अमेरिका को शामिल नहीं किया गया है।
- कनाडा ने लेबनान को हुए नुकसान के लिए 40 मिलियन डॉलर (लगभग 330 करोड़ रुपये) की सहायता की घोषणा की है।
- हिजबुल्लाह ने दावा किया है कि उसने पिछले 24 घंटों में 34 सैन्य हमले किए, जिनमें इजराइली ठिकानों को निशाना बनाया गया।
- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ बातचीत अगले दो दिनों में फिर शुरू हो सकती है।

**सबरीमाला विवादः** मंदिर बोर्ड ने कहा- मंदिर रेस्टोरेंट नहीं

# सुप्रीम कोर्ट बोला- आस्था को गलत ठहराना मुश्किल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को अहम सुनवाई हुई। मंदिर का प्रबंधन संभालने वाले त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (टीडीबी) ने अदालत में कहा कि 'यह कोई रेस्टोरेंट या सार्वजनिक स्थल नहीं, बल्कि आजीवन ब्रह्मचारी माने जाने वाले भगवान अयप्पा का मंदिर है।'

जस्टिस बीवी नागरत्ना ने टिप्पणी की कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म की मूल संरचना को समाप्त नहीं किया जा सकता। वहीं, मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि अदालत के लिए यह तय करना सबसे कठिन होता है कि करोड़ों लोगों की आस्था सही है या गलत।

गौरतलब है कि 2018 में सुप्रीम कोर्ट ने सबरीमाला में महिलाओं के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को भेदभावपूर्ण बताते हुए हटा दिया था।

#### मंदिर प्रबंधन की दलील

टीडीबी की ओर से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने तर्क दिया कि 10 से 50 वर्ष आयु वर्ग की महिलाओं का प्रवेश मंदिर की परंपरा और देवता के स्वरूप के विपरीत है। देश में भगवान अयप्पा के 1000 मंदिर हैं, लेकिन यह एकमात्र मंदिर है जहां ब्रह्मचारी रूप है। महिलाएं अन्य मंदिरों में दर्शन कर सकती हैं।

**सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणीः** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि करोड़ों लोगों की आस्था को 'गलत' ठहराना बेहद कठिन है। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि सामाजिक सुधार के नाम पर किसी धर्म को 'खोखला' नहीं किया जा सकता।

**केंद्र का पक्षः** केंद्र सरकार ने भी अदालत में कहा कि देश में कई ऐसे मंदिर हैं जहां पुरुषों के प्रवेश पर रोक है, इसलिए धार्मिक परंपराओं का सम्मान किया जाना चाहिए।

#### सुनवाई में उठे अहम सवाल

- क्या कोई गैर-श्रद्धालु व्यक्ति धार्मिक परंपराओं को चुनौती दे सकता है?
- क्या 'संवैधानिक नैतिकता' के आधार पर धार्मिक प्रथाओं में बदल सकती हैं?
- अनुच्छेद 25 (धार्मिक स्वतंत्रता) और अनुच्छेद 26 के बीच संतुलन कैसे बने?

## रॉबर्ट वाड्रा और हुड्डा को कोर्ट ने जारी किए समन

**गुरुग्राम, जेएनएन।** हरियाणा के चर्चित शिकोहपुर लैंड स्कैम मामले में रॉबर्ट वाड्रा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की मुश्किलें



बढ़ती नजर आ रही हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए कुल 9 आरोपियों के खिलाफ समन जारी किया है। विशेष न्यायाधीश सुशांत चांगोत्रा ने सभी आरोपियों को 16 मई को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। ईडी पहले ही इस मामले में रॉबर्ट वाड्रा से तीन बार पूछताछ कर चुकी है। यह मामला गुरुग्राम के शिकोहपुर गांव की 3.5 एकड़ जमीन से जुड़ा है।

**अमरावती यौन शोषण मामलाः** 180 नाबालिग लड़कियों के शोषण का आरोप

## मुख्य आरोपी के घर पर चला बुलडोजर

**अमरावती, जेएनएन।** अमरावती जिले के परतवाड़ा इलाके में सामने आए सनसनीखेज यौन शोषण मामले में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मोहम्मद अयाज उर्फ तनवीर के घर पर बुलडोजर चला दिया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए 46 सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में मुख्य आरोपी तनवीर समेत कुल 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपियों को अदालत में पेश करने के बाद 7 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। मुख्य आरोपी तनवीर (19) को 11 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था, जब उसके साथ जुड़े अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुए। इसके बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज की।

आरोपी के मोबाइल फोन में मौजूद डेटा की जांच के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। यह भी जांच की जा रही है कि क्या इस गिरोह के तार किसी बड़े नेटवर्क से जुड़े हैं।

#### सोशल मीडिया से फंसाते थे

जांच में सामने आया है कि आरोपी लड़कियों को सोशल मीडिया के जरिए फंसाते थे और फिर उन्हें मुंबई और पुणे ले जाकर उनका यौन शोषण करते थे। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के पास से 350 से ज्यादा अश्लील वीडियो बरामद हुए हैं। इन वीडियो के जरिए लड़कियों को ब्लैकमेल किया जाता था। प्रारंभिक जांच में करीब 180 नाबालिग लड़कियों के शोषण का दावा किया जा रहा है।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की खेड़ा की अग्रिम जमानत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई ट्रांजिट अग्रिम जमानत पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने तेलंगाना हाई कोर्ट के उस आदेश को स्थगित कर दिया, जिसमें खेड़ा को एक सप्ताह की अंतरिम राहत दी गई थी। यह मामला हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा के खिलाफ लगाए गए आरोपों से जुड़ा है। खेड़ा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया था कि उनके पास एक से अधिक पासपोर्ट और विदेश में संपत्ति है, जिसका जिक्र चुनावी हलफनामे में नहीं किया गया। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को तीन सप्ताह बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।






संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

## संपादकीय

# साइबर फ्रॉड पर अंकुश के लिए उपाय जरूरी

अपनी शुरुआत के एक दशक बाद यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई देश की डिजिटल भुगतान व्यवस्था का अनिवार्य अंग बन चुका है। यह तेज गति से मुद्रा हस्तांतरण से लेकर परस्पर संचालन के जरिये विभिन्न प्लेटफॉर्म और संस्थानों के बीच अबाध गति से लेनदेन सुनिश्चित करता है। 45 करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ यह हर माह करीब 22 अरब लेनदेन करता है और मार्च में इस लेनदेन का मूल्य करीब 29.5 लाख करोड़ रुपये रहा। इस प्रकार इसने भारतीयों के लेनदेन के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है। बहरहाल, एक ओर जहां वृद्धि में अब धीमापन आ रहा है वहीं धोखाधड़ी का जोखिम लगातार बढ़ रहा है।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल के आंकड़ों के अनुसार धोखाधड़ी के रिपोर्ट हुए मामले 2021 के 2.6 लाख से बढ़कर 2025 में करीब 28 लाख तक पहुंच गए। इनका सालाना मूल्य 22,000 करोड़ रुपये का स्तर पार कर गया। ध्यान देने वाली बात है कि धोखाधड़ी के 98.5 फीसदी मामले 10,000 रुपये से अधिक मूल्य के थे। इस संदर्भ में हाल ही में रिजर्व बैंक की ओर से जारी परिचर्चा पत्र 'एक्सप्लोरिंग सेफगार्ड्स इन डिजिटल पेमेंट्स टु कर्ब फ्रॉड्स' में यह प्रस्ताव रखा गया है कि उच्च मूल्य के नकदी हस्तांतरण में एक घंटे का विलंब किया जाए। साथ ही, वरिष्ठ नागरिक अगर 50,000 रुपये से अधिक का लेनदेन करें तो किसी विश्वसनीय व्यक्ति द्वारा उसका प्रमाणन किया जाए। यूपीआई जैसी रियल टाइम प्रणाली में एक बार पैसा चला जाने के बाद उसकी वसूली करना मुश्किल होता है। इसीलिए बचाव ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है।

उच्च-मूल्य हस्तांतरणों के लिए प्रस्तावित एक घंटे की देरी उपयोगकर्ताओं को लेनदेन पर पुनर्विचार या उसे रद्द करने का एक अवसर दे सकती है, और बैंकों को संदिग्ध गतिविधियों को चिह्नित करने का समय मिल सकता है। सिंगापुर, ब्रिटेन और स्वीडन जैसे देशों के अनुभव से पता चलता है कि ऐसी 'कूलिंग-ऑफ' अवधि धोखाधड़ी को कम कर सकती हैं। यह सब नियमित भुगतानों को महत्त्वपूर्ण रूप से प्रभावित किए बिना हो सकता है।

यद्यपि कुछ ढांचागत दिक्कतें बरकरार हैं। लेनदेन में देरी यूपीआई के त्वरित भुगतान के बुनियादी वायदे के विरुद्ध है। बैंकों को भी अलर्ट और धन वापसी आदि की नई प्रणालियों में निवेश करना होगा। इससे लागत और समन्वय की चुनौतियां बढ़ेंगी। धोखाधड़ी करने वाले उपयोगकर्ताओं को 'व्हाइटलिस्टिंग' के माध्यम से सुरक्षा उपायों को दरकिनार करने के लिए भी मना सकते हैं। 'विश्वसनीय व्यक्ति' द्वारा प्रमाणीकरण भी वास्तविक लेनदेन में देरी कर सकता है। इसलिए इन खामियों को दूर करने में प्रौद्योगिकी महत्त्वपूर्ण होगी।

आर्टिफिशल इंटेलिजेंस आधारित निगरानी, बैंकों के बीच बेहतर डेटा साझा करने और वास्तविक समय में जोखिम का अंकन आदि संदिग्ध रुझानों का पता लेनदेन पूरा होने के पहले लगाने में मदद कर सकते हैं। ऐसे उपाय यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सुरक्षा उपाय व्यापक न होकर लक्षित हों, जिससे दक्षता बनी रहे और सुरक्षा में सुधार हो। हाल ही में रिजर्व बैंक द्वारा उपभोक्ता-केंद्रित प्रोत्साहन, जैसे कि छोटे मूल्य की धोखाधड़ी के लिए क्षतिपूर्ति तंत्र, जो इस वर्ष जुलाई से लागू होगा, उपभोक्ता विश्वास को भी बढ़ाएगा। खासकर अगर दावों का निपटारा शीघ्रता से किया जाए। अंततः प्रणाली में विश्वास केवल रोकथाम पर नहीं, बल्कि निष्पक्ष और समय पर निवारण पर भी निर्भर करता है। फिर भी, उपयोगकर्ताओं, खासकर संवेदनशील वर्गों के हितों की रक्षा के लिए स्पष्ट सुरक्षा-सीमाएं तय की जा सकती हैं। यद्यपि यह भी महत्त्वपूर्ण होगा कि उपयोगकर्ताओं को ऐसे तंत्र से बाहर निकलने का विकल्प दिया जाए। इस संदर्भ में जागरूकता भी अत्यंत आवश्यक है। यद्यपि रिजर्व बैंक और अन्य एजेंसियों ने प्रयास तेज किए हैं, परंतु धोखाधड़ी का पैमाना और उसका बदलता स्वरूप यह दर्शाता है कि कहीं अधिक सतत और व्यापक डिजिटल साक्षरता पहलों की आवश्यकता है।

## प्रसंगवश

# ई-सिगरेट के दुष्प्रभावों पर शोध किए जाएं

*इस बात के प्रमाण 1880 के दशक की शुरुआत में ही मिल गए थे कि धूम्रपान फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन यह साबित करने में कि धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर का कारण बनता है, लगभग 100 साल लग गए। तो फिर इलेक्ट्रॉनिक या ई-सिगरेट के बारे में क्या कहा जाए? जो लोग ई-सिगरेट पीते (वेपिंग) हैं, वे गैर-धूम्रपान करने वालों की तुलना में धूम्रपान शुरू करने की अधिक संभावना रखते हैं। लेकिन अभी तक साक्ष्यों से यह स्पष्ट नहीं है कि ई-सिगरेट कैंसर का कारण बनते हैं।*

*हालांकि, हमने 2017 से 2025 के मध्य प्रकाशित सभी सहकर्मी-समीक्षित शोधों की पहचान की, जिनमें वेपिंग के स्वास्थ्य पर प्रभावों का अध्ययन किया गया था, जो संभावित रूप से कैंसर के कारणों की ओर संकेत करते हैं। वेपिंग करने वाले जो धुआं अंदर लेते हैं, उसमें कई प्रकार के रसायन होते हैं, जिनमें निकोटीन और उसके उप-उत्पाद, तथा धातुओं के वाष्पित कण शामिल होते हैं। यह धुआं लगभग उन सभी 'कैंसर पैदा करने वाले गुणों' को दर्शाता है, जिन्हें विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पहचाना है। रक्त और मूत्र के परीक्षणों से यह पुष्टि हुई कि वेपिंग करने वालों के शरीर में ई-सिगरेट से जुड़े रसायन अवशोषित हो रहे हैं, जो कैंसर से संबंधित माने जाते हैं।*

*हमने पाया कि वेपिंग करने वालों के मुंह और फेफड़ों के डीएनए में परिवर्तन हो रहे हैं, जो कैंसरकारी तत्वों के संपर्क का एक और प्रमाण है। इसके अलावा, वेपिंग करने वालों के फेफड़ों और मुंह के ऊतकों में कैंसर से जुड़े बायोमार्कर में भी बदलाव पाए गए। ये बायोमार्कर ऐसे परिवर्तन होते हैं, जो ट्यूमर बनने से पहले कोशिकाओं या अणुओं में दिखाई देते हैं।*

*इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट या ई-सिगरेट, जिन्हे 'वेप्स' कहा जाता है, फेफड़ों में वाष्पित तरल डालने के लिए डिज़ाइन किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरण होते हैं। कई अलग-अलग प्रकार के वेप्स उपलब्ध हैं और इनका दिखाई देना कठिन हो सकता है। वेप्स में प्रमुख घटक प्रोपिलीन ग्लाइकॉल, वनस्पति ग्लिसरीन या ग्लिसरॉल होता है, और इनमें निकोटीन, स्वाद देने वाले पदार्थ और अन्य रसायन भी होतेहैं। वेप्स में ऐसे हानिकारक रसायन भी हो सकते है, जिन्हे पेक पर सूचीबद्ध न किया गया हो। वेप्स के बारे में सबसे बड़ी गलतफहमी यह है कि वे सिगरेट की तुलना में हानिमुक्त होते हैं। यह सच नही है।*

*नि कोटीन युवा लोगो के मस्तिष्क में सिनैप्सिस बनाने के तरीकेको बदल देता है। इसके प्रभावो में ध्यान केंद्रित करने सीखने और याद रखने की क्षमता में गिरावट और मनोदशा में परिवर्तन शामिल हो सकते हैं।*

*उपलब्ध साक्ष्य दर्शाते हैं कि निकोटीन आधारित वेपिंग से मुंह और फेफड़ों के कैंसर होने की आशंका है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि इससे कितने मामलों में कैंसर होगा। शोधकर्ताओं का कहना है कि अब यह मानना उचित नहीं है कि वेपिंग का कैंसर जोखिम धूम्रपान से कम है। हमारा अध्ययन वेपिंग को कैंसर के कारण के रूप में देखता है।*

*फिर भी, अभी हमारे पास इसका प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं है कि वेपिंग करने वाले लोगों में अपेक्षा से अधिक कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। जैसे धूम्रपान और कैंसर के बीच संबंध स्थापित करने में 100 साल लगे, वेपिंग के मामले में भी दशकों लग सकते हैं। इसके लिए ऐसे लोगों का अध्ययन करना होगा, जो केवल वेपिंग करते हैं। इसलिए सावधानीपूर्वक नियोजित शोधों की आवश्यकता है, ताकि हम कैंसर का समय रहते पता लगा सकें। यदि ऐसे शोधों को अभी से वित्तपोषित करना शुरू किया जाए, तो इससे कई लोगों की जान बचाई जा सकती है।*



## नीति और कूटनीति

**ईरान अपनी ताकत से अधिक पर दांव लगाना चाहता है, यानी गलत उम्मीद के साथ दांव खेलना**

# ईरान को भारी पड़ सकता है गलत दांव

सुशांत सरीन

इक्कीस घंटे की लंबी बातचीत के बावजूद पश्चिम एशिया संकट को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच इस्लामाबाद में हुई वार्ता बेनतीजा खत्म हो गई है और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अमेरिका लौट गए हैं। इस वार्ता की विफलता के बारे में दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी तरफ से बयान दिए हैं। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि 'हमने अपनी सीमा स्पष्ट कर दी है। ईरान ने हमारी शर्तें मानने से इन्कार कर दिया है। हम बहुत ही आसान प्रस्ताव देकर जा रहे हैं कि यही हमारा अंतिम और बेस्ट ऑफर है। हम देखेंगे कि ईरानी इसे स्वीकार करते हैं या नहीं।' दूसरी तरफ ईरान की सरकारी मीडिया ने कहा है कि 'अमेरिका से बातचीत के दौरान ईरान ने बार-बार अपने प्रस्ताव रखे और अमेरिकी पक्ष को वास्तविकता की ओर लाने की कोशिश की। हालांकि, हर स्तर पर अमेरिका की अत्यधिक मांगों ने एक साझा ढांचे तक पहुंचने में अड़चन पैदा की। अमेरिकी रुख में लचीलेपन की कमी के कारण वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई।' जाहिर है, बेनतीजा ही सही, अभी बातचीत का पहला दौर खत्म हुआ है। इसका मतलब यह नहीं कि दोनों देशों के बीच आगे बातचीत नहीं होगी। अभी यह कहना भी जल्दबाजी होगी कि तुरंत दोबारा से उसी भीषणता के साथ युद्ध शुरू हो जाएगा, जिसकी आशंका थी। आगे क्या होता है, यह जानने के लिए शायद एक-दो दिन इंतजार करना चाहिए।

अभी तक जो खबरें आई हैं, उससे यह लगता है कि पहले दौर की बातचीत में कुछ चीजों पर बातचीत आगे बढ़ी है, लेकिन कुछ चीजों पर अब भी उसमें अड़चनें हैं। ये अड़चनें आनी ही थीं, क्योंकि अमेरिका समझता है कि उसने युद्ध जीत लिया है और ईरान को इतने बुरे तरीके से परास्त किया है कि वह अपनी मनमानी शर्तें ईरान पर थोप सकता है। दूसरी तरफ ईरान यह समझता है कि उसने अमेरिकी हमले को झेल लिया है और मजबूती से उभरकर सामने आया है तथा उसने ऐसी रणनीतिक बढ़त हासिल कर ली है कि अमेरिका से अपनी बातें मनवा सकता है। ईरान को लगता है कि अमेरिका युद्धविराम के लिए बहुत ज्यादा उत्सुक है और अगर एक पक्ष समझौते के लिए बहुत ज्यादा उत्सुक हो, तो दूसरे पक्ष को वैसे ही बहुत ज्यादा लाभ (एडवांटेज) मिल जाता है।

किसी भी युद्ध को खत्म करने के लिए दो-तीन बातें जरूरी हैं। पहली, या तो एक पक्ष इतनी मजबूती से विजयी हो गया हो और दूसरा पक्ष पूरी तरह से ढेर हो गया हो कि एक पक्ष दूसरे पक्ष पर अपनी शर्तें थोप सकता है। दूसरी, अगर ऐसा न हो, मगर दोनों पक्षों ने इतने भीषण तरीके से युद्ध लड़ा हो कि दोनों बुरी तरह से तबाह हो गए हों, तो वे थककर समझौता करने के लिए राजी होते हैं। तीसरी बात यह है कि दोनों को अक्ल आ जाए और बीच का कोई रास्ता बन जाए। यहां पर समस्या यह है कि बीच का रास्ता नजर नहीं आ रहा है, क्योंकि ईरान कई ऐसी चीजों की मांग कर रहा है, जो पहले कभी बातचीत की मेज पर नहीं थीं, जैसे होर्मुज जलडमरूमध्य की बात हो, उस क्षेत्र में उसके वर्चस्व की बात हो, या प्रतिबंधों को खत्म करने और मुआवजे की बात हो या भविष्य में ईरान ही नहीं, उसके सहयोगियों के ऊपर भी हमले न करने की गारंटी हो। ये सब ऐसे मुद्दे हैं, जो पहले बातचीत का हिस्सा नहीं थे।



समस्या यह है कि इस युद्ध से पहले अमेरिका और ईरान के बीच जो वार्ता चल रही थी, उसमें कुछ बिंदुओं पर सहमति बन रही थी, फिर भी अमेरिका ने ईरान पर हमला कर दिया। अब जैसी कि खबरें आ रही हैं, हालांकि उनकी अभी पुष्टि नहीं हुई है, अमेरिका चाह रहा है कि जिन बिंदुओं पर युद्ध से पहले सहमति बन रही थी, युद्ध के बाद शुरू हुई वार्ता वहीं से शुरू हो। यह तो अजीब बात लगती है कि जिन चीजों पर हमले से पहले बात हो रही थी, हमले के बाद भी उन्हीं पर वार्ता हो, क्योंकि अमेरिका जो कर सकता था, वह तो उसने करके देख लिया। अब यदि वह लौट कर बातचीत करना चाहता है, तो स्वाभाविक ही ईरान अपनी शर्तों पर उससे बात करना चाहेगा। तो पहले चरण की बातचीत की नाकामी का मूल कारण यह है।

अब देखना होगा कि अगले एक-दो दिनों में दोबारा युद्ध शुरू होता है या दोनों पक्ष दो हफ्ते के युद्धविराम का पालन करते हैं। अगर दोबारा युद्ध शुरू नहीं होता, या होता भी है, तो छोटे-मोटे हमले तक सीमित रहता है और होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर जहाजों की आवाजाही सीमित संख्या में ही सही, जारी रहती है तथा दोनों पक्ष पर्दे के पीछे से बातचीत फिर शुरू करने की कोशिश करते हैं एवं दोनों अपने रुख में लचीलापन लाते हैं, तो बहुत संभव है कि इस संकट का हल हो जाए। यानी दो बातें हैं-पहली कि दोबारा से युद्ध शुरू न हो, वार्ता को फिर से पटरी पर लाया जाए और सभी मुद्दों पर न सही, कुछ मुद्दों पर सहमति बन जाए। दूसरी यह आशंका है कि फिर से युद्ध शुरू हो जाए।

सहमति में दिक्कत यह है कि अमेरिका वहीं से वार्ता शुरू करना चाहता है, जहां उसने युद्ध से पहले बातचीत खत्म की थी, पर ईरान अब नए सिरे से बात करना चाहता है। दूसरी समस्या यह है कि ईरान भी अपनी ताकत से अधिक पर दांव लगाना चाहता है, जिसे अंग्रेजी में कहते हैं-'ओवरप्ले योर हैंड' यानी गलत उम्मीद के साथ अपने दांव पर खेलना। यह ईरान के लिए उल्टा भी पड़ सकता है, क्योंकि अब तक जो युद्ध हुआ है, उसमें ईरान को भारी क्षति उठानी पड़ी है।

अमेरिका समझौते करना तो चाहता है, लेकिन जिन शर्तों पर चाहता है, वे संभव नहीं दिखतीं। अगर अमेरिका दोबारा युद्ध शुरू करता है, तो निश्चित रूप से ईरान को बहुत नुकसान होगा, लेकिन नुकसान सिर्फ ईरान का नहीं होगा, क्योंकि अब भी ईरान के पास कुछ ऐसी क्षमताएं हैं कि खाड़ी क्षेत्र के गैस व तेल इन्फ्रास्ट्रक्चर को तहस-नहस कर सकता है। इसलिए समाधान की राह आसान नहीं है। इसमें एक और खतरा जो नजर आ रहा है, वह यह कि पाकिस्तान, जो अब तक इस युद्ध से बाहर रहा है, वह भी कहीं सऊदी अरब के साथ न हो जाए। अगर ऐसा होता है और पाकिस्तान ईरान के खिलाफ कोई कदम उठाता है, तो आशंका है कि ईरान की मिसाइलें फिर पाकिस्तान के ऊपर भी गिरेंगी। इससे युद्ध का दायरा फैलता चला जाएगा। इसका अंजाम यह होगा कि ईरान इतनी बुरी तरह से तबाह हो जाएगा कि उसके लिए वहां की रियासत को एकजुट रखना मुश्किल हो जाएगा। अगर ऐसा हुआ, तो ईरान तो बर्बाद हो ही जाएगा, बाकी खाड़ी क्षेत्र भी अस्थिर हो जाएगा।

## खुला मंच

# सपने में आ गई सरकार

गुरमीत बेदी

आधी रात तक पत्नी से लडने् के बाद जैसे ही सोने की फुर्सत मिली, सपने में सरकार आ गई। यानी सिर मुंडाते ही ओले पडने् वाली बात हो गई। लेकिन पत्नी से आए रोज लड़ लड़ कर हम इतने पक्के ढीठ बन चुके हैं कि सरकार से भी हमने दो दो हाथ करने की ठान ली। इससे पहले कि सरकार की ओर से कोई वार्तालाप शुरू होता, अपुन फ्रंटफुट पर आ गए। महंगाई से लेकर गैस सिलेंडर तक, बेरोजगारी से लेकर भ्रष्टाचार तक, वादाखिलाफी से लेकर ईरान, इजरायल, अमरीका मसले पर सरकार की चुप्पी को लेकर हमने शब्दों के मिसाइल छोडने् शुरू कर दिए। अब सरकार से टक्कर लेना कोई आसान तो होता नहीं। सरकार हमारे हर वार पर पलटवार करती रही। सपने में सरकार से मुठभेड़ और बातचीत साथ साथ चलती रही। सरकार मुस्कुराई, वैसी मुस्कान जैसे किसी अनुभवी अध्यापक को शरारती छात्र का पूरा हिसाब पहले से मालूम हो। बोली- 'लगता है घर में बहस का पूरा अभ्यास करके आए हो।' हमने भी तुरंत चौका जड़ दिया- 'जनाब, घर में लोकतंत्र की ट्रेनिंग लिए बिना देश के लोकतंत्र पर बात करना ठीक नहीं लगता।' सरकार ने चश्मा ठीक किया और बोली- 'महंगाई की बात करते हो, मगर ऑनलाइन सेल आते ही तुम्हारी उंगलियां ऐसे नाचती हैं जैसे अर्थव्यवस्था की धडक़न तुम ही हो।' हमने कहा- 'जनता हूं, संत नहीं, और जेब का दर्द किसी भी विचारधारा से बड़ा होता है।' सरकार बोली- 'भ्रष्टाचार की शिकायत करते हो, और खुद ही नियम तोडक़र काम निकलवा लेते हो।' हमने कहा- 'हमारी चालाकी आपकी व्यवस्था की देन है।' हमने तंज कसते हुए कहा- 'वादों का क्या हुआ?' सरकार ने बिना पलक झपकाए जवाब दिया- 'वादे मौसम की तरह होते हैं, चुनाव के बाद उनका तापमान बदल जाता है।' सरकार ने कहा- 'अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर हमारी चुप्पी पर सवाल उठाते हो, मगर पड़ोसी से झगड़ा हो तो तुम भी चुप्पी साध लेते हो।' हमने कहा- 'पड़ोसी से इसलिए चुप रहते हैं कि कल फिर नमक मांगना होता है, आप तो महासत्ता बनने निकले हैं।' सरकार ने पूछा- 'तुम्हें लगता है हम कुछ नहीं करते?' हमने कहा- 'करते हो, इतना करते हो कि समझ नहीं आता क्या किया।' सरकार ने कहा- 'ईमानदारी की बात करते हो, मगर ट्रैफिक पुलिस को सौ का नोट देकर खुद को समझदार समझते हो।' हमने कहा- 'वो सौ रुपए व्यवस्था का शॉर्टकट है।' सरकार बोली- 'और वही शॉर्टकट लंबी बीमारी बन जाता है।' हमने विषय बदलते हुए कहा- 'जनता को आप क्या समझते हैं?' सरकार ने तुरंत जवाब दिया- 'जनता वही है जो हमें बनाती भी है और गिराती भी।'

## वायु प्रदूषण

**वातावरण में मानक से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद**

# बच्चों के मानसिक विकास के लिए भी गंभीर खतरा

ज्ञानेद्र रावत

वायु प्रदूषण अब एक गंभीर और जानलेवा समस्या बन चुका है। इसका असर अब हृदय, फेफड़े, सांस, त्वचा, दमा, पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों तक ही सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह हड्डियों, श्वसन प्रणाली और प्रजनन तंत्र को भी प्रभावित कर रहा है। यह शरीर के हर अंग को प्रभावित कर रहा है और अब यह कैंसर और मेटाबॉलिक विकार को भी पार कर चुका है। इससे मस्तिष्क पर भी गंभीर असर पड़ रहा है, जिससे डिमेंशिया का खतरा बढ़ गया है। कारण यह है कि अब वातावरण में मानक से ढाई गुना ज्यादा प्रदूषक कण मौजूद हैं। यह मानसिक विकार के साथ-साथ बच्चों की बुद्धिमत्ता पर भी असर डाल रहा है।

दुनिया के शोध-अध्ययन प्रमाणित करते हैं कि वायु प्रदूषण बच्चों के मानसिक विकास के लिए गंभीर खतरा है। यह उनकी बुद्धिमत्ता, याददाश्त, एकाग्रता और सीखने की क्षमता को कम कर देता है। प्रदूषित हवा में मौजूद सूक्ष्म कण बच्चों के दिमाग के विकास में बाधा डालते हैं, जिसके परिणामस्वरूप उनकी भाषा, कौशल, मूड नियंत्रण और व्यवहार संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उच्च वायु प्रदूषण और गंदी हवा में रहने वाले बच्चों के आईक्यू स्कोर में मौजूद प्रदूषक तत्वों के कारण बच्चों के शैक्षणिक प्रदर्शन, उनकी सोचने-समझने की क्षमता और व्यवहार पर नकारात्मक असर डालते हैं। यही नहीं, अत्यधिक सक्रियता, खराब स्मृति और ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई भी पैदा हो सकती है। यह स्थिति अवसाद और चिंता के जोखिम को और बढ़ा देती है। यातायात से संबंधित वायु प्रदूषण इन समस्याओं की बढ़ोतरी में नकारात्मक भूमिका निभाता है।



एनपीजे क्लीन एयर नामक शोध में खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण के कारण इंसान की सोचने-समझने की क्षमता, यानी आईक्यू, पर भी असर पड़ रहा है। बर्मिंघम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कुल 134 देशों में स्थित 7800 से अधिक शहरों में सेटेलाइट से सूक्ष्म कणों के लांग-लीनियर मॉडल के इस्तेमाल कर गणना की कि वायु प्रदूषण का आईक्यू पर कितना असर हो सकता है।

वैज्ञानिकों ने कहा है कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 (सूक्ष्म कण) के कारण पूरी दुनिया की आबादी को 65 अरब आईक्यू अंक का नुकसान हो रहा है। उनके अनुसार, पीएम कण इतने सूक्ष्म होते हैं कि वे शरीर के माध्यम से सीधे मस्तिष्क तक पहुंच रहे हैं। इससे दिमाग में आक्सीडेटिव स्ट्रेस और सूजन पैदा हो रही है। धूल के इन कणों में कैडमियम, मैगनीज और आर्सेनिक जैसी जहरीली धातुएं होती हैं, जो बच्चों के मानसिक विकास के लिए बेहद हानिकारक हैं।

दरअसल, वैज्ञानिकों ने यह शोध 'ईक्यू' को एक संख्या मानकर किया है, जो यह बताती है कि किसी व्यक्ति की सोचने, समझने, तर्क करने और समस्याओं को सुलझाने की क्षमता उसकी उम्र के अन्य लोगों की तुलना में कितनी है। शोध में पाया गया कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 के हर एक माइक्रोग्राम के बढ़ने पर आईक्यू स्कोर में गिरावट आई है। वैज्ञानिकों के अनुसार, प्रति व्यक्ति आईक्यू हानि का स्तर उन्नत देशों में ज्यादा है, जहां पीएम 2.5 का स्तर बहुत ज्यादा है।

भारत में अत्यधिक प्रदूषण के कारण आईक्यू का नुकसान 20 अंक तक पहुंच गया है। कम और मध्यम आय वाले देश इस संकट की सबसे ज्यादा मार झेल रहे हैं। इससे बच्चों का विकास सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। यही नहीं, सूक्ष्म कणों के असर से गर्भवती महिलाओं पर भी यह ज्यादा खतरा बन सकता है। गर्भावस्था के दौरान सूक्ष्म कणों का प्रभाव (1 से 6 अंक की हानि) या शराब के सेवन (3 से 7 अंक की हानि) जैसे स्थापित जोखिम कारकों के समान है।

विकासशील देशों पर प्रदूषण का सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। सबसे दुखदायी यह है कि 15 साल से कम उम्र के लगभग 2.02 करोड़ बच्चे इस प्रदूषण के शिकार हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, आज 93 फीसदी बच्चे प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। वायु प्रदूषण से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याएं अक्सर एयरोसोल से संबंधित होती हैं। एयरोसोल हवा में निलंबित सूक्ष्म ठोस या तरल लवण होते हैं। इनका आकार कुछ नैनोमीटर से लेकर कई माइक्रोमीटर तक हो सकता है। एयरोसोल मानव आंखों को मुश्किल से दिखाई देते हैं। इनमें धुआं, कोहरा और औद्योगिक प्रदूषण कण शामिल होते हैं। ये कण जलवायु, मौसम और शरीर में विषाक्तता से संबंधित प्रतिक्रियाओं को जन्म देते हैं। एयरोसोल रसायनों के कारण श्वसन संबंधी, लीवर, तंत्रिका तंत्र, आंख और त्वचा की समस्याएं उत्पन्न होती हैं। इसके प्रभाव से पौधे और जानवर भी अछूते नहीं रहते।

इसके पीछे मौसम को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। सीपीसीबी के एयर क्वालिटी मानीटरिंग डेटा पर आधारित संस्था क्लाइमेट ट्रेंड्स के विश्लेषण के अनुसार, मौसम की बदलती स्थितियां प्रदूषण के स्तर में 40 फीसदी तक बदलाव ला सकती हैं।

देश के प्रमुख शहरों के विश्लेषण से यह खुलासा हुआ है कि वायु प्रदूषण को केवल उत्सर्जन की समस्या मानना अधूरा दृष्टिकोण है। असल में उत्सर्जन और मौसम के बीच की परस्पर क्रिया ही वायु गुणवत्ता को नियंत्रित करती है। असलियत में, अब वायु प्रदूषण सालभर जारी रहने वाला गंभीर स्वास्थ्य खतरा बन चुका है।

## जीवन दर्शन

# शालीनता और आत्मविश्लेषण से गढ़ें अपनी पहचान

आपका व्यवहार आपके बारे में ऐसा क्या कहता है जिससे आपके व्यक्तित्व को और ज्यादा आकर्षक बनने में और निखरने में मदद मिलती हैं। आपके जीवन में छोटे-छोटे बदलाव एक बड़ा परिवर्तन कैसे लाते हैं? आत्मनिरीक्षण क्यों जरूरी है और कैसे सफल और प्रभावशाली लोग दूसरों से अलग बन जाते है। एक अच्छा श्रोता बनने के सरल सूत्र क्या है और प्रशंसा को ग्रहण करने का सही तरीका क्या है, जिससे हम सहज रूप से बिना अहंकार अपने जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। आत्मनिरीक्षण ही विकास की पहली सीढ़ी है, अपनी गलतियों को समझना ही व्यक्तित्व सुधार की शुरुआत है। सही आलोचना हमें हमारी कमियों से परिचित कराकर सुधार का रास्ता दिखाती है। व्यवहार में मधुरता, शालीनता और शुद्ध विचार ही मनुष्य के जीवन को सार्थक और प्रभावशाली बनाते है। जब आप प्रशंसित होने पर भी विनम्र बने रहें और सच्चाई के सामने आने पर भी आपके आचरण में स्थिरता और संतुलन हो तो आपका व्यक्तित्व भी परिपक्व बन जाता है।




व्यवहार से समाज में जो छवि बनती है, वही मनुष्य का व्यक्तित्व कहलाती है। जीने को तो लोग किसी भी तरह जीवन बिता लेते हैं, लेकिन जब आचरण में शालीनता और व्यवहार में मधुरता शामिल हो जाती है, तब जीवन सहज और अर्थपूर्ण हो जाता है। अक्सर हम अपने व्यवहार का सही आकलन नहीं कर पाते, लेकिन जब अपनी गलतियों को समझने का प्रयास करते हैं, तो वही आत्मनिरीक्षण बन जाता है। यही आत्मनिरीक्षण व्यक्ति को आगे बढ़ने की दिशा देता है और सफलता की पहली सीढ़ी भी बनता है।आलोचना को लोग नकारात्मक रूप में लेते हैं, जबकि सही अर्थों में वही हमारे व्यक्तित्व का मूल्यांकन करने का अवसर देती है। आलोचना हमारी कमियों को उजागर करती है और उन्हें सुधारने की राह दिखाती है। अपनी आलोचना सुनने की क्षमता विकसित करने वाला व्यक्ति अपनी कमियों को उसी तरह छान पाता है, जैसे फिल्टर पानी को साफ कर देता है। आलोचना से सीख लेकर जब कोई सुधार का प्रयास करता है, तब उसका व्यक्तित्व धीरे-धीरे निखरने लगता है।

इससे हमें यही सीख मिलती है कि परिस्थितियां कैसी भी हों, सच्चाई का साथ नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि यह व्यक्तित्व में गहराई और विश्वास प्रदान करती है। ऐसे व्यक्ति पर लोग भरोसा करते हैं और उसका सम्मान करते हैं। व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें अच्छा श्रोता भी बनना चाहिए। जब हम सामने वाले की बातों को ध्यान से सुनते हैं, तो हमारे भीतर समझ और संवेदनशीलता बढ़ती है। इसी के साथ सोच का नजरिया भी बदलता है।

अच्छा व्यक्तित्व तभी बन पाता है, जब दूसरों की अच्छाइयों को देखने का हमारा नजरिया बदलता है। हमारे हाव-भाव और संकेत भी हमारे विचारों को प्रकट करते हैं, इसलिए समय-समय पर अपने भीतर झांककर स्वयं को सुधारते रहना आवश्यक है। प्रशंसा भी व्यक्तित्व को प्रभावित करती है। यह मन में मधुरता घोलती है, पर उसके भीतर अहंकार का खतरा भी छिपा होता है। इसलिए धैर्यवान और सजग लोग प्रशंसा को विनम्रता के साथ स्वीकार करते हैं और उसे बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बना लेते हैं। यही संतुलन किसी के व्यक्तित्व को परिपक्व बनाता है।

**स्वामी अवधेशानंद गिरि**

## ॥ गीता ज्ञान ॥



**श्लोक**

**आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान् रिपुः!**
**नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति !!**

**भावार्थ**

मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु आलस्य है। मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र परिश्रम होता है क्योंकि परिश्रम करने वाला कभी दुखी नहीं रहता।

# हाई स्कूल में 15 एवं हायर सेकेण्ड्री में 1 टॉपर को प्रदेश मैरिट में मिली जगह

जागरण परिणाम

## हाई स्कूल में अभय गुप्ता को दूसरा एवं कु. अनन्या वर्मा को मिला तीसरा स्थान

### 10वीं का 81.61 प्रतिशत एवं 12वीं का 90 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम





लवकुश तिवारी



ऋतिक रोशन गुप्ता



अभ्युदय नवैत



सागर गुप्ता



मनीष कुमार गुप्ता



कु. अपेक्षा मिश्रा



ओनिका शुक्ला



अनन्या वर्मा



अनन्या विश्वकर्मा



ऋतिक रोशन गुप्ता



अभय गुप्ता

जागरण, सीधी

मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आज हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे घोषित किए गए। सीधी जिले का 10वीं का परीक्षा परिणाम 81.61 प्रतिशत एवं हायर सेकेण्ड्री का 90 प्रतिशत रहा। हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में गत वर्ष की तुलना में 1 प्रतिशत वृद्धि हुई है। सीधी जिला प्रदेश में चौदहवां स्थान एवं संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। वहीं कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा। गत वर्ष की तुलना में 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 12वीं में सीधी जिला प्रवेश में 5वां स्थान एवं संभाग में प्रथम स्थान पर रहा। हाई स्कूल परीक्षा के घोषित नतीजे में सीधी जिले के 15 टापरों को प्रदेश मैरिट में जगह मिली है। वहीं हायर सेकेण्ड्री प्रदेश मैरिट में सीधी जिले के एक छात्र को जगह मिली। हाई स्कूल की परीक्षा में प्रदेश मैरिट में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के छात्र अभय गुप्ता पिता कैलाश गुप्ता को दूसरा स्थान मिला। वहीं सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीधी की छात्रा कुं. अनन्या वर्मा पिता निरंजनलाल वर्मा को तीसरा एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के छात्र आयुष द्विवेदी पिता पवन कुमार द्विवेदी को पांचवा स्थान मिला। हाई स्कूल परीक्षा में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के छात्रों का दबदबा रहा। इस विद्यालय के 5 छात्रों ने प्रदेश मैरिट में जगह पाकर समूचे विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के आयुष द्विवेदी को पांचवा, छात्र मनीष गुप्ता पिता विकास गुप्ता को आठवां स्थान, कुं. अपेक्षा मिश्रा पिता अभय कुमार मिश्रा, रितिक रोशन गुप्ता पिता प्रहलाल गुप्ता, अभ्युदय नवैत पिता राजमन नवैत को 10 वां स्थान मिला है। हाई स्कूल प्रदेश मैरिट में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 सीधी के 3 छात्रों को जगह मिली है। अभय गुप्ता को दूसरा स्थान, प्रिंस पटेल को छठवां स्थान एवं चैतन्य सिंह चौहान को दशवां स्थान मिला है। उधर हायर सेकेण्ड्री परीक्षा की प्रदेश मैरिट सूची में सीधी जिले से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकरी के छात्र लवकुश तिवारी पिता संतोष तिवारी को गणित समूह से 10वां स्थान मिला है। इनके अलावा हायर सेकेण्ड्री की परीक्षा की प्रदेश मैरिट में किसी अन्य छात्र को किसी भी विषय समूह से जगह नहीं मिली है। हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री की जिला मैरिट में मेधावी छात्र-छात्राओं ने अपनी जगह बनाते हुए अपने विद्यालयों को गौरवान्वित किया। जिला मैरिट में शा. उत्कृष्ट विद्यालय सीधी के तीन विद्यार्थियों को जगह मिली है। इस बार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरौला के पांच छात्रों को जगह मिलने से उसका दबदबा कायम हुआ है। विद्यालय स्तर पर बोर्ड परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं में भी खुशी की लहर है। मेधावी छात्र-छात्राओं को परीक्षा परिणामों की घोषणा होने के साथ ही बधाई देने का सिलसिला चल रहा है।

### हाई स्कूल की प्रदेश मैरिट में सीधी के छात्रों का प्रदर्शन

| छात्र/छात्रा | स्कूल | मैरिट में स्थान |
|---|---|---|
| अभय गुप्ता | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | दूसरा |
| कुं. अनन्या वर्मा | सरस्वती उमावि सीधी | तीसरा |
| आयुष द्विवेदी | शाउमावि पथरौला | पांचवा |
| प्रिंस पटेल | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | छठवां |
| सत्यम गुप्ता | डीबीएस पब्लिक हाई स्कूल पड़रा | सातवां |
| मनीष गुप्ता | शाउमावि पथरौला | आठवां |
| कुं. ओमिका शुक्ला | शिवम पब्लिक स्कूल बड़खरा | आठवां |
| अभिषेक सिंह चौहान | होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल सीधी | नौवां |
| कुं. अनन्या विश्वकर्मा | सरस्वती उमावि मड़रिया सीधी | नौवां |
| ज्ञान प्रकाश पटेल | गांधी हाई स्कूल सीधी | नौवां |
| चैतन्य सिंह चौहान | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | दसवां |
| कुं. अपेक्षा मिश्रा | शाउमावि पथरौला | दसवां |
| रितिक रोशन गुप्ता | शाउमावि पथरौला | दसवां |
| अभ्युदय नवैत | शाउमावि पथरौला | दसवां |
| सागर गुप्ता | सांदीपनि बालक उमावि मझौली | दसवां |

### हायर सेकेण्ड्री प्रदेश मैरिट सूची

| छात्र/छात्रा | स्कूल | मैरिट में स्थान |
|---|---|---|
| लवकुश तिवारी (गणित समूह) | शा.उ.मा.वि. टिकरी | दसवां |

### हाई स्कूल की जिला मैरिट में छात्रों का प्रदर्शन

| छात्र/छात्रा | स्कूल | मैरिट में स्थान |
|---|---|---|
| अभिषेक कोल | एकलव्य पब्लिक स्कूल पडैनिया | प्रथम |
| प्रिंस चौहान | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | प्रथम |
| आदित्य तिवारी | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | प्रथम |
| प्रियांशु पटेल | अजय हाई स्कूल पड़खुरी | प्रथम |
| शिवेन्द्र पटेल | सरस्वती हाई स्कूल सुभाष नगर | प्रथम |
| अर्तिका द्विवेदी | डी.व्ही.एस हाई स्कूल पड़रा | प्रथम |
| सूरज गुप्ता | रॉयल फोर्ड हाई स्कूल धुंआडोल | द्वितीय |
| अवर्णा सिंह | सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर नैकिन | द्वितीय |
| रीतू तिवारी | श्री गणेश हा.से. अमहा सीधी | द्वितीय |
| प्रज्ञांशी सिंह बाघेल | एकलव्य पब्लिक हा.से. पडैनिया | द्वितीय |
| ओम पाठक | विध्या एकेडमी हाई स्कूल चुरहट | द्वितीय |
| साक्षी साहू | काशी हा.से. स्कूल अमिलिया | द्वितीय |
| शैलजा यादव | गांधी हाई स्कूल सीधी | तृतीय |
| वेद सिंह | गांधी हाई स्कूल सीधी | तृतीय |
| साक्षी पाण्डेय | गांधी हाई स्कूल सीधी | तृतीय |
| शिवाक्षत शुक्ला | शा. उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | तृतीय |
| प्रांजल यादव | शाउमावि चकडौर | तृतीय |
| सीता यादव | शाउमावि नौढ़िया | तृतीय |

### हायर सेकेण्ड्री की जिला मैरिट में छात्रों का प्रदर्शन

| छात्र/छात्रा | स्कूल | विषय समूह | मैरिट में स्थान |
|---|---|---|---|
| कुं. अंजली मिश्रा | सांदीपनि माडल स्कूल रामपुर | कला | प्रथम |
| नीरज श्रीवास | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | कला | द्वितीय |
| शिवांग सिंह | एकलव्य हा.से. पडैनिया | गणित | प्रथम |
| कुं. प्राची पटेल | रॉयल पब्लिक स्कूल चुरहट | जीव विज्ञान | द्वितीय |
| प्रांशू गुप्ता | शाउमावि पथरौला | गणित | तृतीय |
| कुं. जागृति सोनी | सरस्वती उमावि मड़रिया | गणित | तृतीय |
| कुं. दीपिका मिश्रा | शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | कामर्स | प्रथम |
| कुं. प्रमिला साहू | पंचमुख हा.से. स्कूल रामपुर | कामर्स | द्वितीय |
| कुं. अंजली सिंह | शा. उत्कृष्ट विद्यालय सीधी | कृषि | प्रथम |
| कुं. लक्ष्मी साकेत | सांदीपनि कन्या उमावि सीधी | गृह विज्ञान | प्रथम |

# शहर एवं ग्रामीण अंचल की खबरें

## शा उमावि उमरिया का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम




**जागरण, मझौली।** जारी हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्य प्रदेश भोपाल के परीक्षा परिणाम मे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरिया का उत्कृष्ट परिणाम रहा। जारी परिणाम मे कक्षा 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणामों में शैक्षणिक उत्कृष्टता का लोहा मनवाया है। जिसमें विज्ञान गणित संकाय की छात्रा कु. पवित्रम गुप्ता ने 500 में से 443 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं विज्ञान गणित संकाय के छात्र शुभम सिंह एवं कला संकाय के छात्र हर्ष गुप्ता ने 500 में से 440 अंक प्राप्त कर सम्मिलित रूप से विद्यालय में द्वितीय स्थान हासिल किए हैं। वही हाई स्कूल कक्षा 10 में हाई कुल 48 दर्ज विद्यार्थियों में से 47 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। गौरव की बात यह है कि सम्मिलित होने वाले सभी 47 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। जिसमें 44 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी व 3 द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कक्षा 12वीं में भी विद्यालय का दबदबा रहा। कुल 110 दर्ज विद्यार्थियों में से 109 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 107 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 98.17 प्रतिशत रहा। विद्यालय के इस शानदार परिणाम पर प्राचार्य अशोक कुमार बैस ने सभी सफल विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, समर्पित शिक्षक वृन्द के मार्गदर्शन और अभिभावकों के अटूट विश्वास को दिया है। इस उपलब्धि से पूरे विद्यालय परिवार और स्थानीय क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है।

## चुरहट विधायक के निवास शिवराजपुर में लगा जनता दरबार



**जागरण, सीधी।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट के वर्तमान विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने अपने निज निवास शिवराजपुर में जनता दरबार आयोजित कर क्षेत्रीय लोगों की समस्याएं सुनीं। जानकारी के मुताबिक यह आयोजन बुधवार सुबह लगभग 10 बजे से शुरू हुए इस जनता दरबार में चुरहट सहित सीधी और आसपास के विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस दौरान लोग अपने नेता से भेंट-मुलाकात करने के साथ-साथ क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंचे। विधायक अजय सिंह राहुल भैया ने गंभीरता से सभी की बातें सुनीं और कई मामलों में तत्काल संबंधित अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं कई आवेदनों पर अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जनता दरबार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में आमजन भी उपस्थित रहे। इस पहल से लोगों में राहत और विश्वास का माहौल देखा गया।

## जिला चिकित्सालय में निःशुल्क ह्रदय परामर्श शिविर 18 को

**जागरण, सीधी।** जिले में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 18 अप्रैल 2026 को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में निःशुल्क ह्रदय स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में महाकौशल के सुप्रसिद्ध ह्रदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अखिलेश दुबे एमडी, डीएम कार्डियोलॉजी, एम्स नई दिल्लीए गोल्ड मेडलिस्ट द्वारा अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान की जाएंगी।


**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2026-27 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**
Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


## अल्ट्राटेक बघवार में फायर सर्विस डे पर कार्यक्रम आयोजित

### अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में मनाया गया कार्यक्रम




जागरण, सीधी

अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट वर्क्स, बघवार में 14 अप्रैल 2026 को फायर सर्विस डे के अवसर पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एफएचएचआर अभिषेक शर्मा, डीएच एडमिन एवं सिक्योरिटी दिनेश शर्मा तथा सेफ्टी डीएच दिवाकर विश्वकर्मा द्वारा 14 अप्रैल 1944 को शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। उल्लेखनीय है कि 14 अप्रैल 1944 को एसएस फोर्ट स्टिकीन नामक मालवाहक जहाज में हुए भीषण विस्फोट में कई अग्निशमन कर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। इसी घटना की स्मृति में प्रतिवर्ष फायर सर्विस डे मनाया जाता है। 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक आयोजित फायर सर्विस सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के लिए विभिन्न अग्नि सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर फायर फाइटिंग टीम के साथ-साथ सेफ्टी एवं सिक्योरिटी विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ने सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## अमिलिया कांड में कार्रवाई हेतु शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन



**जागरण, सीधी।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के उपरांत 14 अप्रैल को थाना अमिलिया में हुई हिंसक घटना ने पूरे क्षेत्र में चिंता का माहौल पैदा कर दिया है। जानकारी के अनुसार दो गुटों के आपसी विवाद के बीच सैकड़ों की संख्या में उपद्रवी, मुंह पर नकाब बांधकर थाना परिसर में घुस गए और वहां मौजूद थाना प्रभारी सहित पुलिस कर्मचारियों के साथ मारपीट की। शिवसेना प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक पाण्डेय ने कहा कि इस दौरान उपद्रवियों ने न केवल पुलिसकर्मियों पर हमला किया, बल्कि थाना परिसर में जमकर तोड़फोड़ करते हुए शासकीय संपत्ति को भी भारी नुकसान पहुंचाया। यह घटना कानून व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौती मानी जा रही है। घटना को लेकर प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग उठ रही है। संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवेदन में कहा गया है कि सभी आरोपियों की शीघ्र पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही, ऐसे असामाजिक तत्वों पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम रासुका सहित अन्य धाराओं के तहत कठोर कदम उठाने की मांग की गई है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय का बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्श





**जागरण, सीधी।** राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय ने मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाई स्कूल परीक्षा में अपने व्यस्ततम कार्यक्रम के बावजूद 92 प्रतिशत अंक हांसिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। गांधी हाई स्कूल सीधी की मेधावी छात्राओं में शुमार मान्या पाण्डेय की व्यस्तता अपने मंचीय कार्यक्रमों में ज्यादा बनी रही। फिर भी उन्होने अपने खाली समय में पठन-पाठन को खास तरजीह दिया। इसी वजह से 92 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी मेधावी क्षमता का प्रदर्शन किया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय पूरे देश में कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती हैं। उनके द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ संवाद के दौरान अपनी लोक गायिका की गहरी पैठ बनाई हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में बेहतरीन प्रस्तुति दीं जिसके चलते प्रधानमंत्री भी 13 मिनट तक पूरी तन्मयता के साथ कार्यक्रम को देखते रहे। मान्या पाण्डेय की हाई स्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर देश भर के लाखों फैंश सोशल मीडिया में बधाई दे रहे हैं। विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं सहपाठियों के साथ ही शुभचिंतकों द्वारा बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की गई है। मप्र श्रमजीवी पत्रकार संघ द्वारा आज राष्ट्रीय लोक गायिका मान्या पाण्डेय की बोर्ड परीक्षा में अव्वल अंक आने पर साथियों के संग सम्मानित किया गया। इस दौरान संभागीय महासचिव आदित्य सिंह, जिलाध्यक्ष हरीश मिश्रा, जगन्नाथ द्विवेदी, कृपाशंकर तिवारी, रामलखन गौतम, हरिशचंद्र मिश्रा, संतोष तिवारी, प्रवीण तिवारी, मनीष मिश्रा, प्रवेश शुक्ला, अभिमन्यु पाण्डेय, कमल पाण्डेय सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ के अन्य सांथी उपस्थित थे।

# थाना में उपद्रव और शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार

### अंबेडकर जयंती के दौरान भीम आर्मी के लोगों ने की थी मारपीट





जागरण, सीधी

जिला सीधी के थाना अमिलिया क्षेत्र के अंतर्गत डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर निकाली जा रही रैली के दौरान उपजे विवाद और उसके पश्चात थाने पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 4 मुख्य आरोपियों को हिरासत में लेकर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस ने उपद्रवियों के विरुद्ध विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 14 अप्रैल 2026 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के उपलक्ष्य में अमिलिया बाजार से हटवा सभा स्थल के लिए एक रैली निकाली जा रही थी। रैली जब अमिलिया हायर सेकेंडरी स्कूल के पास पहुँची, तब सड़क किनारे खड़ी एक बोलेरो के कारण यातायात बाधित होने जाम लगने की स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान बोलेरो चालक मनीष तिवारी और रैली में शामिल पक्ष के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तत्काल हस्तक्षेप कर स्थिति को शांत कराया और रैली को गंतव्य के लिए रवाना किया। घटना के कुछ समय पश्चात करीब 50-60 लोगों की उग्र भीड़ ने अचानक अमिलिया थाने का घेराव कर दिया। भीड़ की मांग थी कि मारपीट करने वाले दूसरे पक्ष के लोगों को तत्काल उनके हवाले किया जाए। पुलिस स्टाफ द्वारा समझाने के बावजूद भीड़ हिंसक हो गई और लाठी-डंडों व पत्थरों से थाने पर हमला कर दिया। उपद्रवियों ने थाने के अंदर घुसकर फर्नीचर, पंखे, लाइट और खिड़कियों के कांच तोड़ दिए। थाने की सुरक्षा के लिए लगे सीसीटीव्ही कैमरों और उनके तारों को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। एचसीएम रूम में घुसकर शासकीय कार्य में बाधा डाली गई और तोड़फोड़ की गई। इस हिंसक हमले में थाने के तीन कर्मचारी घायल हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस बल के पहुंचते ही उपद्रवी मौके से अपनी 11 मोटरसाइकिलें और 1 बोलेरो छोड़कर फरार हो गए, जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला सीधी सहित मऊगंज, रीवा और सतना से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया है। उक्त आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 173/2026 के तहत धाराएं 191(2), 190, 132, 121(1), 324(3), 331(5) बीएनएस एवं धारा 3,4 सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। अब तक 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य संदेही व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।

# 10वीं के परीक्षा परिणाम में कटनी जिले का बेहतर प्रदर्शन

**जागरण, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने भोपाल के समत्व भवन से बुधवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा कक्षा 10वीं और 12वीं की आयोजित परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। इसमें कटनी जिले के छात्र छात्राओं ने अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। कटनी जिले का इस साल का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 84.42 फीसदी रहा। जो पिछले वर्ष से 3 प्रतिशत अधिक है। इस वर्ष जिले की प्रदेश में रैंक 11वीं है। जबकि पिछले वर्ष 17वीं रैंक थी। जबकि बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.58 प्रतिशत रहा। 12वीं के परीक्षा परिणाम के नजरिये से इस साल प्रदेश की मेरिट में जिले का 27वां स्थान है।

परीक्षा की तैयारी के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा प्राचार्यों की नियमित अंतराल पर ली गई समीक्षा बैठकों के साथ साथ छात्रों के लिए परीक्षा के एक माह पहले से सक्सेस 3.0 के तहत प्रतिदिन परीक्षा की तैयारी कराने से बेहतर परिणाम की सफलता मिली है। यह सभी प्रश्न पत्र शासकीय विद्यालयों के शिक्षकों के द्वारा तैयार कर स्कूलों में भेजे जाते थे। इसी मापदंड के आधार पर छात्रों को अध्ययन, अध्यापन कराने से सफलता मिली है। परीक्षा परिणाम की बेहतरी के लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने सदैव शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों और प्राचार्यों को छात्रों को पढ़ाई हेतु निरंतर प्रेरित और प्रोत्साहित करते रहने की बात कहते रहे हैं।

## कटनी जिले को मिली बड़ी कामयाबी

पिछले साल का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 81.13 फीसदी रहा था, वहीं इस वर्ष यह परिणाम बढ़ कर अब 84.42 प्रतिशत हो गया है। इस प्रकार 10वीं के परीक्षा परिणाम में कुल 3.29 फीसदी की वृद्धि हुई है। जबकि कटनी जिले के बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बीते साल की तुलना में 2.81 फीसदी की कमी हुई है। इस साल 12 वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 79.58 प्रतिशत रहा जो पिछले साल के परीक्षा परिणाम 82.39 प्रतिशत से कम है।

## राज्य के परीक्षा परिणाम से बेहतर है कटनी का रिजल्ट

बोर्ड परीक्षाओं के राज्य के औसत परीक्षा परिणामों की तुलना में कटनी जिले का 10वीं और 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम कहीं बेहतर है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में राज्य का औसत परीक्षा परीणाम 73.42 प्रतिशत रहा। जबकि कटनी जिले का 10वीं कक्षा का परिणाम 84.42 फीसदी है। इस प्रकार राज्य की तुलना में जिले के परीक्षा परिणाम से 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में राज्य का औसत परीक्षा परिणाम 76.01 फीसदी है। जबकि कटनी जिले का परीक्षा परिणाम 79.58 फीसदी है जो राज्य के कक्षा 12 वीं के औसत परीक्षा परिणाम से 3.57 फीसदी अधिक है।

## प्रदेश की रैंकिंग में इन छात्रों ने अर्जित किया स्थान

कक्षा 12वीं में पुष्कर पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झण्डा चौक उमरियापान स्कूल के शिवम लोधी ने गणित संकाय से प्रदेश में पांचवा स्थान अर्जित किया है। जबकि ग्रेश मिशन इंगलिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद की सब्यसांची पाण्डे को गणित संकाय से प्रदेश में आंठवा स्थान मिला है। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में किड्स अकादमी खन्ना बंजारी बरही स्कूल के आदित्य तिवारी और शासकीय माडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बडवारा स्कूल की कुमारी प्रतिभा को प्रदेश में सांतवा स्थान मिला है। जबकि सरस्वती शिशु मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल बरही के सौरभ सिंह मार्को और कुमारी नोबल हार्ट पब्लिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी की श्वेता पाण्डे ने प्रदेश में आंठवा स्थान अर्जित किया है। वहीं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरैया की कुमारी खुश्बू लोधी को प्रदेश में नौंवा स्थान मिला है। इसके अलावा शासकीय हाई स्कूल देवराखुर्द की कुमारी शिवानी और ग्रेश मिशन इंगलिश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद स्कूल की कुमारी तन्वी गुप्ता को दसवां स्थान मिला है।

## निजी स्कूलों से बेहतर रहा शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम

माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 10वीं और 12वीं का बुधवार को घोषित किये गये परीक्षा परिणाम के मुताबिक कटनी जिले के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में बेहतर रहा। कटनी जिले के शासकीय स्कूलों का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम जहां 84.42 प्रतिशत रहा वहीं अशासकीय व निजी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 74.56 प्रतिशत रहा। इस प्रकार सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में 9.86 फीसदी अधिक रहा। इसी प्रकार कक्षा 12 वीं के शासकीय स्कूलों का परीक्षा परिणाम 81.72 फीसदी रहा वहीं निजी स्कूलों का परीक्षा परिणाम 73.96 प्रतिशत रहा। इस प्रकार कक्षा 12वीं में भी शासकीय स्कूलों ने बाजी मारी। इस प्रकार सरकारी स्कूलों का परिणाम निजी स्कूलों की तुलना में 7.76 फीसदी अधिक है।

## कलेक्टर ने दी बधाई

कलेक्टर श्री तिवारी ने 10वीं व 12वीं की परीक्षा पास करने वाले छात्र छात्राओं और उनके अभिभावकों और अध्यापकों को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने परीक्षा मे सफल हुए सभी छात्रों के परिश्रम और लगन की सराहना करते हुए कहा कि ये सभी छात्र कटनी जिले का स्वर्णिम भविष्य है।

## असफल छात्र न हो निराश

कलेक्टर ने कहा है कि जिन छात्रों के अंक परीक्षा में कम आये है या फिर किसी कारण से वे परीक्षा से असफल हो गए है उन्हे निराश और हताश होने की जरूरत नहीं है। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि बेसक असफलता निराश और दुखी करती है लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि आप आगे कुछ और नहीं कर सकते। असफलता से ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। इसलिए असफल छात्र धैर्य और साहस बनाये रखें और कड़ी मेहनत कर इतिहास रच दें। बताते चलें कि बुधवार को घोषित परीक्षा परिणाम में कटनी जिले की 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में राज्य स्तर पर 11वां स्थान है। वहीं 12वीं कक्षा के परिणाम के मामले में कटनी जिले की प्रदेश में 27वीं रैंक है।

# ढीमरखेड़ा में वन्यजीवों के शिकार की साजिश नाकाम, 3 शिकारी गिरफ्तार



**कटनी।** जिले के ढीमरखेड़ा तहसील अंतर्गत वन विकास निगम की टीम ने वन्यजीवों के शिकार की एक बड़ी योजना को विफल कर दिया है। कुंडम प्रोजेक्ट की टीम ने देर रात परसेल और भमका के जंगलों में छापेमारी कर तीन शिकारियों को रंगे हाथों पकड़ने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार वन विकास निगम कुंडम परियोजना की डिप्टी डीएम अभिश्वेता रावत को मुखबिर से पुख्ता सूचना मिली थी कि भमका गांव के पास कुछ शिकारी जंगली जानवरों को करंट लगाकर शिकार करने की नीयत से घात लगाए बैठे हैं। सूचना मिलते ही विभाग ने एक विशेष टीम का गठन किया और मौके पर दबिश दी।

## करंट लगाने का सामान और बाइक जब्त

वन विभाग की टीम ने घेराबंदी कर दादर सिंहुडी गांव के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। हालांकि एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। टीम ने मौके से शिकार में इस्तेमाल होने वाला तार, करंट लगाने के उपकरण और दो मोटरसाइकिलें जब्त की हैं। पकड़े गए तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। फरार आरोपी जो जबलपुर जिले के कुंडम थाना अंतर्गत ग्राम बरहा का निवासी बताया जा रहा है उसकी तलाश जारी है।

## मादा तेंदुए की मौत से जुड़ा हो सकता है मामला

विभागीय सूत्रों के अनुसार कुछ समय पहले इसी क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से एक मादा तेंदुए की मौत हुई थी। प्राथमिक आशंका जताई जा रही है कि पकड़े गए शिकारी लंबे समय से इस क्षेत्र में सक्रिय थे और उस घटना में भी इनकी संलिप्तता हो सकती है।

कड़ी कार्रवाई की चेतावनी

डिप्टी डीएम अभिश्वेता रावत ने बताया कि चारों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वन्यजीवों को नुकसान पहुँचाने वालों के खिलाफ विभाग की यह सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**In The Court Of IV Civil Judge Class-I, District Court, Rewa**
Presiding Officer: दयाल सिंह सूर्यवंशी
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000004/2026)

नीलू मिश्रा ................. आवेदक
VS
शाखा प्रबंधक महोदय रीवा सीधी ग्रामीण बैंक वर्तमान मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक
.........अनावेदक
Process Id:-/2026
पेशी दिनांक – 25.04.2026

प्रेषिती–
(1) समस्त आम जनता पता– जिला रीवा म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नीलू मिश्रा पता ने मृतक स्व. बृजेश कु. मिश्रा निवासी माल्वीय मार्ग वेलौहन टोला बिछिया जिला रीवा (म.प्र.) की राशि 53,99,906/– तिरपन लाख निन्यानवे हजार नौ सौ छः रूपये मात्र राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 25 अप्रैल 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25 अप्रैल 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 08 अप्रैल 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

यदि किसी कारणवस उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

मुद्रा
न्यायाधीश
(दयाल सिंह सूर्यवंशी)
चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड
जिला रीवा (म.प्र.)
RN- 85025

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप रॉयल को 2025 के उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित



**कटनी।** अतिशय क्षेत्र चांदखेड़ी में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन अत्यंत ही भव्य रहा फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोहर झंझरी, सचिव विनय जी, कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल एवं महाकौशल विन्ध्य रीजन अध्यक्ष मनोज जी, सचिव हेमंत जी एवं कोषाध्यक्ष सुनील घीया की उपस्थिति में दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल के अध्यक्ष अंकित जैन को श्रेष्ठ अध्यक्ष के अवार्ड से एवं ग्रुप के सचिव मयंक जैन को पूरे फेडरेशन में सर्वश्रेष्ठ सचिव के अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी श्रृंखला में पूरे रॉयल ग्रुप को बेस्ट ग्रुप का अवार्ड एवं अन्य गतिविधियों जैसे पर्यावरण सुरक्षा, धार्मिक गतिविधियां, मनोरंजक गतिविधियों, मानव सेवा, स्वास्थ्य शिविर, जीव दया इन सभी उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिगंबर जैन सोशल ग्रुप रॉयल को 7 अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का ध्वजारोहण वर्तमान अध्यक्ष आकेत जैन के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष अंकित जैन, रॉयल वर्तमान अध्यक्ष आकेत जैन, सचिव मयंक जैन, कार्य अध्यक्ष अमित जैन, मीडिया प्रभारी अंकुश जैन इन सभी सदस्यों की उपस्थिति रही।

# सुदामा गौतम का निधन

**जागरण गोहपारू।** कोयलांचल क्षेत्र के सुदामा गौतम का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके निधन की खबर फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और उनके परिचितों व शुभचिंतकों ने गहरा दुःख व्यक्त किया। स्वर्गीय सुदामा गौतम अपने सरल, मिलनसार और मृदुभाषी स्वभाव के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन परिवार की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने विवाह न करने का निर्णय लेते हुए ब्रह्मचर्य जीवनशैली अपनाई और अपने परिजनों की देखभाल को ही अपना प्रमुख उद्देश्य बनाया। उनके इस त्याग और समर्पण की लोग सराहना करते थे।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं ऋषभ सिंह, पिता श्री दिनेश सिंह, निवासी ग्राम मैराहा, पोस्ट जुडमनिया, जिला मऊगंज (म.प्र.), शपथपूर्वक यह घोषणा करता हूं कि–मेरी पत्नी का विवाह पूर्व नाम अन्नपूर्णा पाण्डेय आधार कार्ड में अंकित था। विवाह उपरांत मैंने अपनी पत्नी का नाम बदलकर अन्नपूर्णा सिंह करा दिया था। कुछ समय पश्चात पुनः नाम परिवर्तन कराकर अन्नपूर्णा पाण्डेय करवा दिया गया था। अब मैं पुनः अपनी पत्नी के आधार कार्ड में पत्नी का नाम अन्नपूर्णा सिंह कराना चाहता हूं। अतः अब मेरी पत्नी को अन्नपूर्णा सिंह के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए। यह घोषणा मैं पूर्णतः सत्य एवं स्वेच्छा से कर रहा हूं। यदि इसमें कोई तथ्य असत्य पाया जाता है तो मैं उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।

**( ऋषभ सिंह )**

## कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला=सीधी, 486661, ( मध्यप्रदेश )
फोन नम्बर–7822297542
E.mail.Fdsajnp.sdh@mp.gov.in fdsanjay_tr@rediffmail.com, website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई–निविदा/2026/2704 सीधी दिनांक 09.04.2026

**–: ई–निविदा सूचनाः–**

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में शासकीय पौधा रोपाण हेतु चैनलिंक जाली एवं आर.सी.सी. पोल के लिये निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र बगदरा/ब्यौहारी बफर/मड़वास बफर/टमसार/ भुईमाड बफर के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का नाम | परिक्षेत्र का नाम | मात्रा | प्रदाय स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | चैनलिंग जाली ऊंचाई 6 फिट उच्च क्वालिटी | बगदरा, ब्यौहारी बफर मड़वास बफर, टमसार बफर भुईमाड बफर | 6000 र.मी. | बगदरा, ब्यौहारी बफर, मड़वास बफर, टमसार बफर, भुईमाड बफर |
| 2. | आर.सी.सी. पोल ऊचाई 8 फिट उच्च क्वालिटी | बगदरा, ब्यौहारी बफर मड़वास बफर, टमसार बफर, भुईमाड बफर | 2000 नग | बगदररा, ब्यौहारी बफर मड़वास बफर, टमसार बफर, भुईमाड बफर |

इस निविदा के लिये दिनांक 16.04.2026 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे है। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 20.05.2026 रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 21.05.2026 को रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest..gov in पर भी देखी जा सकेगी।

उपसंचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी
G-11601/26

## एनकेजे में बाबा साहेब की 135वीं जयंती पर रेलवे एससी एसटी एसोसिएशन का आयोजन

**कटनी।** डॉ.भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर नई कटनी जंक्शन एनकेजे में सामाजिक एकता और सम्मान का अद्भुत नजारा देखने को मिला। ऑल इंडिया एससी एसटी रेलवे एम्प्लॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम ने पूरे क्षेत्र में एक सशक्त संदेश दियाकृसमानताए न्याय और अधिकारों का। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जयंती समारोह पूरे श्रद्धा और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ साथ विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां वक्ताओं ने बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन और उनके क्रांतिकारी विचारों को विस्तार से रखा।

## पश्चिम मध्य रेल

प्रधान कार्यालय, कार्मिक विभाग, जबलपुर–482001
पत्र क्र. पमरे/का.मुख्या/राज./Engg.-Traffic/Re-engagement, दि. 27.03.2026

**अधिसूचना**

**सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों को पुनर्नियोजित करने का प्रावधान - गति शक्ति यूनिट हेतु भरे जाने वाले पद**

रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2021/W-1/Genl/Gati Shakti/Pt(e-3397961) दिनांक 20.02.2023 के आलोक में GSU Unit जबलपुर एवं भोपाल में कार्यों के संचालन हेतु इंजीनियरिंग तथा परिचालन विभाग के लिए रेल सेवा से सेवानिवृत्त राजपत्रित अधिकारियों द्वारा भरे जाने वाले रिक्तियों का विवरण निम्नानुसार है-

| S. N. | Unit | Department | Requirement | No. Required |
|---|---|---|---|---|
| 01 | GSU Unit/ BPL | Engineering | Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer | 01 |
| | | Traffic | Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer | 01 |
| 02 | GSU Unit/ JBP | Engineering | Sr. Scale/Jr.Scale Gr.'B' Officer | 01 |
| | | | Total | 03 |

उपरोक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है। 65 वर्ष की आयु तक पुनर्नियोजन का प्रावधान है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21.04.2026 है।

इस सम्बन्ध में विस्तृत अधिसूचना एवं जानकारी पश्चिम मध्य रेल की वेबसाइट (https://wcr.indianrailways.gov.in) पर भी उपलब्ध है।

अन्य किसी जानकारी/पूछताछ के लिए ई-मेल (dycpogwcr@gmail.com), Railway Phone No. 54737 पर संपर्क किया जा सकता है।

सहा. कार्मिक अधिकारी/राज.,
कृते प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान - एक कदम स्वच्छता की ओर

## कार्यालय नगर परिषद बैकुण्ठपुर जिला– रीवा (म.प्र.)

E-mail ID- cmobaikuntpur@mpurban.gov.in
क्रमांक 49/ न. परि./संपत्ति अन्तरण/2026 बैकुण्ठपुर दिनांक 15.04.2026

**नामान्तरण सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 के चल, अचल संपत्ति अन्तरण नियम अन्तर्गत इस कार्यालय में संपत्ति कर/ समेकित कर पंजी में दर्ज भवन को अपने नाम अन्तरण करने का आवेदन पत्र प्राप्त हुआ है। जो निम्न है। यदि किसी के नाम परिवर्तन (अन्तरण) करने पर आपत्ति हो तो प्रमाणित अभिलेख सहित दिनांक 01.05.2026 तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्तियों पर कोई कार्यवाही नहीं की जावेगी।

| क्र. | वार्ड क्र. | भवन क्र. | वर्तमान भवन स्वामी का नाम | नामान्तरण का प्रकार | भवन अन्तरित व्यक्तियों का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 03 | 03/109 | स्व. जगन्नाथ तिवारी पिता स्व. दद्दी प्रसाद तिवारी | हिस्सा बांट | बृजेश कुमार तिवारी, भुपेन्द्र तिवारी पिता स्व. जगन्नाथ तिवारी बैकुण्ठपुर वार्ड 03 |
| 2 | 06 | 06/30 | संतोष कचेर पिता स्व. मेवालाल कचेर | विक्रय–पत्र | राजबहोर साहू पिता झल्ला साहू बैकुण्ठपुर वार्ड क्र. 06 |
| 3 | 10 | 10/84 | गिरिजा प्रसाद ताम्रकार पिता भैयालाल ताम्रकार | वारिसाना | संजीव कुमार ताम्रकार, पवन ताम्रकार पिता गिरिजा प्रसाद ताम्रकार, बैकुण्ठपुर वार्ड क्र. 10 |
| 4 | 15 | 15/175 | मो. आरिफ पिता गुलबहार खांन | विक्रय–पत्र | मो. इलियास पिता लाल मो. बैकुण्ठपुर वार्ड क्र. 15 |
| 5 | 15 | नाया मकान | अजय कुमार गुप्ता पिता कन्हैयालाल गुप्ता | | अजय कुमार गुप्ता पिता कन्हैयालाल गुप्ता बैकुण्ठपुर वार्ड क्र. 13 |
| 6 | 15 | 15/185 | भैयालाल गुप्ता पिता मुन्नालाल गुप्ता | वारिसाना | श्रवण गुप्ता पिता प्रदीप कुमार गुप्ता बैकुण्ठपुर वार्ड क्र. 15 |
| 7 | 15 | 15/341 | वासुदेव विश्वकर्मा पिता भूपति विश्वकर्मा | हिस्सा बांट | वासुदेव विश्वकर्मा, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, महेन्द्र विश्वकर्मा पिता भूपति विश्वकर्मा बैकुण्ठपुर वार्ड क्र. 15 |
| 8 | 13 | नया मकान | रेशमा बानो पिता गुलाम मुजतबा | | रेशमा बानो पिता गुलाम मुजतबा बैकुण्ठपुर वार्ड क्र. 13 |

मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद बैकुण्ठपुर
जिला–रीवा (म.प्र.)

## NATIONAL COUNCIL FOR CEMENT AND BUILDING MATERIALS (NCB)

# प्रवेश सूचना

### सीमेंट प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (2026-27)

(एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित)

एनसीबी, डीपीआईआईटी (उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग), वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्यरत है तथा सीमेंट एवं निर्माण उद्योगों के लिए अनुसंधान एवं विकास, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, परामर्श सेवाएं एवं प्रशिक्षण के कार्यों हेतु समर्पित है।

एनसीबी बल्लभगढ़ में संचालित एक वर्षीय (अगस्त 2026 से जुलाई 2027 तक) सीमेंट प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| पाठ्यक्रम का नाम | न्यूनतम पात्रता | वार्षिक शुल्क |
|---|---|---|
| सीमेंट टेक्नोलॉजी में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा | एम.एससी. (अधिमानतः रसायन विज्ञान) अथवा बी.ई./बी.टेक (अधिमानतः केमिकल इंजीनियरिंग/सीमेंट टेक्नोलॉजी | **स्व-वित्तपोषित अभ्यर्थी** ₹ 90,000 (जिसमें ट्यूशन शुल्क, सिमुलेटर प्रशिक्षण एवं संस्थागत सुविधाएं शामिल हैं)। **उद्योग प्रायोजित अभ्यर्थी** ₹ 3,70,000 (जिसमें ट्यूशन शुल्क, आवास/भोजन, सिमुलेटर प्रशिक्षण एवं अन्य संस्थागत सुविधाएं शामिल हैं)। |

- इच्छुक अभ्यर्थी 15 जून 2026 तक आवेदन करें। आवेदन में अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे- श्रेणी (सामान्य/प्रायोजित/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य), पत्राचार का पता, संपर्क नंबर, ई-मेल पता, शैक्षणिक योग्यता (कक्षा 10वीं से आगे) तथा कार्यानुभव (यदि कोई हो) अवश्य उल्लेखित करें।
- कार्यरत अभ्यर्थियों को अपने संबंधित नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। प्रायोजित अभ्यर्थियों को अपना आवेदन अपने नियोक्ता के माध्यम से भेजना होगा।
- अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS), दिव्यांगजन (PWD) आदि के लिए आरक्षण भारत सरकार के नियमों के अनुसार लागू होगा। आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों को संबंधित प्राधिकरण द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- ₹ 500/- (केवल पाँच सौ रुपये) का आवेदन शुल्क, जो कि अपरिवर्तनीय (नॉन-रिफंडेबल) है, ऑनलाइन भुगतान माध्यम से देय होगा। अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला अभ्यर्थियों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट प्रदान की गई है।
- पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र की स्कैन कॉपी तथा आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन कॉपी ई-मेल cceb@ncbindia.com पर भेजी जानी चाहिए। आवेदन पत्र एनसीबी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी निम्न गूगल फॉर्म लिंक के माध्यम से भी आवेदन कर सकते हैं- https://forms.gle/ntJ6BKUB8Eq859MEA

अभ्यर्थियों को नवीनतम जानकारी के लिए एनसीबी की वेबसाइट https://www-ncbindia-com/ncb&cce&events-php पर नियमित रूप से विजिट करने की सलाह दी जाती है। अतिरिक्त सूचना/संशोधनध्परिवर्तन (यदि कोई हो) केवल एनसीसीबीएम की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होंगे। चयन प्रक्रिया लिखित परीक्षा पर आधारित होगी, जिसके पश्चात केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया जाएगा।

ऑनलाइन भुगतान का विवरणः भुगतान RTGS/NEFT के माध्यम से 'नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मटेरियल्स' के पक्ष में, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सीआरआई, सेक्टर-4, फरीदाबाद-121004 में देय है। खाता संख्या 37301477161 तथा IFSC कोड SBIN0003794 है। अथवा गूगल फॉर्म में उपलब्ध UPI के माध्यम से भी भुगतान किया जा सकता है।

**केंद्र प्रमुख**
सेंटर फर कंटिन्यूइंग एजुकेशन सर्विसेज, नेशनल काउंसिल फॉर सीमेंट एंड बिल्डिंग मटेरियल्स, 34 कि.मी. स्टोन, दिल्ली-मथुरा रोड (एनएच-2), बल्लभगढ़-121004, फरीदाबाद, हरियाणा, भारत।
फोनः 91-129-2666868867
ई-मेलः cceb@ncbindia.com
वेबसाइटः www.ncbindia.com

CBC 05207/12/0001/2627

## MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

BLOCK NO. 7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
CIN : u40109MP2002SGC015120
Tel No: 0761 2702473, 2702442, e-mail : cepurez@yahoo.in

**ONLINE TENDER**

No. CGM (S&P)/EZ/GM-II/III/118 Jabalpur, dtd: 15.04.2026

Online Tenders are invited for following items:-

| Sr. No :- | Tender Specification No | Name of Work/Services | Lot No. | Name of Cirecle/ Office | Approx. Value (Rs.in Cr) | Tender Fees including GST @18% (In Rs) | EMD (Rs.) | Due date of opening of tender online from 15:30 hrs. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS-1695 (e-Tender No. 2026_PKVVC_498842_1 | Appointment of Service Provider Agency to supply Outsourced Manpower for different Operation and Maintenance works in Various Circles of MPPKVVCL, Jabalpur | I | Sagar & Damoh | 172.30 | 11800 | 1 Lakh | 06.05.2026 |
| 2 | | | II | Satna & Sidhi | 161.38 | | | |
| 3 | | | III | Rewa & Singrauli | 150.60 | | | |
| 4 | | | IV | Chhatarpur & & Tikamgarh | 135.49 | | | |
| 5 | | | V | Jabalpur (City) & Umariya | 121.94 | | | |
| 6 | | | VI | Mandla & Seoni | 112.72 | | | |
| 7 | | | VII | Panna & Katni | 103.79 | | | |
| 8 | | | VIII | Narsinghpur & Dindori | 99.89 | | | |
| 9 | | | IX | Shahdol & Anuppur | 79.96 | | | |

* For updated / Extended due dates for opening of tender (EMD in cover- & Techno-commercial bid in cover-2) Please refer to the online key dates.
For other details visit Company's website:- www.mpez.co.in or https;//mptenders.gov.in
'SAVE ELECTRICITY' CGM (S&P)
'' बिजली उपभोक्ता त्वरित सेवाओं के लिए 'स्मार्ट बिजली' एप का उपयोग करें''


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

# मंडला की बेटी ने प्रदेश में पाया दसवां स्थान

## प्रतिभाओं की कमी नहीं, सहायतार्थ समाज को आगे आना होगा : प्रफुल्ल मिश्रा



**जागरण मण्डला।** बुधवार को मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणामों की घोषणा की है। जहां मंडला की एक बेटी ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। होनहार छात्रा कृति साहू ने 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में 10वां स्थान प्राप्त किया है। कृति ने 500 में से 483 अंक अर्जित कर न केवल अपने परिवार बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। कृति गणित संकाय की छात्रा हैं और उनकी यह सफलता कठिन परिस्थितियों में की गई मेहनत का परिणाम है। वे एक आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से आती हैं जहां सीमित संसाधनों के बीच पढ़ाई जारी रखना भी किसी चुनौती से कम नहीं था। बावजूद इसके कृति ने कभी हार नहीं मानी और लगातार मेहनत व लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। कृति की इस सफलता के पीछे उनके परिजनों के साथ-साथ विद्यालय के शिक्षकों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन किया। वहीं एक सराहनीय पहल के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कृति की आर्थिक स्थिति को देखते हुए उसकी स्कूल फीस का निरंतर वहन किया। उनके इस सहयोग और प्रोत्साहन ने कृति को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी जिसका परिणाम आज पूरे प्रदेश के सामने है। कृति की इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी का माहौल है। परिजन, शिक्षक और स्थानीय जनप्रतिनिधि सभी ने उन्हें बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

# छतरपुर जिले के मेधावी छात्रों ने किया शानदार प्रदर्शन

## 10वीं-12वीं में लहराया परचम, रमेश साउंड सर्विस वाले संतोष ताम्रकार की बेटी ने जिले का नाम किया रोशन

**छतरपुर।** छतरपुर जिले के विद्यार्थियों ने इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। 12वीं कक्षा में हर्ष शर्मा ने 482 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, रमेश साउंड सर्विस वाले संतोष ताम्रकार की बेटी अंजलि ताम्रकार ने 477 अंक प्राप्त कर कॉमर्स संकाय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में रिक्कू पटेल ने 474 अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि कुमारी अनुष्का गुप्ता ने 479 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई।

इसी तरह, 10वीं कक्षा के परिणामों में भी छात्रों ने शानदार सफलता दर्ज की। कुमारी शिवानी कुशवाहा, देवव्रत दुबे, कुमारी अंजली कुशवाहा, कुमारी उर्वशी अग्रवाल और कुमारी शालिनी पटेल ने 489 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

द्वितीय स्थान पर अर्पित तिवारी और अंजना पटेल रहे, जिन्होंने 488 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इन सभी विद्यार्थियों की सफलता से जिले में खुशी का माहौल है। अभिभावकों और शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## छतरपुर जिला अस्पताल में दलालों का नेटवर्क सक्रिय

**छतरपुर।** छतरपुर जिला अस्पताल से एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है, जहां कथित तौर पर प्राइवेट अस्पतालों के दलालों का नेटवर्क सक्रिय हो गया है। आरोप है कि ये दलाल अस्पताल में भर्ती मरीजों को बहला-फुसलाकर निजी क्लीनिकों में इलाज कराने के लिए ले जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, मरीजों को बेहतर इलाज का झांसा देकर निजी अस्पतालों में भेजा जा रहा है, जहां उनसे भारी-भरकम रकम वसूली जा रही है। इस पूरे खेल में सबसे ज्यादा नुकसान गरीब और जरूरतमंद मरीजों को उठाना पड़ रहा है, जो सरकारी अस्पताल पर भरोसा करके आते हैं। अस्पताल परिसर में दलालों की खुलेआम मौजूदगी कई गंभीर सवाल खड़े कर रही है। स्थानीय लोगों और मरीजों के परिजनों का कहना है कि यह गतिविधि लंबे समय से चल रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे। अब सवाल उठ रहे हैं कि क्या अस्पताल प्रबंधन को इस पूरे नेटवर्क की जानकारी नहीं है, या फिर जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? अब तक दलालों के खिलाफ किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई सामने नहीं आई है, जिससे प्रशासन की कार्यप्रणाली पर संदेह गहराता जा रहा है। मामले के उजागर होने के बाद अब लोगों की नजर प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

# मण्डला जिले ने बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

## उत्कृष्ट परिणाम से मण्डला ने प्रदेश में बनाई खास पहचान

**जागरण मंडला।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं में मण्डला जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रदेश स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।कक्षा 10वीं में 89.85 प्रतिशत परिणाम के साथ जिले ने प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12वीं में 89.41 प्रतिशत परिणाम के साथ छठा स्थान हासिल किया।प्रदेश स्तरीय प्रावीण्य सूची में हाईस्कूल से उमेश पड़वार (5वां), अदिति उसराठे (7वां), कृतिका तिवारी (7वां), पूजा धुर्वे (8वां), नमन जंघेला (9वां) एवं संभव जैन (10वां) स्थान पर रहे। वहीं हायर सेकेंडरी में कृति साहू ने 10वां स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया।जिला स्तरीय हाईस्कूल प्रावीण्य सूची में अनन्या पटैल, साहिल बघेल एवं रेहान खान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। आदया अग्रवाल द्वितीय तथा एलीजा खान, अनामिका झारिया, याग्ना अहिरवार एवं रिचा पटैल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हायर सेकेंडरी जिला प्रावीण्य सूची में स्वाती श्रीवास, मीना तिलगाम, भूमिका मरकाम, अनुष्का अग्रवाल, शगुन पटैल, गौरव पटैल, रिचा पटैल, हर्ष बन्देवार, साक्षी साहू, श्वेता केवट, आस्था अग्रवाल, माखन भांवरे एवं कीर्ति साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि पर कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी बरकडे सहित अन्य अधिकारियों ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# संकुल प्राचार्य के खिलाफ लामबंद हुए 3 दर्जन से अधिक शिक्षक

## बड़ामलहरा के शा.क उ.मा.वि की प्राचार्य पर अभद्र भाषा का प्रयोग एवं मनमानी आरोप, डीईओ ने जांच दल किया गठित

**छतरपुर।** जिले के बड़ामलहरा विकासखंड अंतर्गत आने वाला शा.क.उ.मा.वि बड़ामलहरा पुनः एक बार सुर्खियों में आया है अब ताजा मामला संकुल प्रचार्य पर अभद्र भाषा का प्रयोग एवं अन्य आरोप संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालय के लगभग 3 दर्जन से अधिक शिक्षकों ने लिखित शिकायत में लगाए है। जिसकी शिकायत पीड़ित शिक्षकों द्वारा संभाग कमिश्नर, सयुक्त संचालक सागर, कलेक्टर छतरपुर, जिला पंचायत सीईओं छतरपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर से की गई है। वहीं संकुल प्राचार्य से पीड़ित शिक्षकों ने शिकायत में बताया की संकुल प्राचार्य श्रीमती स्मिता अग्रवाल द्वारा जबसे संकुल का प्रभार लिया है तब से संकुल अंतर्गत आने वाले विधालय के शिक्षकों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग सहित अन्य तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। जिससे समस्त शिक्षक तंग हो गए है जिसके बाद यह शिकायत पीड़ित शिक्षकों द्वारा की गई है। पीड़ित शिक्षकों ने वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है की इनको संकुल से हटाकर इनके कार्यकाल की संपूर्ण जांच कराई जाएं जिससे यह साफ हो जायेगा की इनके द्वारा नियम विरुद्ध कार्य ना करने पर किस तरह से संकुल अंतर्गत आने वाले शिक्षकों कों प्रताड़ित किया जाता है। वहीं शिक्षकों ने मांग की है की श्रीमती अग्रवाल कों संकुल प्राचार्य प्राचार्य पद से पृथक कर इनके कार्यकाल की जांच विकासखंड से बाहर के किसी दल से कराई जाए जिससे सब साफ हो जायेगा की इन्होने अपने कार्यकाल में क्या किया है। इतना ही नहीं शिक्षकों ने यह भी कहा की अगर इन्हे संकुल प्रभारी पद से तत्काल नहीं हटाया जाता है तो हम सभी आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिसकी जबाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**इनका कहना :** मेरे संज्ञान में यह मामला अभी आया जिसमें 3 दर्जन से अधिक शिक्षकों ने संकुल प्राचार्य पर आरोप लगाए है। जिसके लिए मेरे द्वारा जांच दल गठित कर दिया गया है जिसकी जांच कराकर दोषी के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

**कौशल सिंह**
**डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी**
**जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर**

# केन-बेतवा लिंक परियोजना के 14 ग्रामों में ग्रामवासियों की आपत्तियों पर कलेक्टर ने गठित किया विशेष दल

## ग्राम-ग्राम में जिले के अधिकारियों की लगाई ड्यूटी, मुआवजा विसंगति एवं पुनर्वास हेतु प्राप्त आवेदनों की पात्रता की होगी जांच

## विशेष दलों द्वारा जाँच कर 7 दिन में रिपोर्ट करेंगे प्रस्तुत



**छतरपुर।** जिले में चल रही राष्ट्रीय महत्व की केन-बेतवा लिंक परियोजना के अंतर्गत परियोजना से प्रभावित 14 गांवों में वितरित मुआवजा राशि को लेकर ग्रामीणों द्वारा दर्ज कराई गई 'विसंगतियों के संबंध में प्रस्तुत आपत्तियों की जांच करने एवं पुनर्वास हेतु प्राप्त अतिरिक्त आवेदनों के संबंध में पात्रता की जांच कर प्रस्ताव प्रस्तुत करने विशेष जाँच दलों का गठन किया गया है, जिन्हें अभियान स्वरूप् काम करते हुए आगामी 7 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट और प्रस्ताव सौंपने के आदेश दिए गए हैं। प्रशासन ने प्रत्येक प्रभावित ग्रामों के लिए प्रभारी अधिकारियों और सर्वेदल की संयुक्त टीमें तैनात की हैं। जिसमें ग्राम ढौड़न में प्रभारी अधिकारी गोपाल शरण पटेल (एसडीएम नौगांव) एवं दिनेश दीक्षित (डीपीओ महिला बाल विकास), सर्वेदल विजय चौधरी (तहसीलदार महाराजपुर) एवं अपेक्षा द्विवेदी (उपयंत्री जल संसाधन), तहसील महाराजपुर पटवारी एवं लाईजनिंग हेतु चन्द्रप्रकाश पटेल पटवारी(तहसील सटई),

खरयानी में बलवीर रमण (एसडीएम गौरीहार) एवं अरुण शंकर पाण्डेय (डीपीसी), सर्वेदल शरद कुमार भट्ट (नायब तहसीलदार) एवं आर.के. अहिरवार (उपयंत्री), पटवारी तहसील सरवई एवं लाईजनिंग हेतु राजकुमार सेन पटवारी (सटई),

पलकौहां में बलवीर रमण (एसडीएम गौरीहार) एवं सीताराम कोठारे (डीएसओ) एवं सर्वेदल नारायण कोरी (तहसीलदार) एवं रिया दास (एसडीओ जल संसाधन), पटवारी तहसील गौरीहार एवं लाईजनिंग हेतु प्रशांत तिवारी पटवारी (सटई),सुकवाहा में गोपाल शरण पटेल (एसडीएम नौगांव) एवं सलिल सिंह (ईई पीएचई) एवं सर्वेदल रमेश कोल (तहसीलदार) एवं राहुल श्रीवास्तव (उपयंत्री), पटवारी तहसील नौगांव, एवं लाईजनिंग हेतु पारस अहिरवार (बिजावर), कदवारा में आयुष जैन (एसडीएम बड़ामलहरा) एवं नितिन वर्मा (एडी फिशरी), सर्वेदल दुर्गेश तिवारी (तहसीलदार) एवं अभिनव वर्मा (उपयंत्री), पटवारी तहसील छतरपुर एवं लाईजनिंग हेतु रोहित संसिया पटवारी,

पाठापुर एवं डुगरिया में एसडीएम आयुष जैन, अशोक जैसवानी उपसंचालक पशुपालन एवं सर्वेदल शिवम दीक्षित नायब तहसीलदार, अभिनव वर्मा उपयंत्री, पटवारी तहसील घुवारा एवं लाईजनिंग हेतु अरविन्द्र पटेल पटवारी, नैगुवां एवं ककरा में एसडीएम आयुष जैन, डीओटीडब्ल्यू मनोज अहिरवार एवं सर्वेदल रंजना यादव तहसीलदार, पटवारी तहसील बड़ामलहरा एवं लाईजनिंग हेतु भूपल अहिरवार पटवारी, घुघरी एवं भौरखुवां में एसडीएम जीएस पटेल, डीपीएम श्याम गौतम एवं सर्वेदल कमल किशोर शर्मा तहसीलदार, प्रिंस वर्मा उपयंत्री, पटवारी तहसील लवकुशनगर एवं लाईजनिंग हेतु पटवारी हरिदास अहिरवार, सहपुरा एवं कुपी में एसडीएम विशा माधवानी, ईई पीडब्ल्यूडी आशीष भारती एवं सर्वेदल तहसीलदार दिनेश कुमार खटीक, उपयंत्री पूजा वर्मा, पटवारी तहसील चंदला एवं लाईजनिंग हेतु पटवारी जीतेन्द्र अनुरागी, बसुधा में एसडीएम विशा माधवानी, एडी हॉर्टीकल्चर एसपी अहिरवार एवं सर्वेदल तहसीलदार विसम्बर मरावी, उपयंत्री अनिल अनुरागी, पटवारी तहसील बडामलहरा एवं लाईजनिंग हेतु पटवारी शंकर विश्वकर्मा की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आदेशित किया है कि अपनी आवश्यकतानुसार अन्य अतिरिक्त राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारी को अपने सर्वे दल में समाहित कर सकते हैं। वहीं एसडीएम बिजावर संबंधित दलों को उनके ग्राम के प्राप्त दावा एवं आपत्ति पैकेज हेतु प्राप्त आवेदन व अन्य संबंधित दस्तावेज प्रदाय करना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही सभी सहायक प्रभारी अधिकारी ग्राम मे दल के साथ उपस्थित रहकर जांच एवं सुनवाई में पूर्ण सहयोग करेंगे और तैयार किए गए प्रतिवेदन पर हस्ताक्षर करना सुनिश्चित करेंगे।

# भाजपा जिला कार्यालय में संगठनात्मक बैठक हुई संपन्न



**जागरण मंडला।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंडला में संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी कार्यक्रमों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों में चर्चा हुई साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा हेतु आवश्यक विषय संबंधी दिशा निर्देश दिए गए । जिले के सभी मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत जो प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुए हैं उसके संबंध में समीक्षा भी की गई ताकि भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों को और भी उत्साह के साथ और प्रदेश नेतृत्व से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप संपन्न किया जा सके ।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता रमेश चौकसे को दी गई श्रद्धांजलि

भारतीय जनता पार्टी निवास क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चौकसे जी का दुखद निधन दिनांक 14/04/2026 को हो गया था । वे पार्टी के एक महत्वपूर्ण व्यक्तित्व रहे हैं । बैठक उपरांत उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और मौन धारण कर ईश्वर से उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान देने हेतु प्रार्थना की गई ।

## नप अध्यक्ष मंडला का जन्मदिवस कार्यक्रम भी हुआ संपन्न

मंडला नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता विनोद कछवाहा के जन्मदिवस का कार्यक्रम भी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा मनाया गया एवं उन्हें शुभकामनाएं दी गई ।आज के कार्यक्रम में जिले के समस्त पदाधिकारीगण एवं सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष सहित अपेक्षित कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## शव वाहन न मिलने से ठेले में मृतका का शव ने जाने को मजबूर हुए परिजन, मानवता हुई शर्मसार

**नईगढ़ी, नि.प्र.।** नईगढ़ी में गत दिवस एक ह्रदय विदारक घटना सामने आई जिसने जिसने हर संवेदनशील इंसान का दिल झकझोर कर रख दिया। सड़क हादसे में जान गंवाने वाली एक महिला के शव को पोस्टमार्टम के बाद जिस तरह ले जाया गया, वह इंसानियत पर एक बड़ा सवाल बनकर खड़ा हो गया है। संवाददाता को स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक महिला नगर परिषद नईगढ़ी के वार्ड क्रमांक 15 की निवासी थी और आदिवासी परिवार से ताल्लुक रखती थी। हादसे के बाद उसका पोस्टमार्टम किया गया, लेकिन इसके बाद न तो एंबुलेंस मिली, न ही शव वाहन। इन सबके बीच आखिरकार परिजनों को महिला के शव को तीन पहिया ठेले में रखकर ले जाना पड़ा।

# निगमाध्यक्ष की अध्यक्षता में परिषद का सामान्य सम्मिलन आयोजित



## पूर्व निर्णयों की हुई समीक्षा, बैठक आगामी तिथि तक के लिए स्थगित

**कटनी।** नगर पालिक निगम परिषद का सामान्य सम्मेलन बुधवार 14 अप्रेल को नगर निगम के परिषद सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व में आयोजित बैठकों में लिए गए निर्णयों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए गए।

बैठक में निगम अध्यक्ष मनीष पाठक द्वारा पूर्व निगम सम्मिलन में वाणिज्यिक केन्द्र, समग्र शाखा में पदस्थ कर्मचारियों के संबंध में, वर्ष 2022-23 से विभिन्न विभागों में भावपत्र के माध्यम से कराये गये कार्यो एवार्ड क्रमांक 26 में डेकेरेटिव पोल के विषयों को एजेण्डा के रूप में शामिल न किये जाने एवं वाणिज्यिक केन्द्र के संबंध में उच्च न्यायालय, जबलपुर द्वारा पारित आदेशानुसार बिना परिषद के संज्ञान में लाए 10 करोड़ रूपये की राशि न्यायालय में जमा करने पर विस्तृत चर्चा करते हुए सदस्यों द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। बैठक के दौरान अन्य विषय के रुप में शासन के निर्देशानुसार प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित करते हुए सदन में भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर के चित्र पर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक, विधायक संदीप जायसवाल सहित सदन के सदस्यों एवं अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। बैठक में महापौर की उपस्थिति न होने के कारण एजेण्डा पर चर्चा नहीं हो सकी। बैठक के अंत में महापौर के चाचा ससुर हरीशचंद सूरी के विगत दिवस आकस्मिक निधन हो जाने पर सदन द्वारा दो मिनट का मौन रखकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता : कलेक्टर

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक संपन्न

**जागरण मंडला।** ग्रीष्म काल में संभावित पेयजल संकट को देखते हुए बुधवार को जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला योजना भवन में हुई इस बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल जीवन मिशन तथा ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि केवल नल का कनेक्शन होना पर्याप्त नहीं है। हमारा लक्ष्य होना चाहिए कि हर घर पर नल से शुद्ध जल की आपूर्ति सुनिश्चित हो। बैठक में कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री मनोज भास्कर ने अब तक की प्रगति का प्रस्तुतिकरण किया। इसी तरह जल जीवन मिशन के पीआईयू के महाप्रबंधक ने हालोन और नारायणगंज परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति साझा की।

कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि हालोन परियोजना के जिन ग्रामों में कनेक्शन का काम अंतिम चरण में है, उसे शीघ्र पूर्ण करें और 1 जून से इन ग्रामों में पेयजल सप्लाई शुरू करें। उन्होंने निर्देशित किया कि परियोजना के शेष कामों के लिए गतिविधिवार टाइमलाइन तय करें। ग्रामवार प्रगति का दैनिक आधार पर मानीटरिंग करें। हालोन और नारायणगंज परियोजनाओं का काम 31 दिसम्बर तक शत प्रतिशत पूर्ण कराएं। आगामी 1 जनवरी से दोनों परियोजनाओं से आच्छादित होने वाले ग्रामों में समस्त घरों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाना है। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि एकल ग्राम की हस्तांतरित सभी 450 ग्रामों में आगामी 30 अप्रैल तक ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की बैठकें अनिवार्यतः आयोजित की जाएं। इन बैठकों में नल-जल योजनाओं के सतत संचालन पर विस्तृत चर्चा होनी चाहिए। हस्तांतरित योजनाओं की जिम्मेदारी संबंधित ग्राम पंचायत की है। उन्होंने ईई पीएचई को निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों की इन समितियों को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी का मैदानी अमला हैंड होल्डिंग सहयोग सुनिश्चित करे। शेष 122 एकल योजनाओं को वेरिफाई करें, टेस्टिंग के समय संबंधित जनपद पंचायतों की टीम के साथ समन्वय स्थापित करें हैंडपंप की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सभी हैंडपंप की वर्तमान स्थिति का सर्वे कराएं। येलो जोन वाले क्षेत्र के प्रत्येक हैंडपंप का वाटर टेस्टिंग अनिवार्यतः कराएं। उन्होंने कहा कि हैंडपंप के आसपास स्वच्छता सुनिश्चित कराएं और आवश्यकता अनुसार सोख्ता पिट बनवाएं। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री शाश्वत सिंह मीना, ईई पीएचई, जीएम जल जीवन मिशन, समस्त सीईओ, समस्त एई पीएचई, समस्त एसई पीएचई योजना भवन में मौजूद रहे। सभी एसडीएम वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।



# हरदुआ बांध में यूवक डूबा, 18 घंटे बाद शव बरामद

## पुलिस ने चलाया सर्च ऑपरेशन, मर्ग कायम कर विवेचना जारी



**जागरण, पन्ना ।** शाहनगर थाना क्षेत्रान्तर्गत हरदुआ मैमारी के बांध में 14अप्रेल की शाम को 24वर्षीय युवक की डूबने की आशंका को लेकर परिजनों ने शाहनगर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई ।मामले को गंभीरता से लेते हुये शाहनगर नगर निरिक्षक परसुराम डाबर हमराह स्टॉप आरक्षक राकेश सिंह सहित ग्रामिणों की मदद से खोजबीन कराई गयी जहां बांध के किनारे म्रतक उदय भान सिंह पिता बासुदेव सिंह 24वर्ष निवासी हरदुआ मैमारी की चप्पल एवं एनरायड मोबायल जमीन पाये गये :

**चलाया सर्च आपरेशन :** तीन घंटे मशश्कत ¬ परिजनों में म्रतक के बडे भाई लाखन सिंह ने बताया मेरा भाई 14अप्रेल को घर की भैंस चराने सरसा हार गया था शाम को जब वापस घर नहीं पहूचा तो पुलिस ने 15अप्रेल की सुबह 6बजे से बांध पर ग्रामिणों की मदद से सर्च आपरेशन चलाया और फिर पानी मे सभी घुसकर खोजते रहै बांध मे पानी ज्यादा था जहां घुसना संभव नहीं था । कांटा फैंका और फंस गयी लाश , जब तीन घंटे सर्च आपरेशन चलाया तो हताश होकर शाहनगर टीआई परशुराम डाबर ने लोहे की राडों से बना नुकिला कांटा मंगाया और रस्सी बांधकर गहरे 7फीट भरे पानी पर फेका गनीमत रही की काटा मे युवक की लाश फंस गयी और उसे ग्रामिणों की मदद से बाहर निकाला गया ।

**कराया पी एमः** म्रतक की लाश का पीएम शाहनगर बीएम ओ डॉ सर्वेश लोधी ने किया जहां पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश परिजनों को सोंप दी।

**इनका कहना है**

हरदुआ गांव मे एक युवक की गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी खोजबीन के दौरान आशंका पर बांध मे सर्च आपरेशन चलया और लाश कांटे मे फंस गयी जिसका पीएम कार्यवाही पश्चात परिजनों को सोंप दी गयी है पीएम रिपोर्ट आने के पशाचात ही कूछ कह पाना संभव है । आखिर मौत कैसे हुई ।

**परसुराम डाबर**
**टीआई शाहनगर**

# शाहनगर के कठई गांव के पास जंगल में भीषण आग, ग्रामीणों में दहशत



**जागरण, पन्ना ।** जिले के शाहनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत शाहपुर खुर्द के ग्राम कठई में गांव से लगभग 300 मीटर दूर जंगल में अचानक भीषण आग लगने की घटना सामने आई है। आग की लपटें उठते ही गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोग सुरक्षा के लिए अपने घरों से बाहर निकल आए। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने तत्काल वन विभाग को सूचित किया। सूचना पर टीम मौके पर पहुंच गई है और आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं। हालांकि आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। प्रशासन की टीम भी मौके के लिए रवाना हो चुकी है। फिलहाल आग से हुए नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है, लेकिन स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

# बीच सड़क पर बने गड्ढे को, कराया गया दुरुस्त



**पन्ना ।** शाहनगर मुख्यालय के देवरी तिराहा पर बीचों -बीच रामरज बैल्डकॉन कंपनी की घटिया सडक निर्माण के चलते एक बडा गड्डा बन गया था जिससे निकलने वाले राहगीरों सहित बडे वाहनो को हमेशा खतरा बना रहता था प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने पर पन्ना कलेक्टर श्रीमति ऊषा परमार ने संज्ञान मे लिया जिसको तत्काल शाहनगर अनुविभागीय अधिकारी रामनिवास चौधरी को निर्देश दिये कलेक्टर के परिपालन में एसडीएम शाहनगर ने रामरज बैल्डकॉन कंपनी के एसडीओ एस एन त्रिपाठी को जमकर फटकार लगाते हुये गढ्डे को पूर्ण कराने के साथ साथ सुगरहा से खमतरा तक सडक पर जो गढ्ढे हो गये है उनको शीघ्र ही पूरे जाने के सख्त निर्देश दिये है । जिससे यातायात सुलभ हो सके ।

# पन्ना के हीरों का प्रदेश में कमाल, बोर्ड मेरिट लिस्ट में गुखौर के दो छात्रों ने मारी बाजी



**जागरण, पन्ना ।** देवेन्द्रनगर शिक्षा के क्षेत्र में पन्ना जिले ने आज स्वर्णिम इतिहास रच दिया है। शासकीय हाई स्कूल गुखौर के दो होनहार छात्रों, आयुष तिवारी (7वां स्थान) और अवध बिहारी चौहान (10वां स्थान) ने कक्षा 10वीं की प्रदेश स्तरीय प्रवीण सूची (मैरिट लिस्ट) में जगह बनाकर पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है।

**कलेक्टर ने किया सम्मानित :** सफलता की इस गूंज के बीच, जिला कलेक्टर भवन में एक गरिमामयी समारोह आयोजित किया गया। यहाँ पन्ना कलेक्टर, स्थानीय विधायक और गुनौर विधायक ने दोनों मेधावी छात्रों को सम्मानित किया।

**गुरु और अभिभावकों का बढ़ाया मान :** इस ऐतिहासिक सफलता का श्रेय विद्यालय के प्राचार्य के.सी. गुप्ता और उनके समर्पित स्टाफ को दिया गया, जिन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया साथ ही संस्था प्राचार्य के.सी. गुप्ता को स्थानीय विधायक और गुनौर विधायक दोनों ने शाल श्री फल से सम्मानित किया। छात्रों के माता-पिता की आंखों में खुशी के आंसू थे, जिन्हें अतिथियों ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# तहसील क्षेत्र में समाधान योजना का लाभ उठाने हेतु विद्युत विभाग का शिविर अभियान



**पन्ना ।** रैपुरा मध्य प्रदेश शासन द्वारा जनता की हित में समय-समय पर कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है इसी क्रम में मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही समाधान योजना के अंतर्गत मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण केंद्र रैपुरा के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिलपुरा एवं पौड़ी में समाधान योजना हेतु कैंप लगाया गया जिसमें जूनियर इंजीनियर रैपुरा शाहिद कमाल द्वारा आम लोगों को समझाएं देते हुए शिविर में उपस्थित सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को समाधान योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और यह भी बताया गया कि इस योजना के द्वितीय चरण की अवधि 31 मार्च से बढ़कर 15 मई 2026 तक कर दी गई है जिससे अधिक से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ मिल सके साथ ही कैंप में 26 उपभोक्ताओं के द्वारा इस योजना का भी लाभ लिया गया हैं।

# मेधावी विद्यार्थियों का विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व खनिज मंत्री ने किया सम्मान



**जागरण, पन्ना ।** जिले के लिए गौरव का क्षण उस समय देखने को मिला जब प्रदेश स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का कलेक्ट्रेट सभागार में भव्य एवं गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिसके बाद एक-एक कर मेधावी विद्यार्थियों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। इस दौरान सभागार तालियों की गूंज से गूंज उठा और हर छात्र-छात्रा के चेहरे पर गर्व और खुशी साफ झलक रही थी। विधायक ने अपने कहा कि ये बच्चे न केवल पन्ना जिले का बल्कि पूरे प्रदेश और देश का भविष्य हैं। इनकी मेहनत, लगन और अनुशासन ही इन्हें इस मुकाम तक लेकर आया है।सफलता कभी संयोग नहीं होती, यह वर्षों की कठिन मेहनत, त्याग और निरंतर प्रयास का परिणाम होती है। जो विद्यार्थी आज सम्मानित हो रहे हैं, वे आने वाले समय में समाज और देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें और शिक्षा को ही अपनी सबसे बड़ी शक्ति बनाएं। विशेष रूप से गुरुजनों की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि इन विद्यार्थियों की सफलता के पीछे उनके शिक्षकों का अथक परिश्रम, अनुशासन और समर्पण छिपा हुआ है। गुरुजनों ने न केवल इन्हें शिक्षा दी, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का सही मार्ग भी दिखाया है। समाज में गुरु का स्थान सदैव सर्वोच्च रहा है और आज यह सफलता उसी का परिणाम है। इस अवसर पर राजेश वर्मा, कलेक्टर उषा राजे परमार, शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रशासनिक अधिकारी एवं विद्यार्थियों के परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।प्रतिभा सिंह सोलंकी (ग्राम हिनोती, गुनौर), 499 अंक (प्रदेश में प्रथम), अर्जुन सिंह राजपूत (गुनौर) , 497 अंक (तृतीय), प्रियंका यादव (अजयगढ़) , 496 अंक (चतुर्थ), उदय मिश्रा (गुनौर), 496 अंक (चतुर्थ), विधान त्रिपाठी (गुनौर) , 494 अंक (छठा), हर्ष त्रिपाठी (गुनौर) ङ्क 494 अंक (छठा), आयुष तिवारी (गुनौर), 493 अंक (सातवां), नमन मिश्रा (गुनौर) , 492 अंक (आठवां), आदित्य सोनी (पहाड़ी खेरा) , 492 अंक (आठवां), नमन शुक्ला (बड़ागांव) , 491 अंक (नौवां), नेहा प्रजापति (गुनौर) , 491 अंक (नौवां), प्रिंस सिंह राजपूत (गुनौर) , 490 अंक (दसवां), अमर सिंह लोधी (पन्ना) , 490 अंक (दसवां), अवध बिहारी चौहान (गुनौर), 490 अंक (दसवां)। 12वीं में भी पन्ना का उत्कृष्ट प्रदर्शन काजल द्विवेदी , 482 अंक प्राप्त कर कला वर्ग में प्रदेश में 8वां स्थान हासिल किया, वहीं नंदकिशोर पटेल (गुनौर) ने गणित विषय में प्रदेश स्तर पर 10वां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि पन्ना जिले के छात्र हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं।इस वर्ष की मेरिट सूची में खास बात यह रही कि अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण अंचल सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बावजूद इन विद्यार्थियों ने अपनी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। यह सफलता उन सभी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है जो छोटे गांवों से निकलकर बड़े सपने देखते हैं।कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक साबित हुआ, बल्कि पूरे जिले में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक माहौल बनाने में भी सहायक बना।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 24 घण्टे के अंदर किया गया गिरफ्तार



**जागरण, पन्ना ।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन में पुलिस द्वारा अमानगंज थाना क्षेत्र में शादी का झाँसा देकर पीड़िता के साथ गलत काम (दुष्कर्म) करने वाले आरोपी को सूचना मिलने के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार किया जाकर जेल भेजा गया है । मामले में दिनांक 13.04.2026 को फरियादिया द्वारा थाना अमानगंज में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि मेरे गाँव में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा करीब 06 वर्ष से लगातार मुझे शादी का झाँसा देकर मेरे साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया गया है । फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना अमानगंज में आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 192/26 धारा-69 बीएनएस कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया । मामले की जानकारी थाना प्रभारी अमानगंज उनि रवि सिंह जादौन द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई । महिला संबंधी अपराध की संवेदनशीलता को देखते पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त मामले को गंभीरता से लिया गया । मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर राजीव सिंह भदौरिया के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी अमानगंज उनि. रवि सिंह जादौन के नेतृत्व में थाना स्तर पर एक पुलिस टीम का गठन किया गया । गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मामले के आरोपी की तलाश पतारसी हेतु संभावित प्रयास किये गये । साथ ही पुलिस टीम द्वारा अपने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया जिसके फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी को थाने में सूचना प्राप्त होने के 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है । उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी अमानगंज उप निरीक्षक रवि सिंह जादौन, उप निरीक्षक प्रियंका राजपूत, सउनि राघवेन्द्र प्रधान, प्र.आर. शिवम शर्मा, म.प्रआर. जानकी, कल्पना,आरक्षक अखिलेश पाल एवं इन्द्रपाल यादव का सराहनीय योगदान रहा ।

# नशे के कारोबार पर सख्ती, चार माह में 8 प्रकरण दर्ज, लाखों का गांजा और कफ सिरप जब्त



**जागरण, मैहर।** जिले में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने वर्ष 2026 के शुरुआती चार माह में बड़ी कार्रवाई करते हुए गांजा और नशीली कफ सिरप की खेप जब्त कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में आयोजित नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक में इसकी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जानकारी के अनुसार 1 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 के बीच पुलिस ने 31 किलो 570 ग्राम गांजा जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 55 हजार रुपए है तथा 1 लाख 96 हजार 360 रुपए मूल्य की 789 शीशियां नशीली कफ सिरप जब्त की है। इस दौरान कुल 19 आरोपियों के विरुद्ध 8 प्रकरण दर्ज कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने गांजा और कफ सिरप के परिवहन में प्रयुक्त तीन चार पहिया वाहनों को भी जब्त किया है, जिनकी कुल कीमत करीब 17 लाख रुपए आंकी गई है। बैठक में कलेक्टर बिदिशा मुखर्जी ने मादक पदार्थों की रोकथाम के लिए सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए और कहा कि जनजागरूकता के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराना आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई जारी है और इसके लिए सूचना तंत्र को और मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि मैदानी स्तर पर सक्रिय रहकर सूचनाएं एकत्रित करें ताकि समय पर कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। शिक्षा, उच्च शिक्षा और सामाजिक न्याय विभाग को शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम चलाने तथा नशा मुक्ति की शपथ दिलाने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग और औषधि निरीक्षक को मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच कर नशीली दवाओं के स्टॉक और बिक्री का रिकॉर्ड जांचने को कहा गया। बैठक में राजस्व और वन विभाग को भी फसल सीजन में नियमित सत्यापन कर प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही जिले में नशा मुक्ति से संबंधित बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया।

# आज आईटीआई मैहर में लगेगा युवा संगम रोजगार मेला, कई कंपनियां देंगी अवसर

**जागरण,मैहर।** जिले के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से गुरुवार 16 अप्रैल को शासकीय आईटीआई कॉलेज मैहर में युवा संगम रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन, जिला रोजगार कार्यालय और आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित यह मेला सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक संचालित होगा, जिसमें विभिन्न निजी कंपनियां शामिल होकर योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में चैतन्य फाइनेंस, प्राकृतशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, देवा इंटरप्राइजेज, मदरशन सूमि, ट्रस्ट मार्क कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, सीआईआई एमसीसी, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड, हाई टेक गेयर्स, सनसेरा इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, हेयर इंडिया लिमिटेड, इंटरटेक क्वालिटी एसोसिएट्स, स्नाइडर इलेक्ट्रिक इंडिया, एसएमआर ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड, इनफिनिटी करियर सॉल्यूशन, क्वालिटी ऑस्ट्रिया सेंट्रल एशिया और बजाज ऑटो लिमिटेड सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी। मेले में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा और स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं। चयन प्रक्रिया कंपनियों के निर्धारित मानकों के अनुसार मौके पर ही पूरी की जाएगी। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक युवाओं से मेले में भाग लेने की अपील की है ताकि वे अपने कौशल और योग्यता के अनुरूप रोजगार प्राप्त कर सकें। यह आयोजन स्थानीय युवाओं के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

# जनगणना 2027 की तैयारी तेज, प्रगणकों का प्रशिक्षण शुरू, एक मई से घर-घर सर्वे




**जागरण, मैहर ।** जनगणना 2027 के पहले चरण को लेकर जिले में तैयारियां तेज कर दी गई हैं और इसके तहत प्रगणकों व पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्य शुरू हो गया है। बुधवार से मैहर, अमरपाटन और न्यू रामनगर क्षेत्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ हुआ, जिसमें मकान सूचीकरण और गणना कार्य की बारीकियों से अवगत कराया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मध्य प्रदेश में 1 मई से 30 मई 2026 के बीच मकान सूचीकरण और मकानों की गणना का कार्य किया जाएगा, जिसके लिए 15 से 25 अप्रैल तक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से कराई जाएगी और प्रगणक अपने-अपने क्षेत्र में जाकर मोबाइल आधारित एचएलओ एप के जरिए घर-घर जानकारी एकत्र करेंगे। मैहर तहसील में तहसीलदार जितेंद्र कुमार पटेल, अमरपाटन में तहसीलदार रामदेव साकेत तथा न्यू रामनगर में अनामिका सिंह द्वारा प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। जिला जनगणना प्रभारी शालिनी वर्मा और जिला मास्टर ट्रेनर संपत रावत ने प्रशिक्षण केंद्रों का निरीक्षण कर जनगणना की प्रक्रिया और महत्व के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण में बताया गया कि इससे पहले 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्वगणना का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा, जिसके तहत नागरिक स्वयं पोर्टल के माध्यम से अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। इसके लिए निर्धारित वेबसाइट पर लॉगिन कर परिवार का एक सदस्य पूरी जानकारी भर सकता है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वगणना के बाद भी प्रगणक घर-घर जाकर जानकारी का सत्यापन करेंगे और आवश्यक सुधार के बाद ही अंतिम डेटा दर्ज किया जाएगा। प्रशासन ने सभी नागरिकों से सहयोग करने और निर्धारित समय में जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की है ताकि जनगणना का कार्य समयबद्ध और सटीक तरीके से पूरा किया जा सके।

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Website : mpstdc.com
क्रमांक : 165/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 15.04.2026

**निविदा सूचना 136 का संशोधन**

**दिनांक 10.04.2026 को** प्रकाशित निविदा क्रमांक 136 के कार्य का नाम अंकनत्रुटि के कारण **"होटल सुरबहार मैहल जिला सतना में स्टाफ डोरमेट्री का निर्माण, रेस्टॉरेंट, रिसेप्शन, लॉबी के रिनोवेशन एवं अन्य मरम्मत के कार्य"** हो गया था, जिसके स्थान पर **"होटल सुरबहार मैहर जिला मैहर में स्टाफ डोरमेट्री का निर्माण, रेस्टॉरेंट, रिसेप्शन, लॉबी के रिनोवेशन एवं अन्य मरम्मत के कार्य"** पढ़ा जावे तथा सिस्टम नं. 2026_STDC_499330_1 के स्थान पर **2026_STDC_499330_2** पढ़ा जावे।
कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125336/2026 **कार्यपालन यंत्री**

# विवि-कॉलेज खुद अपडेट कर रहे अपनी प्रोफाइल फीस की भी जानकारी देनी होगी

**जागरण,रीवा।** अब कोई भी यूनिवर्सिटी और कॉलेज किसी भी प्रकार की जानकारी को छिपा नहीं पाएंगे। चाहे सरकारी हो या निजी सभी को अपनी पूरी प्रोफाइल शिक्षा विभाग के पोर्टल पर अपलोड करनी होगी, ताकि ई-प्रवेश के तहत छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को पूरी जानकारी मिल सके। इसके बाद विभाग इस जानकारी के तहत जांच भी करा सकेगा। वहीं छात्र-छात्राओं को भी इससे सुविधा मिल जाएगी। इन दिनों सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालय अपनी खुद की प्रोफाइल को अपडेट करने में जुटे हुए हैं। आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय ने सभी कुलसचिव पारंपरिक विश्वविद्यालयों और प्राचार्य, समस्त शासकीय और अनुदान प्राप्त अशासकीय महाविद्यालयों को पत्र जारी कर आदेशित किया है कि प्रवेश सत्र 2026-27 की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की पूर्व तैयारी हेतु विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की प्रोफाइल को अपडेट एवं सत्यापित किया जाए।

**यह आदेश हुए जारी :** पत्र में उल्लेख है कि संस्थान में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों की ऑनलाइन ई-प्रवेश प्रक्रिया में सम्मिलित होने हेतु अपने महाविद्यालय की प्रोफाइल को विभागीय प्रवेश पोर्टल पर अपडेट कर सत्यापित कराना अनिवार्य होगा। सभी महाविद्यालयों को 15 अप्रैल तक यह प्रक्रिया पूरी करनी होगी। सभी महाविद्यालयों को उक्त पोर्टल पर लॉग-इन करने के उपरांत अपनी महाविद्यालयीन प्रोफाइल में विगत वर्ष की गई प्रविष्टियों की जानकारी प्रदर्शित करनी होगी।

**M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD**

Online percentage rate bids for the following works are invited from Registered Contractors and Reputed firm full filling registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Name of Work | PAC (Rs. In Lakh) | EMD (in Rs.) | Cost of Bid Document Including GST (in Rs.) | Completion Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_MPHID_498188 | Construction of Degree College with Development works at Nagod Distt. Satna. | Rs. 764.99 | 765000/- | 23600.00 | 15 (Fifteen) Months I/C Rainy Season. |

**Note :-** (1) Full details of the above tenders can be seen on **http://www.mptenders.gov.in.** Amendments to NIT, if any, would be published on website only. (2) Cost of Tender form will be paid online Tender portal. (3) Tender will be purchased from 16.04.2026, 02.00 Hrs. and last date of Purchase & Submission **08.05.2026, 05.00 Hrs.** (4) Tender will be Opened at 11.05.2026, 1.00 Hrs.

**(Manoj Kumar Dwivedi)**
**E.E., Div. Satna**
**Mob. : 9131194716**

**Visit us : www.mphousing.in**
**E-mail : eednhbstn@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/125333/2026
/ mphidb
/ mphidb

**म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003
फोन : +91-755-4027100, 2774340, 42, Website : mpstdc.com
क्रमांक : 162/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक : 15.04.2026

**निविदा सूचना 142/2026_STDC_500623_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:- मंदाकिनी रिसोर्ट चित्रकूट, जिला सतना में अतिरिक्त कक्ष का निर्माण, टॉयलेट रिनोवेशन, रिसेप्शन में फर्निशिंग, सिलिंग एवं अन्य सिविल कार्य आंतरिक विद्युतीकरण सहित। (08 माह) कार्य की लागत राशि रुपये 171.39 लाख।**
वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 06.05.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/125340/2026 **कार्यपालन यंत्री**

# गैस कनेक्शन विस्तार हेतु अधिक से अधिक ग्राहकों को पीएनजी सेवा से जोड़ा जाए : गौरव बैनल

## हैंडपंप खनन एवं रिपेयर का कार्य अप्रैल माह में पूर्ण कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें

## कलेक्टर ने की समयावधि पत्रों की समीक्षा

जागरण, वैढ़न



कलेक्टर गौरव बैनल की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक कलेक्ट सभागार में सोमवार नारी शक्ति वंदन सम्मेलन आयोजित होने के कारण टीएल बैठक आज आयोजित हुई। बैठक में कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीनेशन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि नियमित सत्र निर्धारित कर टीकाकरण का कार्य सभी विद्यालयों में किया जाए उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें कि ग्रामीण क्षेत्र के दूरस्थ स्थलों में टीकाकरण का कार्य पूरी सक्रियता के साथ किया जाए हमें इन क्षेत्रों में टीकाकरण के कवरेज को बढ़ाने की आवश्यकता है। बैठक में कलेक्टर ने नगर निगम कमिश्नर को निर्देश दिए की गैस पाइपलाइन एवं रोड निर्माण का कार्य समय सीमा में पूर्ण किया जाए उन्होंने कहा कि गैस कनेक्शन विस्तार करने हेतु अधिक से अधिक ग्राहकों को पीएनजी सेवा से जोड़ा जाए। कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यात्रिकी द्वारा हैंडपंप खनन एवं रिपेयर के कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए की अप्रैल माह में ही हैंडपंप खनन हेतु सभी प्रस्तावित कार्यों को पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें। नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को पेयजल उपलब्धता के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होने निर्देश दिए कि सीएम हेल्प लाईन में पेयजल से संबंधित दर्ज शिकायतो का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने डीपीसी को निर्देश दिए कि विद्यालयो में शत प्रतिशत नामांकन पूर्ण करायें। इसी के साथ पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले नौनिहालो की समंग्र आईडी बनाने के साथ ही अन्य आवश्यक दस्तावेज अपडेट करायें। तथा यह सुनिश्चित करे कि कोई बच्चा विद्यालय में प्रवेश से वंचित न रहे। कलेक्टर ने जल संशाधन विभाग एवं मत्स्य पालन विभाग द्वारा सीएसआर मद से निर्मित होने वाली हेचरी के निर्माण की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि संबंधित विभाग हेचरी निर्माण हेतु कृषि विज्ञान केन्द्र में भूमि के चिन्हांकन प्रक्रिया को पूर्ण कर अवगत करायें। साथ ही मछली के ब्रीड एवं उसकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ हेचरी में उपयोग किए जाने वाले जल की जॉच पीएचई एवं नगर निगम के माध्यम से कराना सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने ब्लड बैक स्थापित किए जाने के संबंध में निर्देश दिए कि सिविल सर्जन एवं ड्रग इंस्पेक्टर संयुक्त रूप से निर्धारित एसओपी के तहत ब्लड बैक स्थापित किए जाने वाले जगह का स्थल निरीक्षण करें। तथा ब्लड बैक के लायसेंस प्रक्रिया के संबंध में जिन भी जरूरी उपकरण की आवश्यकता है उनकी पूर्ति शीघ्र अति शीघ्र कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने निर्देश दिए कि ब्लड बैक संचालन हेतु टेक्निशियन स्टाफ नर्स एवं गार्ड के नियुक्त हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने गेहु खरीदी के तैयारियो की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रो में आने वाले गेहू के गुणवत्ता जॉच कराने के साथ ही उपर्जन केन्द्रो में सभी व्यवस्थाए चाक चौबंद रखे ताकि किसानो को किसी भी प्रकार की समस्या न हो। उन्होने उपखण्ड अधिकरयो को निर्देश दिए कि जिले के सीमावर्ती क्षेत्रो में अवैध गेहु एवं सरसो के आवक रोकने के लिए बनाये गये चेकपोस्ट का औचक निरीक्षण करे कि सभी चेकपोस्टो में निगरानी रखी जा रही है कि नही। तथा यह सुनिश्चित करे कि उपार्जन केन्द्रो में सिर्फ जिले के पंजीकृत किसानो का ही सरसो एवं गेहु का उपार्जन हो। कलेक्टर ने ललितपुर सिंगरौली रेलवे लाईन निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुयें एसडीएम देवसर एवं चितरंगी को निर्देश दिए कि रेलवे विभाग के समन्वय बनाकर रेलवे लाईन का निर्माण कार्य पूर्ण करायें। जनगणना के कार्य में उपयुक्त होने वाले सभी संबंधित एप संचालन की जानकारी चार्ज अधिकारी एवं एसडीएम प्रशिक्षण के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्राप्त करे। कलेक्टर ने डीएमफ मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यो की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि संबंधित एजेंसी स्वीकृती कार्यो का समय सीमा में पूर्ण कर सीसी डीएमएफ शाखा में प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारी समय सीमा में शिकायतो का निराकरण कर शिकायतकर्ता के समस्याओ का निराकरण सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा करते हुयें निर्देश दिए संबंधित विभाग दिए गयें लक्ष्य को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करे साथ ही विद्यालय में होने वाले पेयजल सप्लाई के संबंध में पीएचई जल निगम तथा नगर निगम संयुक्त रूप से पेयजल के शुद्धता की जॉच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करे। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर प्रभाशंकर त्रिपाठी संयुक्त कलेक्टर अखिलेश सिंह प्रशांत त्रिपाठी एसडीएम सिंगरौली सुरेश जाधव एसडीएम माड़ा नंदन तिवारी एसडीएम चितरंगी देवेन्द्र द्विवेदी नगर निगम आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित जिलाधिकारी उपस्थित रहे।

# खुशी कुशवाहा ने हाईस्कूल परीक्षा में 98.4 प्रतिशत के साथ प्रदेश की मेरिट में प्राप्त किया आठवां स्थान



जागरण, विंध्यनगर। हाई स्कूल परीक्षा 25-26 के परीक्षा परिणाम आते ही बहन खुशी कुशवाहा ने खुशी का माहौल बना दिया। ज्ञात हो कि बहन खुशी कुशवाहा ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा सरस्वती विन्ध्यनगर से प्रारम्भ कर आज इस सफ्लता की मुकाम पर पहुॅची है। बहन बोर्ड की इस परीक्षा में 98.4 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश की प्रावीण्य सूची में आठवॉ स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार ने बहन की इस उपलब्धि पर बहन को मिठाई खिलाकर पुरस्कार प्रदान कर उनका सम्मान किया। विद्यालय के प्राचार्य बैकुण्ठ शाह ने बहन को उनके माता.पिता के साथ पुरस्कार प्रदान कर शुभकामनाएं प्रेषित किया। बहन खुशी कुशवाहा नवजीवन विहार निवासी राजेश कुशवाहा एवं श्रीमती अनारकली कुशवाहा की होनहार पुत्री है। उन्होंने बहन की इस सफ्लता का पूरा श्रेय विद्यालय के प्राचार्य एवं आचार्य .दीदियों को दिया है। इस अवसर पर प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र दुबे सह व्यवस्थापिका श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव सदस्य कृष्णकान्त वशिष्ठ एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। बहन की कक्षाचार्य श्रीमती चित्रा भारती ने 1100/ रुपये बहन को पुरस्कार के रुप में प्रदान किया। बहन खुशी कुशवाहा की इस उपलब्धि पर व्यवस्थपाक धीर सिंह चैहान श्रीमती कामना शर्मा उप महाप्रबधंक मानव संसाधन एनटीपीसी विन्ध्यनगर एवं परिषद की ओर से विभाग समन्वयक शिवानन्द सिन्हा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुये शुभकामनाएॅ प्रेषित किया।

# एनटीपीसी सिंगरौली में डॉ अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह का आयोजन





जागरण, शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर में भारतरत्न बोधिसत्व डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संदीप नायक परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा स्थानीय अंबेडकर भवन में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर श्रीमती प्रज्ञा नायक अध्यक्षा वनिता समाज एवं वनिता समाज की अन्य वरिष्ठ सदस्याएं भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन आर. एस.राम सचिव अनु जाति./अनु जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रातःकाल अंबेडकर भवन से शक्तिनगर टाउनशिप तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ अंबेडकर विद्यालय के छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इस प्रभात फेरी ने पूरे क्षेत्र में एक सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल का निर्माण किया। एनटीपीसी सिंगरौली के आवासीय परिसर स्थित डॉ अंबेडकर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा बौद्ध वंदना स्वागत गीत एवं विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने संबोधन में संदीप नायक ने कहा डॉ भीमराव अंबेडकर का योगदान न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में था बल्कि उन्होंने समता बंधुत्व और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को हमेशा मजबूत किया। उनके विचार और कार्य आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। बाबा साहेब ने हम उनका आदर्श अपनाकर समाज में और अधिक सशक्त परिवर्तन ला सकते हैं। इस अवसर पर अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ अंबेडकर के आदर्शों को अपनाने एवं समाज में समता बंधुत्व एवं न्याय की भावना को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रेरणादायक विरासत को जन.जन तक पहुँचाने हेतु प्रातःकाल डॉ अंबेडकर विद्यालय के छात्र.छात्राओं एवं शिक्षकों द्वारा भव्य प्रभात फेरी का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एनटीपीसी सिंगरौली प्रबंधन के सहयोग से अनु.जाति/अन. जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति द्वारा किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी सिंगरौली के सीएच किशोर कुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण रश्मिरंजन मोहंती महाप्रबंधक प्रोजेक्ट सुनील कुमार मिश्रा अपर महाप्रबंधक इंजीनियरिंग एस.के. वर्मा अपर महाप्रबंधक एमजीआर नरेश कुमार उप महाप्रबंधक मानव संसाधन डॉ ओम प्रकाश उप महाप्रबंधक मा.स. एवं राजभाषा अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण यूनियन एसोसिएशन के मानद प्रतिनिधिगण आदि सम्मिलित रहे।

# भजनों और गीतों से गूंजी बाबा साहेब की जयंती



जागरण, वैढ़न। भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक शाम बाबा साहेब के नाम भव्य संगीतमय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बाबा साहेब के संघर्षों और उनके योगदान को गीतों के माध्यम से याद किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह के मुख्य आतिथ्य तथा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष सीताराम वर्मा के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। मंचीय संचालन कार्यक्रम सह.प्रभारी अशोक शाह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण का केंद्र सुप्रसिद्ध लोक गायिका कविता कृष्णमूर्ति और उनकी टीम की प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी सुरीली आवाज में बाबा साहेब के जीवन दर्शन और सामाजिक समरसता पर आधारित गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। गायन के माध्यम से उन्होंने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया और देर शाम तक श्रोता संगीत की लहरों में डूबे रहे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए कहा कि डॉण् अंबेडकर का जीवन हर वर्ग के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने भारत को एक ऐसा प्रगतिशील संविधान दिया जो समानता और न्याय की नींव पर टिका है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के संघर्ष एवं उनके आदर्श सबको प्रेरणादाई संदेश देते हैं। उन्होंने बाबा साहब के मूल आदर्श बनोए शिक्षित बनोए संगठित रहो संघर्ष करो को अपने जीवन में चरितार्थ करते हुए समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होने तथा समाज में आपसी भाईचारा आपसी सद्भाव बनाये रखने पर जोर दिया और सबको शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व कार्यक्रम प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा प्रदीप शाह जिला महामंत्री विक्रम सिंह जिला मंत्री संदीप झा पूर्व जिला महामंत्री राजकुमार दुबे और विजय दुबे सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। साथ ही जयंत मंडल अध्यक्ष कमलेश वर्मा क्षेत्र के समाजसेवी व्यापारी बंधु और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जयंती समारोह के समापन पर अजा मोर्चा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफ्ल बनाने के लिए सभी प्रबुद्ध नागरिकों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# ई-विकास प्रणाली से ही होगा उर्वरक वितरण नियम उल्लंघन पर 2 विक्रेताओं को नोटिस

जागरण, वैढ़न। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पारदर्शी एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से 1 अप्रैल से शत.प्रतिशत ई.विकास प्रणाली ई टोकन के माध्यम से खाद वितरण अनिवार्य कर दिया गया है। इस व्यवस्था का उल्लंघन करने पर 02 उर्वरक विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।उन्होने बताया कि बिना ई.टोकन के उर्वरक वितरण करने पर मेसर्स जायसवाल खाद बीज भंडार बरका सरई एवं मेसर्स संदीप ट्रेडर्स अमहाटोला सरई के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं। संबंधित विक्रेताओं से स्पष्टीकरण प्राप्त होने के उपरांत यदि जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उनके लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।उन्होने बताया कि जिले के सभी उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि वे शत.प्रतिशत उर्वरक वितरण ई.टोकन के माध्यम से ही सुनिश्चित करें। आदेश का उल्लंघन करने वाले विक्रेताओं के विरूद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होनें बताया कि किसानों की सुविधा के लिए ई-विकास प्रणाली पोर्टल पर ई.टोकन की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है।

## जिला कांग्रेस कमेटी ने मनाई डा. भीमराव अंबेडकर जयंती

# शहर अध्यक्ष ने दिया सामाजिक न्याय का संदेश



जागरण, वैढ़न। भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी सिंगरौली शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सिंह चौहान के नेतृत्व एवं जिला अनुसूचित विभाग कांग्रेस अध्यक्ष सुदामा साकेत की अध्यक्षता मे भव्य माल्यार्पण एवं पुण्य स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अंबेडकर चौक स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर क्रमशः माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन संघर्ष और उनके द्वारा स्थापित सामाजिक न्यायए समानता एवं संविधानिक मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को अधिकार दिलाने के लिए जो संघर्ष किया वह आज भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने शिक्षा समान अवसर और सामाजिक समरसता के माध्यम से एक सशक्त भारत के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि डॉ.भीमराव अंबेडकर केवल एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचारधारा हैं। उनका पूरा जीवन सामाजिक न्याय समानता और मानव अधिकारों के लिए समर्पित रहा। आज हमें संकल्प लेना होगा कि हम उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज के कमजोर वंचित और पीड़ित वर्ग के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करें। कांग्रेस पार्टी सदैव बाबा साहेब के विचारों पर चलकर देश को एकजुट और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध रही है। संविधान की रक्षा और लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करना ही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने एवं सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का सामूहिक संकल्प लिया। अंत में सभी ने एकजुट होकर देश में समानताए भाईचारा और न्याय की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रेनू शाह सुरेश दुबे ज्ञानेंद्र सिंह रुपेश चंद्र पाण्डेय अशोक शाह आशुतोष सिंह अनिल सिंह रामशिरोमणि शाहवाल अमित द्विवेदी रामनिवास तिवारी अनिल वर्मा कृष्णा सिंह परिहार बंतो कौर मनोज शाह अनिल वैश्य मोनीश खान शाहिद खान विद्यापति शाह विपिन सिंह रामसागर शाह संध्या सिंह उसेद सिद्दीकी सीमा भारती अवनीश दुबे कृष्णा शाह अखिलेश शाह मुकेश शर्मा बृजेन्द्र शर्मा अरविन्द दुबे अशोक कुशवाहा संतोष सोनी रामकरण वर्मा बंसबहादुर वर्मा कृष्णा साकेत बृजेन्द्र शाह राणा प्रताप सिंह कमल सिंह दीपक दुबे अजमल रजा संजय शर्मा सहित पदाधिकारी एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे। जानकारी आईटी सेल अध्यक्ष विवेक सिंह बघेल ने दी।

# जल संरक्षण कार्यों की सीईओ जिला पंचायत ने की समीक्षा



जागरण, वैढ़न। सीएसआर समन्वय से जल संरचनाओं के विकास पर जल गंगा संवर्धन अभियान् के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से जिला पंचायत सभागार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश गोमें के द्वारा सीएसआर प्रतिनिधियों जनप्रतिनिधियों एवं तकनीकी अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जल गंगा संवर्धन अभियान् के अंतर्गत संचालित कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल स्रोतों के संरक्षण पुनर्जीवन एवं वर्षा जल संचयन के कार्यों को प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। सीएसआर प्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर जल संरचनाओं के निर्माण एवं सुधार कार्यों में सहयोग बढ़ाने पर विशेष बल दिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से जल संरक्षण के प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।बैठक में ग्राम स्तर पर सरपंच एवं सचिवों को स्थानीय जल समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान हेतु ठोस एवं व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही उपयंत्री एवं सहायक यंत्रियों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करते हुए कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जल संरक्षण के महत्व पर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी प्रतिभागियों से सक्रिय सहभागिता की अपील की गई। बैठक के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने जल गंगा संवर्धन अभियान को सफ्ल बनाने के लिए समन्वित एवं सतत प्रयास करने का संकल्प लिया।

# एनटीपीसी विंध्याचल में फायर सर्विस वीक 26 का शुभारंभ, सुरक्षा पर विशेष जोर

## सीआईएसएफ फायर विंग द्वारा किया गया लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत





जागरण, विंध्यनगर। एनटीपीसी विंध्याचल में फायर सर्विस वीक का आयोजन पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर ऐतिहासिक बॉम्बे डॉकयार्ड अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के सर्वोच्च बलिदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा सुरक्षा के प्रति संगठन की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एक सारगर्भित संबोधन से हुईए जिसमें इस दिवस के महत्व और अग्निशमन कर्मियों द्वारा जीवन एवं महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों की रक्षा हेतु दिखाए गए अदम्य साहस पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख विंध्याचल संजीब कुमार साहा के साथ वरिष्ठ कमांडेंटए सीआईएसएफ विंध्यनगर मनीष कुमार राय उप कमांडेंट फायर सीआईएसएफ सदाराम यादव वरिष्ठ अधिकारी विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। फायर अवेयरनेस कार्यक्रम के शुभारंभ के साथ ही श्री साहा ने विभिन्न सुरक्षा पहलों को हरी झंडी दिखाते हुए पूरे स्टेशन में सुरक्षा जागरूकता एवं आपातकालीन तैयारी को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। उन्होंने सभी को फायर सेफ्टी शपथ भी दिलाई जिसमें संभावित जोखिमों की पहचान और रोकथाम के प्रति संकल्प दोहराया गया। अपने संबोधन में श्री साहा ने पिछले वित्तीय वर्ष में एनटीपीसी विंध्याचल को प्राप्त प्रतिष्ठित अग्नि सुरक्षा पुरस्कार पर गर्व व्यक्त करते हुए सतत सतर्कता सुरक्षा मानकों के कड़ाई से पालन तथा सुरक्षा संस्कृति को और मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नेतृत्व की उपस्थिति रही जिनमें ए.जे. राजकुमार महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण एम.सुरेश महाप्रबंधक अनुरक्षण एवं एडीएम एस.के. सिन्हा महाप्रबंधक प्रचालन एवं एफएम डॉ.बीके भराली महाप्रबंधक चिकित्सा तथा श्रीमती रुमा दे शर्मा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल सहित विभिन्न विभागों इलेक्ट्रिकल बीएमडी टीएमडी ओएंडएम सिविल सेंट्रल स्टोर्स ग्रीन केमिकल्स एवं एमटीपी के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सीआईएसएफ फायर विंग द्वारा एक प्रभावशाली लाइव डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया जिसमें आधुनिक अग्निशमन तकनीकोंए त्वरित प्रतिक्रिया रणनीतियों और आपातकालीन प्रबंधन की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं का प्रदर्शन किया गया। इसके साथ ही अग्नि सुरक्षा पर आधारित एक विशेष पुस्तिका भी प्रस्तुत की गई जिसमें आग से बचाव के उपाय अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग तथा महत्वपूर्ण आपातकालीन संपर्क जानकारी शामिल है जिससे सभी स्तरों पर जागरूकता को बढ़ावा मिला। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन हरवीर सिंह इंस्पेक्टर फायर द्वारा किया गया जबकि धन्यवाद ज्ञापन सदाराम यादव उप कमांडेंट सीआईएसएफने प्रस्तुत किया। यह आयोजन न केवल वीर अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देने का अवसर बना बल्कि एनटीपीसी विंध्याचल की सुरक्षा के प्रति सक्रिय दृष्टिकोण संभावित अग्नि जोखिमों की पहचान और भविष्य की चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने की तत्परता को भी सुदृढ़ करता है।

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| क्लासेन (हैदराबाद) | 224 |
| किशन (हैदराबाद) | 213 |
| वैभव (राजस्थान) | 200 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 10 |
| अंशुल कंबोज(चेन्नई) | 10 |
| रवि विश्नोई (राजस्थान) | 09 |




## बाउंड्री मीटर

**390** छक्के

**694** चौके

**48** अर्धशतक



सीएसके के नूर अहमद ने केकेआर के खिलाफ तीन विकेट झटके। इसके साथ ही वे आईपीएल इतिहास में सबसे कम मैचों (42 मैच) में 50 विकेट लेने वाले लेफ्ट आर्म स्पिनर बन गए हैं।

## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 5 | 4 | 1 | 8 | 0.889 |
| पंजाब | 4 | 3 | 0 | 7 | 0.637 |
| बेंगलुरु | 4 | 3 | 1 | 6 | 1.148 |
| हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 4 | 0.576 |
| दिल्ली | 4 | 2 | 2 | 4 | 0.322 |
| गुजरात | 4 | 2 | 2 | 4 | - 0.029 |
| लखनऊ | 4 | 2 | 2 | 4 | -0.427 |
| चेन्नई | 5 | 2 | 3 | 4 | -0.846 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 | -0.772 |
| कोलकाता | 5 | 0 | 4 | 1 | -1.383 |

# अजेय पंजाब किंग्स के खिलाफ लगातार चौथी हार से बचने उतरेगी मुंबई इंडियंस

## दोनों टीमों के बीच मैच आज वानखेड़े स्टेडियम में, पहली जीत के बाद मुंबई ने तीन मैच हार

**जेएनएन, मुंबई**

पिछले कुछ मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन करने वाली मुंबई इंडियंस की टीम स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा की संभावित अनुपस्थिति के बावजूद गुरुवार को अब तक अजेय चल रही पंजाब किंग्स की कड़ी चुनौती का डटकर सामना करके आईपीएल में अपना अभियान वापस पटरी पर लाने की कोशिश करेगी। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव के कारण रोहित लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। मुंबई को अब हर हाल में जीत की दरकार है और ऐसे में यह देखना होगा कि रोहित इस मैच के लिए उपलब्ध रहते हैं या नहीं। मुंबई ने पिछले 13 सत्र में पहली बार अपना शुरुआती मैच जीता था, लेकिन इसके बाद उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। अपने घर में खेलते हुए मुंबई की टीम लगातार तीन हार के बाद जीत के रास्ते पर वापस आना चाहेगी। हालांकि, उनके लिए यह काम आसान नहीं होगा, क्योंकि पंजाब इस सीजन अब तक एक भी मैच नहीं हारी है। उन्होंने तीन मैच जीते हैं और एक बारिश की भेंट चढ़ा है। रिकॉर्ड की बात करें तो दोनों टीमों के बीच टक्कर हमेशा कांटे की रही है। 34 मुकाबलों में दोनों टीमें बराबरी पर हैं, जबकि वानखेड़े में भी हिसाब 5-5 का है। 2025 सीजन में पंजाब ने दोनों मैच अपने नाम किए थे।



### पावरप्ले में मुंबई खूब रन लुटा रहा

पावरप्ले में मुंबई की परेशानी लगातार बनी हुई है, जहां लगातार दूसरे मैच में टीम एक भी विकेट नहीं ले सकी और 71 रन खर्च कर दिए। इस सीजन पावरप्ले में मुंबई ने तीन विकेट लिए हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 11.7 और स्ट्राइक रेट 43 का रहा है, जबकि बाउंड्री प्रतिशत 79 है। पावरप्ले में उनके खिलाफ 71/0, 59/0 (3.2 ओवर में), 42/2 और 78/1 का स्कोर बना है।



### पिच और परिस्थितियां

मुंबई में अचानक से तापमान में वृद्धि देखने को मिली है और इस हफ्ते के लिए हीट वेव को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। अधिकतम तापमान 30 के ऊपर ही रहने वाला है और उमस भी अधिक ही देखने को मिलेगी। गुरुवार की शाम को परिस्थितियां आसान नहीं रहने वाली हैं। वानखेड़े में पिछले मैच के दौरान अच्छी मात्रा में ओस देखने को मिली थी। भले ही आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जीत हासिल की थी, लेकिन यहां का ट्रेंड चेज करने का रहा है।

### वानखेड़े में रनों की बारिश

इस सीजन वानखेड़े में अब तक चार बार 200 से ज्यादा के स्कोर बन चुके हैं। केकेआर ने यहां 220/4, मुंबई इंडियंस ने 224/4 और 222/5, जबकि आरसीबी ने 240/4 का स्कोर बनाया है। 200 प्लस स्कोर के मामले में वानखेड़े और चिन्नास्वामी स्टेडियम संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं, दोनों के नाम 4-4 स्कोर हैं। रन रेट के लिहाज से भी वानखेड़े और चिन्नास्वामी (11.4) सबसे आगे हैं।

### सरपंच साहब पिछले साल वाला ही खेल दिखा रहे हैं

श्रेयस अय्यर इस सीजन कमाल की लय में हैं। हैदराबाद के खिलाफ 33 गेंदों में नाबाद 69 रन बनाकर एक बार फिर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। आईपीएल 2026 में उन्होंने अब तक तीन पारियों में 68.5 के औसत और 188 के स्ट्राइक रेट से 137 रन बनाए हैं, जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। मिडिल ओवर्स में उन्होंने महज एक बार आउट होकर 202 के स्ट्राइक रेट से 119 रन बटोरे हैं। 2024 से उनका प्रदर्शन शानदार रहा है, जहां 15 पारियों में 566 रन 94.3 के औसत और 172 के स्ट्राइक रेट से आए हैं। उनके सभी छह अर्धशतक जीत के दौरान आए हैं और इस सीजन में भी उन्होंने चेज में दो पचासे जड़े हैं।

### बुमराह और अर्शदीप का खराब दौर

जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप इस सीजन में अब तक लय हासिल नहीं कर पाए हैं। बुमराह ने चार पारियों में एक भी विकेट नहीं लिया है। इससे पहले 2014 में उनके साथ ऐसा हुआ था। वहीं अर्शदीप ने चार पारियों में सिर्फ दो विकेट लिए हैं, उनका इकॉनमी 10.6 और स्ट्राइक रेट 42 है। खास तौर पर पावरप्ले में वह पिछली 10 पारियों में 20 ओवर डालकर भी एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं, जहां उनका इकॉनमी 10.8 रहा है।

---

### आईपीएल में ड्रीम डेब्यू करने वाले हिंगे ने कहा

# 'मैंने कहीं लिखा था कि डेब्यू पर चार या पांच विकेट लूंगा'

राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में डेब्यू करते हुए विदर्भ के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रफुल हिंगे ने सनराइजर्स हैदराबाद को धमाकेदार शुरुआत दिलाते हुए अपने पहले ही ओवर में तीन विकेट निकाले। उन्होंने वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरे और लुआन-ड्रे प्रीटोरियस को पवेलियन चलता कर दिया। सीनियर स्तर पर 24 वर्षीय हिंगे का यह केवल दूसरा टी-20 मैच था और उन्होंने ओवर की दूसरी ही गेंद पर सूर्यवंशी को चलता कर दिया। हिंगे ने कहा था कि उन्होंने पिछले साल ही यह सोच लिया था कि जब वह डेब्यू करेंगे तो चार या पांच विकेट लेंगे। मैच के बाद प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड लेने के बाद हिंगे ने कहा, पिछले साल मैंने कहीं पर लिखा था कि जब मैं डेब्यू करूंगा तो चार या पांच विकेट लूंगा। मुझे औरों का नहीं पता, लेकिन मुझे इसमें (मैनिफेस्टेशन) विश्वास है। सूर्यवंशी का विकेट सबसे बढ़िया था, क्योंकि वह फॉर्म में थे। मैंने पहले ही कुछ लोगों से कह रखा था कि मैं उसे पहली ही गेंद पर आउट करूंगा, या तो बाउंसर डालूंगा या किसी और तरह से उसे आउट करूंगा। मैं पहली ही गेंद पर उसका विकेट लेना चाहता था। हिंगे ने कहा, मैंने 13 वर्ष की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब मैं यह भी नहीं जानता था कि लेदर बॉल क्या होती है। मैंने अपने पिता से कहा था कि मैं क्लब से जुड़ना चाहता हूं लेकिन उन्होंने यह कहते हुए मना कर दिया कि मैं अभी काफी छोटा हूं। लेकिन कैसे भी फिर चीजें वहां से शुरू हुईं और मैं लगातार खेलता रहा। यहां पर खड़ा होना एक सुखद एहसास है, मैं इस अवॉर्ड को अपने परिवार को समर्पित करना चाहता हूं।



- आईपीएल इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी पारी के पहले ओवर में तीन विकेट गिरे हों। पुरुष टी-20 क्रिकेट में इससे पहले 19 मौकों पर पहले ओवर में तीन या उससे ज़्यादा विकेट गिरे हैं। हिंगे ने पारी के तीसरे ओवर में चौथा विकेट भी लिया और आईपीएल में पहले तीन ओवर के भीतर चार विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। इससे पहले सबसे जल्दी चार विकेट लेने का रिकॉर्ड इशांत शर्मा के नाम था। उन्होंने 2011 में कोच्चि टस्कर्स केरल (केटीके) की पारी में 3.1 ओवर में चार विकेट लिए थे।
- इससे पहले अश्वनी कुमार ही इकलौते भारतीय गेंदबाज थे, जिन्होंने आईपीएल डेब्यू पर चार विकेट लिए थे। अश्वनी ने 2025 में मुंबई के लिए केकेआर के खिलाफ यह कारनामा किया था। साकिब हुसैन ने 24 रन देकर 4 विकेट लिए, जो अश्वनी के बराबर है, जबकि हिंगे ने 34 रन देकर चार विकेट लिए। कुल मिलाकर आईपीएल डेब्यू पर चार या उससे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की संख्या अब छह हो गई है।
- हिंगे डेब्यू के पहले ओवर में तीन विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले डिलन ड्रुप्रीज और अमित सिंह ने 2009 में अपने डेब्यू ओवर में दो-दो विकेट लिए थे, जबकि सचिन बेबी ने भी अपने पहले ओवर में दो विकेट लिए थे।
- साकिब और हिंगे आईपीएल की एक ही पारी में चार-चार विकेट लेने वाली चौथी जोड़ी बने। यह दूसरी भारतीय जोड़ी भी है जिसने एक ही आईपीएल पारी में चार-चार विकेट लिए, इससे पहले 2023 में गुजरात टाइटंस के लिए मोहम्मद शमी और मोहित शर्मा ने हैदराबाद के खिलाफ ऐसा किया था।
- हैदराबाद के गेंदबाजों ने पहली 18 गेंदों में ही राजस्थान के पहले पांच विकेट गिरा दिए। आईपीएल इतिहास में यह किसी टीम के पहले पांच विकेट गिरने के लिए सबसे कम गेंदें हैं। राजस्थान ने अपने पहले चार विकेट सिर्फ 10 गेंदों में गंवाए, जो एक और आईपीएल रिकॉर्ड है। इससे पहले गेंदबाजों के द्वारा सबसे तेज शुरुआत 2011 में केटीके की पारी के दौरान देखने को मिली थी। तब पहले चार विकेट 11 गेंदों में और पहले पांच विकेट 19 गेंदों में गिरे थे।

# आरसीबी की चौथी जीत, लखनऊ को उसके घर में 5 विकेट से हराया

**बेंगलुरु, जेएनएन।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल में बुधवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स को पांच विकेट से हराया। लखनऊ की टीम 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 146 रन ही बना सकी। इसके जवाब में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुर ने कोहली और रजत की दमदार पारियों की बदौलत 29 गेंद शेष रहते मैच अपने नाम किया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 15.1 ओवर में 5 विकेट खोकर 149 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए कोहली ने सर्वाधिक 49 रन बनाए। लखनऊ के लिए प्रिंस यादव ने तीन विकेट लिए। आरसीबी ने दूसरे ओवर में फिल सॉल्ट का विकेट गंवाया। इसके बाद देवदत्त पडिकल 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विराट कोहली ने 34 गेंद में 49 रन बनाए। रजत पाटीदार ने 13 गेंद में 27 और जितेश ने 9 गेंद में 23 रन का योगदान दिया। इससे पहले रसिख सलाम और भुवनेश्वर कुमार की तूफानी गेंदबाजी से आरसीबी ने लखनऊ को 146 रन पर समेट दिया। रसिख (24 रन पर चार विकेट) और भुवनेश्वर (27 रन पर तीन विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने सुपर जाइंट्स की टीम पारी की अंतिम गेंद पर ऑल आउट हो गई। क्रुणाल पंड्या ने भी 38 रन देकर दो विकेट हासिल किए। सुपर जाइंट्स की ओर से सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए, जबकि मुकुल चौधरी ने 39 और आयुष बडोनी ने 38 रन का योगदान दिया, लेकिन तीनों में से कोई भी अच्छी शुरुआत को बड़ी परी में नहीं बदल पाया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। मार्श और एडेन मार्क्रम (12) ने सतर्क शुरुआत की। मार्श ने भुवनेश्वर की गेंद को स्टेडियम के बाहर भेजा। मारक्रम ने भी रसिख का स्वागत छक्के के साथ किया लेकिन फिर इसी तेज गेंदबाज की फुलटॉस को कवर में देवदत्त पडिक्कल के हाथों में खेल गए। कप्तान रिषभ पंत अगले ओवर में रिटायर्ड हर्ट हो गए जब जोश हेजलवुड (20 रन पर एक विकेट) की गेंद उनके बाएं हाथ की कोहनी में लगी। सुपर जाइंट्स की टीम पावर प्ले में एक विकेट पर 35 रन ही बना सकी जो मौजूदा सत्र में टीम का शुरुआती छह ओवर में सबसे कम स्कोर है।




# कप्तान रहाणे समीक्षा के दायरे में, लेकिन केकेआर के पास विकल्प नहीं

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अजिंक्य रहाणे के लिए हालात काफी अच्छे नहीं चल रहे और उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है जिसे संभवतः कोई खिलाड़ी सुनना नहीं चाहता। ऐसे कई मौके आए हैं जब टीमों की आईपीएल में शुरुआत बेहद खराब रही है, लेकिन कोई भी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स जितनी बिखरी हुई और कोई भी कप्तान इतना बेखबर पहले कभी नहीं दिखा। इसके अलावा बल्लेबाजी का अंदाज भी आईपीएल की शुरुआत के समय जितना ही पुराना है। अभिषेक शर्मा और इशान किशन जैसे युवा खिलाड़ियों ने टी-20 में बल्लेबाजी का अंदाज पूरी तरह से बदल दिया है और अब वैभव सूर्यवंशी ने तो इसे एक बिल्कुल ही नए स्तर पर पहुंचा दिया है। आयुष म्हात्रे और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ियों को भी नहीं भूलना चाहिए। 37 साल की उम्र में रहाणे के लिए अब इस बदलते खेल के साथ कदम मिलाना या अपनी बल्लेबाजी के तरीके को बदलना नामुमकिन सा है, क्योंकि उनकी बल्लेबाजी का तरीका पिछले 20 वर्षों में बनी उनकी 'मसल मेमोरी' (शारीरिक आदत) पर आधारित है। अब इस बात पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं कि रहाणे इस टीम के कप्तान कैसे बने रह सकते हैं, जबकि एक बल्लेबाज के तौर पर भी उनकी जगह पक्की नहीं है। पांच मैच में रहाणे सिर्फ सात छक्के लगा पाए हैं, लेकिन इससे भी अधिक हैरानी की बात यह है कि उन्होंने सिर्फ आठ चौके जड़े हैं। एक शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी के लिए जो या तो पारी का आगाज करता है या फिर तीसरे नंबर पर आता है उसके लिए इस स्तर पर हर मैच में औसतन तीन बाउंड्री लगाना बहुत बड़ी नाकामी मानी जाएगी।



## जडेजा को गेंदबाजी देकर जोखिम नहीं चाहते थे: पराग

**हैदराबाद, जेएनएन।** हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान की हार के बाद कप्तान रियान पराग के फैसले ने बड़ा विवाद खड़ा कर दिया है। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में राजस्थान के कप्तान पराग ने स्टार ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा से एक भी ओवर गेंदबाजी नहीं करवाई, जिस पर अब सवाल उठ रहे हैं। मैच के बाद पराग ने खुद स्वीकार किया कि जडेजा को गेंदबाजी न देना एक मोमेंट का फैसला था। उन्होंने कहा कि बीच के ओवरों में इशान किशन शानदार लय में बल्लेबाजी कर रहे थे, इसलिए वे जोखिम नहीं लेना चाहते थे। पराग ने बताया कि उन्होंने उसी रणनीति पर टिके रहना बेहतर समझा और दूसरे गेंदबाजों, खासकर स्पिन विकल्प में बदलाव नहीं किया। हालांकि, पराग का यह फैसला टीम पर भारी पड़ गया।

# अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल नाडा की आरटीपी सूची में शामिल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य अभिषेक शर्मा और अक्षर पटेल को इस साल की दूसरी तिमाही के लिए राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के पंजीकृत परीक्षण पूल (आरटीपी) में शामिल किया गया है। आरटीपी में शामिल 348 खिलाड़ियों की नवीनतम सूची में अभिषेक और अक्षर ने स्मृति मंधाना और श्रेयस अय्यर की जगह ली है। इन सभी खिलाड़ियों को डोपिंग रोधी एजेंसी को अपने ठिकाने की जानकारी देनी होगी और प्रतिदिन एक निश्चित समय में परीक्षण के लिए उपलब्ध रहना होगा। अपने ठिकाने की जानकारी देने में तीन बार विफल रहना डोपिंग का उल्लंघन माना जाता है। टेस्ट और वनडे के कप्तान शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, हार्दिक पंड्या, रिषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल, अर्शदीप सिंह और तिलक वर्मा पहले की तरह इस सूची में बने रहेंगे। पिछले साल वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली भारतीय महिला क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा तथा शेफाली वर्मा और रेणुका सिंह ठाकुर इस सूची में बनी हुई हैं। कुल मिलाकर नाडा की इस सूची में 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। नाडा की इस सूची में सर्वाधिक खिलाड़ी एथलेटिक्स से जुड़े हुए हैं। पिछली बार इनकी संख्या 118 थी जो अब बढ़कर 134 हो गई है। इनमें स्टीपलचेज के एथलीट अविनाश साबले, बाधा दौड़ की धाविका ज्योति याराजी, डेकाथलॉन खिलाड़ी तेजस्विन शंकर और फर्राटा धावक अनिमेष कुजुर जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं।





# भारत के लिए सारे प्रारूप में खेलना वरदान है, चुनौती नहीं: वॉशिंगटन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के हरफनमौला वॉशिंगटन सुंदर का मानना है कि क्रिकेट का कैलेंडर अति व्यस्त होने के कारण हर प्रारूप में खेलने वाले खिलाड़ी अब बिरले होते हैं, लेकिन इस जमात का हिस्सा बनना खूबसूरत वरदान है, बड़ी चुनौती नहीं। भारत के लिए 2017 में पहली बार खेलने वाले सुंदर को करियर में कई बार चोटों का सामना करना पड़ा है। वह हालांकि पिछले 18 महीने से भारतीय टीम के नियमित सदस्य हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय क्रिकेट के लिए हर प्रारूप खेलना बड़ा वरदान है। हम सभी को पता है कि भारतीय टीम हमेशा किस तरह का क्रिकेट खेलती है। उन्होंने कहा कि तीनों प्रारूप में खेलने का सौभाग्य मुझे मिला और आगे भी मैं अपनी ओर से योगदान देकर भारत के लिए अधिक से अधिक मैच जीतना चाहूंगा। सुंदर ने टी-20 विश्व कप में कुछ ही मैच खेले, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अच्छा योगदान दिया है। आईपीएल में गुजरात टाइटंस के लिए खेल रहे सुंदर ने कहा कि उन्होंने पिछले कुछ समय में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है, जिससे उन्हें विभिन्न प्रारूपों में नियमित मौके मिलते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुझे बहुत ज्यादा चुनौतियां नहीं दिखती।



# केटी के गोल से न्यूजीलैंड सातवीं बार महिला विश्व कप के लिए क्वालिफाई

### पीएपापुआ न्यू गिनी को 1-0 से हराया

**जेएनएन, ऑकलैंड**

न्यूजीलैंड ने ओसियाना महासंघ क्वालिफाइंग सीरीज में बुधवार को पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को 1-0 से हराकर ब्राजील में अगले साल होने वाले महिला फुटबॉल विश्व कप के लिए क्वालिफाई किया। संडरलैंड की मिडफील्डर केटी किचिंग ने मैच का एकमात्र गोल 55वें मिनट में किया और न्यूजीलैंड को सातवीं बार महिला विश्व कप में जगह दिलाई। इस हार के बावजूद पीएनजी का अभियान खत्म नहीं हुआ है और टीम के पास नवंबर या दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय विंडो (अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों के लिए निर्धारित समय) के दौरान अंतर महाद्वीपीय प्लेऑफ के जरिए विश्व कप में जगह बनाने का मौका होगा। न्यूजीलैंड ने मैच के दौरान गोल करने के कई मौके गंवाए लेकिन अंततः टीम दूसरे हाफ में किचिंग के गोल की बदौलत जीत दर्ज करने में सफल रही।

# ओलंपिक्स: सिद्धांत और जस्टिना सोनवानी ने जीता स्वर्ण पदक

**भोपाल, खेप्र।** सिद्धांत कुशवाहा और जस्टिना सोनवानी 9वें इंजीनियर ओलंपिक्स में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में सोने का तगमा अपने नाम किया। एलएनसीटी में आयोजित प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर दौड़ में सिद्धांत और प्रिंस कुमार सिंह पहले और दूसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में रेणु ने दूसरा स्थान प्राप्त किया 200 मीटर में नागेश रायकवार और अनुराग मिश्रा क्रमशः पहले व दूसरे स्थान पर रहे। वहीं शॉटपुट में टीनू तिवारी ने स्वर्ण पदक जीता। जस्टिना ने रजत हासिल किया। पुरुष वर्ग में अभय शर्मा पहले और पद्मनाभ गौर दूसरे नंबर पर रहे। शतरंज में महिला वर्ग में यशस्वी चौकसे ने अंकिता कुमारी को हराया। पुरुष वर्ग में अनुज डंडोतिया ने दीपांशु असाती को शिकस्त दी।



### राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिये संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त

**सतना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा सतना जिले में 26 अप्रैल 2026 को जिला मुख्यालय सतना में कुल 8 परीक्षा केन्द्रों पर (ओएमआर) आधारित विधि से दो पालियों में प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु से.नि. आईएएस कृष्ण मोहन गौतम को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

### वीडियो कॉफ्रेंसिंग के जरिए परीक्षा तैयारियों की होगी समीक्षा

**सतना।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2026 के सुचारू संचालन को लेकर 26 अप्रैल 2026 को परीक्षा जिला मुख्यालय सतना में दो पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें पहली पाली प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा दूसरी पाली दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक संपन्न होगी। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने परीक्षा के सफल एवं व्यवस्थित संचालन के लिए 24 अप्रैल 2026 को शाम 4 बजे से 6 बजे तक एनआईसी सेंटर सतना में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आयोजित की गई है।

# हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी का परीक्षा परिणाम घोषित

**जिले से 6 विद्यार्थी हाई स्कूल तो 11 विद्यार्थियों ने प्रदेश की मैरिट में बनाई जगह**




जागरण, सतना

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बुधवार को घोषित किये गये हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम में सतना जिले के कई छात्र छात्राओ ने प्रदेश की मैरिट में जगह बनाई है। कक्षा 10वीं में 63.88 प्रतिशत छात्र.छात्राएं सफ्ल रहे। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 73.21 प्रतिशत दर्ज किया गया।

## ये विद्यार्थी रहे टॉप पर

हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में कुमारी अंजली तिवारी पिता जयप्रकाश तिवारी शा.हाई स्कूल रजरवार 493 अंक के साथ सातवां स्थान, कुमारी पलक यादव शा.कन्या.उच्च.मा.वि. उचेहरा 493 के साथ सातवें, प्रार्ची कुशवाहा व्यंकट क्रमांक 492 अंक के साथ 8वें, कौशिकी द्विवेदी संदिपनी विद्यालय बगहा 491 अंक के साथ 9वें, अनपुर्ण दुबे गारिजन गाईड स्कूल 491 के साथ 9वें और आनमिका सिंह शा.उ.मा.वि.गोलहटा 490 अंक के साथ 10वें स्थान पर रहें । जबकि हायर सेकेण्डरी के घोषित परीक्षा परिणाम में कला संकाय से कुमारी राधिका अग्रवाल , विंध्य पब्लिक उ.मा.वि् मझगवां 480 अंक के साथ 10वें सचिन अहिरवार संदीपनी विद्यालय नागौद 480 के साथ 10वें, विज्ञान गणित संकाय में डाली पुरवार सत्यनिकेतन उ.मा.्वि. नागौद 491 अंक के साथ दूसरे, मनेन्द्र केवट शा.उ.मा.वि. रामपुर 490 अंक के साथ तीसरे, रेसू मिश्रा सरस्वती कृष्णनगर 489 अंक के साथ चौथे, श्री जल पाण्डेय सरस्वती विद्यालय केशव नगर 486 अंक के साथ 7वें अमन गुप्ता व्यंकट क्रमांक एक 484 अंक के साथ 9वें, श्रेया अग्रवाल सत्यनिकेतन विद्यालय नागौद, 483 अंक के साथ 10 वें, नमन सिंह व्यंकट क्रमांक एक विद्यालय 483 अंक के साथ 10वें, वाणिज्य समूह में सिमरन छावडिया स्कालर्स होम 485 अंक साथ 6वें, नंदनी गर्ग सुरेन्द्र पाल ग्रामोदय वि चित्रकूट 485 अंक के साथ 6वें स्थान पर रही।

### प्रावीण्य सूची में शामिल विद्यार्थियों को सतना कलेक्टर ने दी बधाई



हायर सेकेंडरी परीक्षा में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सतना जिले के छात्र-छात्राओं को कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस उपलब्धि को विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का उत्कृष्ट परिणाम बताया। कलेक्टर ने सफ्ल विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को भी इस सफ्लता के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये विद्यार्थी आगे भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। परीक्षा में असफ्ल रहे छात्र-छात्राओं को संदेश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि असफ्लता से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए कई अवसर और मुकाम आते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे मेहनत और साहस के साथ आगे बढ़ें, क्योंकि एक बेहतर अवसर और मंजिल उनका इंतजार कर रही है।

## पैक्स सदस्यता महा अभियान 2026 का आयोजन

**जागरण, सतना।** मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार पैक्स सदस्यता महा अभियान वर्ष 2026 का शुभारंभ बी-पैक्स भुमकहर में हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह अभियान 14 अप्रैल से 15 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। कार्यक्रम में अपेक्स बैंक रीवा के शाखा प्रबंधक विनीत दुबे, उपायुक्त सहकारिता एवं सहकारी समितियां सतना प्रभाकरण प्रकाश भी उपस्थित रहे। डॉ. बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के अवसर पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर अभियान का शुभारंभ किया गया। अधिकारियों ने अभियान के दौरान अधिक से अधिक किसानों को जोड़ने पर जोर देते हुए सदस्यता के लाभों की जानकारी दी। विशेष रूप से किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण एवं किसान क्रेडिट कार्ड का लाभ दिलाने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे लघु, सीमांत एवं कमजोर वर्ग के कृषकों तथा महिलाओं को सीधा लाभ मिल सके। आयोजन में कुल 55 किसानों को समिति की सदस्यता प्रदान की गई। अधिकारियों ने शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए प्रतिबद्धता भी जताई।

## 2-2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता

**सतना।** हिट एण्ड रन मोटरयान दुर्घटना पीडित प्रतिकर योजना 2022 के अनुसार अज्ञात वाहन से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर 50 हजार रूपये तथा मृत्यु होने पर 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा रघुराजनगर तहसील अंतर्गत वार्ड नं. 10 गढी टोला कोठी निवासी बेबी चौधरी के पुत्र, उचेहरा तहसील अंतर्गत डिग्रौरा गोबराव कला बिहटा निवासी सुशीला कोल के पुत्र, नागौद तहसीलदार अंतर्गत चोरबरी 18 सिंहपुर निवासी मुन्नी चौधरी के पति तथा रघुराजनगर तहसील अंतर्गत कोटर, बिरसिंहपुर निवासी रामबक्स प्रजापति के पिता की अज्ञात वाहन से सडक दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2-2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

# रिटायर्ड डीएसपी से अभद्रता का मामला निष्पक्ष एजेंसी या सीआईडी से कराई जाये जांच



## पुलिस महानिदेशक के नाम एएसपी को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सतना।** विगत दिनो पन्ना जिले की मडला पुलिस द्वारा रिटायर्ड डीएसपी भारत सिंह चौहान और उनकी पत्नी के साथ अभद्रता किये जाने को लेकर बुधवार को सतना में पुलिस महानिदेशक भोपाल के नाम एएसपी डॉ शिवेश सिंह को ज्ञापन सौपा गया है। रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों ने एक जुट होकर पन्ना पुलिस द्वारा एक सेवा निवृत्त डीएसपी भारत सिंह चौहान और उनकी पत्नी श्रीमती जयश्री चौहान के साथ न सिर्फ अभद्रता की गई बल्कि उनके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर ली गई। सतना के पूर्व सीएसपी विजय प्रताप सिंह की अगुवाई में सौप गये ज्ञापन में बताया गया है कि भारत सिंह चौहान 7 अप्रैल को अपनी पत्नी के साथ कार द्वारा मैहर से ग्वालियर जा रहे थे तभी मडला पुलिस ने उन्हे रोक लिया। ज्ञापन में बताया गया है कि अपने कार्यकाल के दौरान श्री चौहान एक काबिल और सुलझे हुये पुलिस अधिकारी रहे है। सौपे गये ज्ञापन में सभी सेवा निवृत्त पुलिस अधिकारी बेहद आहत और दुखी महसूस कर रहे है। मांग करते हुये कहा गया है कि श्री चौहान और उनकी पत्नी के विरूद्ध पंजीबद्ध अपराध ही विवेचना किसी निश्पक्ष एजेंसी अथवा सीआईडी से कराई जाये। साथ ही भारत सिंह चौहान और उनकी पत्नी के साथ दुर्व्यौहार करने वाले पुलिस कर्मचारियों और अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

## नारी शक्ति वंदन पदयात्रा आज

**सतना।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में नारी शक्ति की भूमिका को रेखांकित करने के उद्देश्य से 16 अप्रैल 2026 को सतना जिले में नारी शक्ति वंदन पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह पदयात्रा प्रातः 10.30 बजे इंदिरा कॉलेज से प्रारंभ होकर कलेक्ट्रेट सतना तक जाएगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों के सदस्य भी शामिल होंगे। पदयात्रा के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक महिलाओं एवं नागरिकों से इस पदयात्रा में सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है।






# लंबित राजस्व प्रकरणों की नियमित सुनवाई करके निराकरण कराएं : कमिश्नर

**स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए विशेष प्रयास करें : कमिश्नर**

**जागरण सतना।** कमिश्नर बीएस जामोद ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से शासन की प्रमुख योजनाओं तथा कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि सभी कलेक्टर तथा अन्य राजस्व अधिकारी लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दें। नियमित सुनवाई करके प्रकरणों का निराकरण कराएं। बंटवारा, सीमांकन तथा नामांतरण के प्रकरण तय समय सीमा में निराकृत करें। सभी जिलों में 15 अप्रैल से समर्थन मूल्य पर गेंहू का उपार्जन शुरू हो गया है। सभी खरीदी केन्द्रों में उपार्जन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराएं। राजस्व अधिकारी खरीदी केन्द्रों एवं उचित मूल्य दुकानों का नियमित रूप से निरीक्षण करें। उपार्जन के लिए किसानों द्वारा दर्ज रकबे का बारीकी से सत्यापन कराएं। कमिश्नर ने कहा कि कलेक्टर्स शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं पर विशेष ध्यान दें। स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने तथा संभाग के सभी जिलों के स्वास्थ्य सूचकांक में सुधार के लिए विशेष प्रयास करें। स्वास्थ्य विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी जिला, विकासखण्ड और ग्राम स्तर पर समन्वित प्रयास करके गर्भवती महिलाओं के पंजीयन, नियमित स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण तथा कुपोषण पर नियंत्रण के प्रयासों को कारगर बनाएं। पोषण पुनर्वास केन्द्रों में उपलब्ध बेडों में शत-प्रतिशत बच्चों की भर्ती रहे। गर्भवती महिलाओं के समय पर पंजीयन, नियमित जाँच तथा एनिमिक गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य रक्षा के लिए उचित प्रबंध करें। हमारे प्रयासों से स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े ही नहीं बेहतर होंगे, कई पीड़ितों के जीवन की भी रक्षा होगी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी अपने मूल कार्य पर ध्यान दें। मैदानी अमले को सक्रिय करके आमजनों को उपचार सेवाएं उपलब्ध कराएं। लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। कमिश्नर ने परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग चित्रकूट परियोजना तथा पर्यवेक्षक के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

## कोटर थाना क्षेत्र के अबेर में चोरों ने चोरी और मारपीट की घटना को दिया अंजाम



**जागरण, सतना।** जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत अबेर में बुधवार की सुबह चार बजे करीबन चोर ने सुमित्रा विश्वकर्मा निवासी ग्राम पंचायत अबेर के आंगन में स्थित समर्शिवल पंप की केबल तार काट रहा था तभी आहट सुनकर फरियादी की सासू मां ने देख लिया तो हल्ला गुहार लगाई तो चोर केबल तार काट कर भाग गया। 112 पुलिस डायल को फोन किया। सुबह चोर की शिनाख्त गाँव का ही साहिल आदिवासी पिता गेंदराज आदिवासी के रुप में होने पर फरियादी के घर वालों ने बात को पड़ोसियों को बताया तो उपरोक्त चोर साहिल आदिवासी भड़क उठा और अपने परिवार के लोगों गेंदराज आदिवासी, देवभान आदिवासी, पूजा आदिवासी सुबह 10 बजे लाठी और पत्थर लेकर मेरे घर में आकर मां बहन बेटी की भद्दी भद्दी गालियां देने लगे मेरे द्वारा मना करने पर मारपीट करने लगे जिसमें मेरे बाएँ पैर की जांघ व ऊंगली में अंदरूनी चोट व सूजन है,मेरे पति राजकुमार विश्वकर्मा दवारा जब बीच बचाव किए तो उन्हें पत्थर से मारा है। जिससे मेरे पति के दाएँ पैर के घुटने के बगल में अन्दरुकी चोंट है सुजन है। रिपोर्ट करनी है। त्वरित कानूनी कार्रवाही करते हुए उपयोक्त अनावेदकों से अपनी व अपने परिवार की रक्षा करने के लिए पुलिस प्रशासन से गुहार लगाई है। कोटर पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर कार्यवाही करने का अश्वाशन दिया है।




















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com